* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

23 जून, 2023
आषाढ़, शुक्ल पक्ष, पंचमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शुक्रवार, वर्ष 08, अंक 243

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

भारत में ही बनेंगे हमारे लड़ाकू विमानों के इंजन जीइ और एचएएल के बीच समझौता हुआ



## तोहफा: मुख्यमंत्री ने 2550 युवाओं को दिया नियुक्ति पत्र

# नयी पीढ़ी को रोजगार देना प्राथमिकता : हेमंत सोरेन

### इन्हें मिला नियुक्ति पत्र

- पंचायती राज विभाग में 1633 पंचायत सचिव।
- राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग में 707 लिपिक।
- वित्त विभाग में 166, खाद्य आपूर्ति विभाग में 44 लिपिक।

- हर वर्ष पांच आदर्श पंचायत के पंचायत सचिवों को पूरे परिवार के साथ विदेश दौरा कराने की मुख्यमंत्री ने की घोषणा



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को राज्य के 2550 युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त युवाओं से कहा कि सरकार के अंग के रूप में आपके जुड़ने से व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। विकास योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और सरकारी कार्यों में तेजी के साथ गुणवत्ता तथा प्रभावशीलता बढ़ेगी। इस मौके पर उन्होंने हर वर्ष चयनित होने वाले पांच आदर्श पंचायत के पंचायत सचिवों को पूरे परिवार के साथ विदेश दौरा कराने की घोषणा की।

**पंचायत राज्य और देश में मिसाल बने :** नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का आयोजन रांची के मोरहाबादी मैदान में किया गया था। मुख्यमंत्री ने पंचायत सचिवों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि आप अपने पंचायत के सिर्फ पंचायत सचिव ही नहीं, बल्कि उसके बीडीओ-सीओ-डीसी-एसपी सब कुछ हैं। आप ऐसा कार्य करें कि आपकी पंचायत पूरे राज्य और देश के लिए मिसाल बन सके।

**कामकाज में आपका सहयोग बेहद अहम :** हेमंत सोरेन ने कहा कि आपकी नियुक्ति सरकार को ऊर्जा देती है। ऐसे में सरकार जिस मकसद के साथ कार्य करना चाहती है, उसमें आपका सहयोग बेहद जरूरी है। आपको जो जिम्मेदारी दी जा रही है, उसे पूरी ईमानदारी के साथ निभायें।

**तमाम चुनौतियों के बाद भी रोजगार देने प्रयास :** मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान हालात और अनेकों चुनौतियों के बाद भी रोजगार देना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी कड़ी में बड़े पैमाने पर सरकारी विभागों में नियुक्तियां हो रही हैं, तो निजी क्षेत्र में भी हजारों युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके अलावा मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के माध्यम से व्यवसाय करने के इच्छुक युवाओं को सरकार के द्वारा अनुदान आधारित ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। हर व्यक्ति आगे बढ़े, यही हमारा संकल्प है। युवाओं को रोजगार देने के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है। अब तक हजारों युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया जा चुका है।

**नियुक्तियों का सिलसिला जारी रहेगा :** मुख्यमंत्री ने कहा कि नियुक्तियों का जो सिलसिला शुरू हुआ है, वह लगातार जारी रहेगा। आनेवाले दिनों में बड़े पैमाने पर शिक्षक, पुलिस और सरकारी विभागों में खाली पड़े अन्य पदों पर नियुक्तियां होंगी। इस सिलसिले में विभिन्न आयोगों द्वारा प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है।

**हर व्यक्ति को सामाजिक सुरक्षा देने का हो रहा प्रयास :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड देश का ऐसा राज्य है, जहां की सरकार हर व्यक्ति को सामाजिक सुरक्षा देने का काम कर रही है। सरकारी कर्मियों की पुरानी पेंशन योजना को लागू करने का ऐतिहासिक काम किया है। वहीं सर्वजन पेंशन योजना शुरू किया गया।

### पंचायतों को बेहतर से बेहतर बनाने का लें संकल्प : आलमगीर

ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि ग्रामीण विकास सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। ऐसे में पंचायतों के सशक्तिकरण से गांव की सरकार मजबूत बनेगी। इसमे पंचायत सचिवों की अहम जिम्मेदारी होगी । पंचायत के चुने हुए प्रतिनिधियों को सहयोग करने के लिए आपको नियुक्त किया जा रहा है। ऐसे में पंचायतों को बेहतर से बेहतर बनाने का संकल्प लें। इसके अलावा पंचायतों के आधुनिकीकरण की दिशा में भी सरकार आगे बढ़ रही है ।

### गांव की सरकार को मजबूत बनाने पर विशेष जोर: रामेश्वर

वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि हमारी सरकार जनता की आकांक्षाओं और उम्मीदों को पूरा कर रही है। सरकार की योजनाओं का लाभ लोगों को मिले, इसके लिए हम सभी को मिलजुल कर काम करना होगा। उन्होंने नवनियुक्त पंचायत सचिवों को कहा कि आपकी यह जिम्मेदारी सरकार और जनता के साथ परिवार के प्रति भी है। ऐसे में कार्यों को बेहतर तरीके से करें, ताकि गांव की सरकार को मजबूती मिले।

### आपको जो जिम्मेदारी मिली है उसे निष्ठापूर्वक निभायें: भोक्ता

श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक है, क्योंकि इतने बड़े पैमाने पर युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गांव के विकास में पंचायत सचिवों की अहम भूमिका है। आप अपने कार्यों से पंचायतों की तस्वीर बदल सकते हैं। ऐसे में सीएम द्वारा आपको जो जिम्मेदारी की जा रही है, उसे निष्ठापूर्वक निभायें।

USHA MARTIN UNIVERSITY
Inclusion, Innovation & Ethics
ISO 9001 : 2015 Certified | Recognized by University Grants Commission (UGC)
Member of Association of Indian Universities (AIU)
Approved by: PCI | BCI | JNC | AICTE
JOIN FOR ENDLESS OPPORTUNITIES WITH QUALITY EDUCATION
Upto ₹3 CRORES Worth Scholarships for Meritorious & Deserving Students | EXCELLENT Internships & Placement Opportunities | World Class SPORTS FACILITIES
ADMISSION OPEN 2023-24
- BBA | MBA
- B.COM (Hons.) | Taxation
- BCA | MCA
- B.Tech (Mechanical, Mining, Computer Science, Civil)
- B.Tech (Lateral Entry)
- M.Tech (Mechanical, Mining, Computer Science, Civil)
- Diploma in Engineering (Mining, Civil, Electrical & Electronics, Computer Science, Mechanical) ( Approved by: AICTE )
- BA (English) Hons.
- MA (Education) | MA (English)
- B.Sc Agriculture (Hons.)
- M.Sc Agriculture
- D.Pharm | B.Pharm
- B.Sc Forensic Science
- Bachelor in Physiotherapy (BPT)
- B.Sc & Diploma in Medical Lab Technology (MLT)
- B.Sc Radiography and imaging technology
- B.Sc Operation Theatre Technology (OT)
- B.Sc (Nursing) | GNM
- B.B.A. LL.B (Integrated) | LL.M
- Bachelor in Journalism & Mass Communication (BJMC)
NEWLY LAUNCHED PROGRAMMES (In Collaboration with IBM and TCS)
• B. TECH CSE : DATA SCIENCE /AI & ML / CYBER SECURITY
• BBA/MBA : BUSINESS INTELLIGENCE & DATA ANALYTICS, BANKING & FINANCE
• BCA/MCA : BLOCK CHAIN
Our Placement Associates
BYJU'S VIVANTA vivo wipro FEDERAL BANK SHRIRAM AXIS BANK Reliance SBI Card BAJAJ
Campus: At Village Narayansoso, Near Angara Block Office, Ranchi-Purulia Highway, Ranchi
Contact: Ranchi : +91 8055 200 400 • Patna: +91 9952 923 636
E-mail: admission@umu.ac.in • Website: www.umu.ac.in

VANANCHAL EDUCATIONAL & WELFARE TRUST
FARATHIYA, GARHWA, JHARKHAND, 822114
Under Run & Managed by VEWT
BABU DINESH SINGH UNIVERSITY

NAAC ACCREDIATED
VANANCHAL DENTAL COLLEGE & HOSPITAL
B.D.S, M.D.S

NAAC ACCREDIATED
DEVKI MAHAVEER HOMOEOPATHIC MEDICAL COLLEGE & RESEARCH HOSPITAL
B.H.M.S, MD in • MATERIA MEDICA • ORGANON OF MEDICINE • REPERTORY
HOMEOPATHY PHARMACY • PEDIATRIC • PSYCHIATRIC • PRACTICE OF MEDICINE
• B.Sc & M.Sc Medical in Pathology • Biochemistry • Anatomy • Physiology • Microbiology & M.Sc MLT

NAAC ACCREDIATED
VANANCHAL COLLEGE OF SCIENCE
B.Sc.MLT

NAAC ACCREDIATED
DINESH COLLEGE OF EDUCATION
B.Ed, D.El.Ed.

VANANCHAL INSTITUTE OF HEALTH EDUCATION & RESEARCH
PARAMEDICAL COURSES

VANANCHAL COLLEGE OF NURSING
B.Sc. NURSING

VANANCHAL SCHOOL OF NURSING
ANM, GNM







UP COMMING COURSES UNDER BABU DINESH SINGH UNIVERSITY
M.B.B.S | B.Pharma | D.Pharma | M.C.A | M.B.A
B.B.A | B.C.A | B.Sc IT | B.A.M.S | Diploma Eng.
L.L.B | B.Libs | M.Llb | B.Sc. Agriculture | I.T.I
E-mail: vewt_garhwa@rediffmail.com Website: www.vananchaltrust.org
Mob: 9661462506, 6206297213, 8789554090

FEATURES OF THE VANANCHAL GROUP OF INSTITUTIONS RUN & MANAGED BY VEWT
Located on NH-75, 5KM of Garhwa, Green campus spread over more than 100 acres, High speed Wi-Fi enabled, State of art campus, Experienced Faculty. Smart Class Rooms. Live Research based projects, Workshops & guest Lecturers, / Rich Library, Modern Laboratories. / Transport Facilities. Holistic educational procedures, Sports & Extra Curriculum activities. Excellent Hostel Facilities In Campus, Refreshment Facilities, SBI Bank & Post Office facilities available in campus, 24X7 Securities In campus including hostels.

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
188100 Subscribers
YouTube Channel
Subscribe NOW
No. 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 55,200 रु./10 ग्राम
चांदी 70,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 23 जून, 2023
www.azadsipahi.in


# आज होगी नीतीश कुमार की अग्निपरीक्षा

## बड़ा सवाल: क्या पटना में विपक्षी नेताओं के जुटान से खुलेगा विपक्षी एकजुटता का रास्ता

## बैठक से पहले ही दिखने लगा सभी दलों का अपना-अपना स्वार्थ, लगायी शर्तें

बिहार की राजधानी पटना में शुक्रवार को होनेवाली विपक्षी बैठक देश की सियासत का रुख बदल देगी, ऐसा विपक्ष के लोगों का दावा है। इस बैठक पर सबकी नजरें टिकी हुई हैं। बैठक में कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी की भूमिका में रहेगी, जिस पर इस बात का दबाव रहेगा कि वह क्षेत्रीय पार्टियों को लेकर क्या रुख दिखाती है। देश के कुछ प्रमुख राजनीतिक दलों ने जिस तरह से बैठक के पहले कांग्रेस को लेकर बयान दिया है, उससे कांग्रेस के लिए बैठक में सब कुछ सहज नहीं रहनेवाला है। यह बैठक कांग्रेस के अलावा नीतीश कुमार के लिए अग्निपरीक्षा साबित होगी, क्योंकि वह इसके आयोजक हैं। यदि क्षेत्रीय पार्टियां इस बात पर अड़ी रहीं कि वे जहां मजबूत हैं, वहां कांग्रेस ज्यादा हाथ पैर ना मारे, तो कांग्रेस की मुश्किल बढ़ जायेगी और इसका सीधा असर बैठक के फलाफल पर पड़ेगा। ऐसे में आयोजक होने के नाते बैठक में सबसे बड़ी भूमिका नीतीश कुमार की रहनेवाली है। कांग्रेस और क्षेत्रीय पार्टियों के बीच तालमेल बिठाने में उनकी अहम भूमिका रहनेवाली है। नीतीश कुमार को भी पता है कि इतने बड़े नेताओं को दोबारा एक साथ बैठाना और वह भी पटना में आसान नहीं होगा। ऐसे में अगर इस बैठक में कुछ बात नहीं बनी, तो आगे का रास्ता बेहद कठिन हो जायेगा। नीतीश कुमार भी इस बात से भली-भांति वाकिफ हैं कि इस बैठक से बहुत अधिक सकारात्मक परिणाम की उम्मीद नहीं की जा सकती है, फिर भी वह अपनी पहल की सफलता को लेकर उत्साहित तो हैं ही। वैसे मायावती ने भी इस बैठक को लेकर तंज कसा है, ट्वीट कर लिखा है दिल मिले न मिले हाथ मिलाते रहिए, मुंह में राम बगल में छुरी आखिर कब तक चलेगा। क्या हो सकता है पटना की इस बैठक में, बता रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

**आजाद सिपाही विशेष**


राकेश सिंह

ऐसा देश में पहली बार हो रहा है कि केंद्र सरकार के खिलाफ अलग-अलग मोर्चे पर लड़ रही पार्टियां एक जगह जुट रही हैं। बिहार इस ऐतिहासिक मौके का गवाह बन रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार को उखाड़ फेंकने का सामूहिक निर्णय लेने के लिए 23 जून को पटना में यह बैठक हो रही है। पहले यह बैठक 12 जून को होनेवाली थी, लेकिन कांग्रेस के कदम पीछे खींच लेने के कारण मामला फंस गया था। अब शुक्रवार को बैठक में भी कांग्रेस के साथ किसी का गतिरोध नहीं हो, इसके लिए एजेंडा तैयार हो गया है। बैठक में उसी रोडमैप पर बात होगी। ऐसी बात कि गतिरोध लोकसभा चुनाव 2024 तक टल जाये। यह बैठक बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राजनीतिक वजूद के लिए भी बेहद अहम है, क्योंकि इस आयोजन के शिल्पकार वही हैं।

जदयू की तरफ से पटना में हो रही बैठक का एजेंडा साफ कर दिया गया है। जदयू की मानें, तो भाजपा इस बैठक से डरी हुई है। उसे तनिक भी उम्मीद नहीं थी कि विपक्षी दल इस तरह से एकजुट होंगे। इस एकजुटता के डर के कारण ही भाजपा वाले यह सवाल बार-बार ला रहे हैं कि प्रधानमंत्री का चेहरा कौन होगा। कहा गया है कि बैठक का पहला एजेंडा यही है कि भाजपा का सामना करने के लिए किसी भी तरह एकजुट होना है। इसमें कोई संशय नहीं है। इसलिए प्रधानमंत्री के चेहरे को लेकर इस बैठक में कोई निर्णय नहीं होगा। एकजुटता प्राथमिक एजेंडा होगा। सभी नेता आ रहे हैं, इससे यह संदेश जायेगा कि विपक्षी दल साथ-साथ हैं और एजेंडे की सफलता यही है। पीएम के चेहरे पर आगे निर्णय लिया जायेगा, इस बैठक में नहीं। जो भी चेहरा होगा, नरेंद्र मोदी से बेहतर होगा।

### क्षेत्रीय गतिरोध तोड़ने के लिए निकाला फॉर्मूला

बैठक के पहले ही बिहार आ रहे नेताओं से स्पष्ट बात की गयी है कि क्षेत्रीय गतिरोध के मुद्दे इस बैठक के एजेंडे में नहीं हों। भाजपा को दोबारा सत्ता में आने से रोकना सभी के लिए जरूरी है। ऐसे में एक-दूसरे के खिलाफ अपने राज्यों में लड़ने वाले दल अगर भाजपा के खिलाफ एकजुट होना चाहते हैं, तो उन्हें बड़े उद्देश्य के लिए छोटे मुद्दों को किनारे रख कर चलना होगा।



### यह है विपक्ष की कमजोर कड़ी

बैठक में वे दल भी शामिल होंगे, जिन्होंने पहले कांग्रेस को लेकर आपत्तियां जतायी थीं। यही विपक्ष का कमजोर बिंदु है। इसके अलावा जिस तरह बैठक की तारीख को 12 जून से बदल कर 23 जून किया गया, उस पर भी सवाल उठ रहे हैं।

लेकिन तब से गंगा में बहुत पानी बह चुका है। कांग्रेस अब वह ताकत नहीं रही, जो पहले हुआ करती थी। और वही पार्टियां, जो इसके खिलाफ तब एकजुट हुई थीं, आज 2024 में भाजपा के खिलाफ बड़ी लड़ाई लड़ने की तैयारी के लिए इससे जुड़ना चाह रही हैं। कांग्रेस के खिलाफ तमाम आपत्तियों के बावजूद कई क्षेत्रीय दल मानते हैं कि कांग्रेस के बिना भाजपा के खिलाफ विपक्षी एकता पूरी नहीं होती है।

पटना की यह बैठक इसलिए महत्वपूर्ण नहीं है कि इसमें 21 विपक्षी पार्टियां शामिल हो रही हैं। ऐसा अतीत में भी हुआ है, बल्कि इसलिए महत्वपूर्ण है कि इस बार इसमें वे लोग भी शामिल होंगे, जिन्होंने पहले कांग्रेस को लेकर आपत्तियां जतायी थीं, हालांकि सभी मतभेदों को सुलझाया नहीं जा सका है। गैर-भाजपा दलों को 2019 में 62 फीसदी वोट मिले थे। विपक्षी नेताओं को मालूम है कि 2024 में जहां तक संभव हो, अधिक से अधिक लोकसभा क्षेत्रों में भाजपा के खिलाफ विपक्ष का एक संयुक्त प्रत्याशी खड़ा किया जाये। यही उनका मंत्र, कार्यक्रम और एजेंडा होना चाहिए। वास्तव में और कुछ मायने नहीं रखता। लेकिन अच्छे इरादों के बावजूद ऐसा कहना आसान है, करना मुश्किल। अगर पार्टियों में मतभेद होता है, तब तो यह और भी मुश्किल है। स्पष्ट रूप से, विपक्ष को भाजपा द्वारा अपनायी जा रही रणनीति से अलग रणनीति अपनानी होगी, जो उसे बड़ी जीत दिलायेगी। जाहिर है, विपक्षी दलों को फूंक-फूंक कर कदम रखना होगा। मसलन, भाजपा के पास मोदी के रूप में एक शक्तिशाली और लोकप्रिय नेता है। विपक्ष के पास ऐसा कोई चेहरा नहीं है, जो मोदी को टक्कर दे सके और अधिकांश दलों को स्वीकार्य हो। यही विपक्ष का कमजोर बिंदु है। हालांकि राहुल गांधी ने अपनी भारत जोड़ो यात्रा से काफी लोकप्रियता हासिल की है, पर कई क्षेत्रीय दलों को वह स्वीकार्य नहीं होंगे। इसलिए विपक्ष को अपनी कमजोरियों को उजागर करने के बजाय अपनी ताकत का इस्तेमाल करना होगा। यदि उन्हें सरकार बनाने लायक सीटें मिलती हैं, तो चुनाव के बाद नेता चुना जा सकता है। चुनावों के दौरान लोगों की आर्थिक कठिनाइयों को मुद्दा बनाने से फर्क पड़ सकता है, हालांकि भाजपा के पास भी कई चालें होंगी। इसके अलावा यह बैठक भविष्य में नीतीश कुमार के राजनीतिक वजूद का भी फैसला करेगी। यह उनके राजनीतिक कौशल पर निर्भर करता है कि कांग्रेस के बारे में ममता बनर्जी, एमके स्टालिन और अरविंद केजरीवाल की आपत्तियों को 2024 तक टालने में वह कितने सफल होते हैं। इतना ही नहीं, के चंद्रशेखर राव की बीआरएस, अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी और बिहार की सत्ता में अपने सहयोगी राजद की मोल-भाव की राजनीतिक ताकत को नीतीश कुमार कितना हद तक झेल पाते हैं, यह भी देखनेवाली बात होगी।

### दिल मिले न मिले हाथ मिलाते रहिए: मायावती

इसको लेकर बसपा सुप्रीमो मायावती ने एक के बाद कई ट्वीट किये हैं। मायावती ने ट्वीट के जरिये कहा कि महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी, पिछड़ापन, अशिक्षा, जातीय द्वेष, धार्मिक उन्माद और हिंसा से ग्रस्त देश में बहुजन के त्रस्त हालात से स्पष्ट है कि बाबा साहेब के मानवतावादी समतामूलक संविधान को सही से लागू करने की क्षमता कांग्रेस, बीजेपी जैसी पार्टियों के पास नहीं है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अब लोकसभा चुनाव के पहले जिन मुद्दों को मिला कर विपक्षी पार्टियां उठा रही हैं, ऐसे में नीतीश कुमार द्वारा 23 जून की विपक्षी नेताओं की पटना बैठक 'दिल मिले न मिले हाथ मिलाते रहिए' की कहावत को ज्यादा चरितार्थ करती है। वहीं मायावती ने अपने अगले ट्वीट में लिखा कि वैसे अगले लोकसभा चुनाव की तैयारी को ध्यान में रख कर इस प्रकार के प्रयास से पहले अगर ये पार्टियां जनता में उनके प्रति आम विश्वास जगाने की गरज से, अपने गिरेबान में झांक कर अपनी नीयत को थोड़ा पाक-साफ कर लेती तो बेहतर होता। मुंह में राम बगल में छुरी आखिर कब तक चलेगा। उन्होंने आगे लिखा कि यूपी में लोकसभा की 80 सीट चुनावी सफलता की कुंजी कहलाती है, किंतु विपक्षी पार्टियों के रवैये से ऐसा नहीं लगता है कि वे यहां अपने उद्देश्य के प्रति गंभीर और सही मायने में चिंतित हैं। मायावती ने अपने ट्वीट के माध्यम से पूछा कि बिना सही प्राथमिकताओं के साथ यहां लोकसभा चुनाव की तैयारी क्या वाकई जरूरी बदलाव ला पायेगी।

कुल मिला कर अंततः सब कुछ इस पर निर्भर करेगा कि विपक्षी पार्टियां आमने-सामने की लड़ाई को कितनी गंभीरता से लेती हैं। इसके लिए एक-एक निर्वाचन क्षेत्र में कठिन परिश्रम की आवश्यकता होगी। इन प्रयासों को शरद पवार जैसे वरिष्ठ नेताओं के समर्थन की जरूरत होगी, जो अवश्यंभावी गड़बड़ियों को दूर कर सकते हैं। निस्संदेह पटना सम्मेलन में विपक्षी एकता की बेहतरीन तस्वीर सामने आयेगी, लेकिन असली सवाल यह है कि वहां इकट्ठा होने वाले विपक्षी नेता किस हद तक ऐसा तंत्र बनाने में सक्षम होंगे, जो जमीनी स्तर पर एकता को प्रदर्शित करे। अब तक तो ऐसी उम्मीद दिख नहीं रही है।

---

# जरियागढ़ में धूमधाम से संपन्न हुई रथ यात्रा

### बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र के साथ भगवान जगन्नाथ मौसीबाड़ी गये

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**कर्रा।** जरियागढ़ में पारंपरिक तरीके से रथ यात्रा संपन्न हो गयी। बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र के साथ भगवान जगन्नाथ अपनी मौसी के घर गये। पुजारियों के द्वारा प्रतिमाओं की पूजा कर रथ में रखा गया। रंथारूढ़ भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और भाई बलराम को नगर भ्रमण कराते हुए, उन्हें मौसीबाड़ी पहुंचाया गया। जरियागढ़ में कंसारी परिवार के लोग अपनी बस्ती से रथ लेकर गढ़ आये। ठाकुर जयेंद्र नाथ शाहदेव की आगवानी में महाप्रभु की जयकार करते हुए घंटा-ढोल-मृदंग के साथ महाप्रभु जगन्नाथ के रथ को मदन मोहन गुड़ी ले गये।

**ठाकुर जयेंद्र ने खींचा रथ :** ठाकुर जयेंद्र नाथ शाहदेव ने विधि-विधान से पूजा की। उन्होंने महाप्रमभु को रथ में विराजमान कराया। इसके बाद ठाकुर जयेंद्र ने रथ की रस्सी को खींचा। ठाकुर जयेंद्र द्वारा रथ की रस्सी खींचते ही पूरा इलाका जय जगन्नाथ स्वामी की गूंज से गुंजायमान हो गया। फूल और पके कटहल का कोवा रथ से प्रसाद के रूप में लोगों के बीच बांचा गया। गढ़ से रथ रवाना होकर मौसीबाड़ी पहुंचा।

**नौ दिन बाद भगवान लौटेंगे :** भगवान जगन्नाथ बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र के साथ नौ दिनों तक मौसीबाड़ी में रहेंगे। इसके बाद शुक्ल पक्ष एकादशी को पुनः अपने घर में महाप्रभु विराजमान हो जायेंगे। गौरतलब है कि कार्तिक शुक्ल पक्ष जो देवउठनी एकादशी के दिन से सभी मांगलिक कार्य प्रारंभ किया जाता है। इस दिन से हिंदू धर्मावलंबियों के मांगलिक कार्य फिर से बंद हो जाते हैं।

**वर्षों से चली आ रही परंपरा :** जरियागढ़ में यह रथ यात्रा वर्षों से परंपारगत तरीके से चलती आ रही है। रथ यात्रा कुंवर हरीनाथ शाहदेव जी के बाद, ठाकुर इंद्र नाथ शाहदेव, ठाकुर नगेंद्र नाथ शाहदेव, ठाकुर देवेंद्र नाथ शाहदेव, ठाकुर महेंद्र नाथ शाहदेव, ठाकुर ब्रजेंद्र नाथ शाहदेव, ठाकुर शिवेंद्र नाथ शाहदेव के बाद वर्तमान ठाकुर जयेंद्र नाथ शाहदेव के द्वारा पुर्वजों द्वारा स्थापित पूजा व्यवस्था को हर वर्ष पूर्ण आत्मीयता के साथ निभाया जाता है। इसमें ग्रामवासी भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते हैं।

**मौके पर थे मौजूद :** जरियागढ़ में भगवान जगन्नाथ, माता सुभद्रा और बलराम के पुजारी रविंद्र शर्मा ने राजमाता देव्यानी शाहदेव, ठाकुर जयेंद्र नाथ शाहदेव, लाल शुभेंद्र नाथ शाहदेव, लाल मृगेंद्र नाथ शाहदेव, लाल समरेंद्र नाथ शाहदेव, लाल द्विजेंद्र नाथ शाहदेव, लाल आशुतेंद्र नाथ शाहदेव, लाल वरूणेंद्र नाथ शाहदेव, कुमार यश नाथ शाहदेव, कुमार नरेंद्र नाथ शाहदेव के साथ राजपरिवार के अन्य सदस्य और ग्रामीण उपस्थित थे।

---

# रांची तीर्थ यात्रा स्पेशल 'भारत गौरव ट्रेन' 11 अगस्त को चलेगी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भारतीय रेलवे के आइआरसीटीसी की ओर से देखो अपना देश के तहत भारत गौरव ट्रेन 11 अगस्त को चलेगी। यह यात्रा 10 रात और 11 दिनों की होगी। यह ट्रेन हरिद्वार, ऋषिकेष, माता वैष्णो देवी, अमृतसर, आगरा, मथुरा, वृंदावन और अयोध्या का भ्रमण कराते हुए 21 अगस्त को लौट आयेगी। ये ट्रेन 11 अगस्त को कोलकाता से चलकर मेचेदा, खड़गपुर, मिदनापुर, बांकुरा, पुरुलिया होते हुए रांची पहुंचेगी। रांची से यह ट्रेन झारखंड के बोकारो, धनबाद, हजारीबाग रोड, कोडरमा होते हुए गया की ओर चली जायेगी।



भारत गौरव ट्रेन योजना के तहत भारतीय रेलवे पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए लगभग 33 प्रतिशत छूट दे रहा है। रेलवे की ओर से इस धार्मिक यात्रा के लिए तीन श्रेणी रखी गयी है। इसमें इकोनॉमिक, स्टैंडर्ड और कम्फर्ट श्रेणी में यात्री अपनी सुविधा के अनुसार यात्रा कर सकेंगे। इकोनॉमी के स्लीपर में यात्रा का शुल्क प्रति व्यक्ति 17,700 रुपये रखा गया है, जबकि स्टैंडर्ड थर्ड एसी में प्रति व्यक्ति 27,400 प्रति व्यक्ति और कम्फर्ट थर्ड एसी में यात्रा शुल्क 30,300 रुपये होगा। इस शुल्क में ठहरने की सुविधा और भोजन भी शामिल है।

# सातवीं जेपीएससी: हाइकोर्ट में एक और अभ्यर्थी ने दायर की याचिका

**रांची (आजाद सिपाही)।** सातवीं जेपीएससी की अभ्यर्थी निहारिका रानी ने झारखंड हाइकोर्ट में रिट याचिका दाखिल की है। अपनी याचिका में उन्होंने कहा है कि सातवीं जेपीएससी परीक्षा की मेरिट लिस्ट मई 2022 में जारी की गयी थी। बाद में अभ्यर्थियों का मार्क्स स्टेटमेंट जारी किया गया, जिसमें प्रार्थी ने अपनी निर्धारित श्रेणी में कट ऑफ मार्क्स से ज्यादा अंक प्राप्त किया है। लेकिन जेपीएससी ने इनका चयन इसलिए नहीं किया, क्योंकि उनकी ओर से दिया गया जाति प्रमाण पत्र राज्य सरकार की बजाय केंद्र सरकार ने जारी किया था। प्रार्थी का कहना है कि प्रमाण पत्र सत्यापन के दौरान आयोग की ओर से कोई आपत्ति दर्ज नहीं करायी गयी, उन्हें साक्षात्कार में शामिल किया गया, लेकिन चयन नहीं हुआ। यह न्यायसंगत नहीं है। निहारिका रानी की ओर से हाइकोर्ट के अधिवक्ता हेमंत शिकरवार और जगत नारायण पक्ष रखेंगे।

---

# कोर्ट ने एससी-एसटी केस से झारखंड के पूर्व मंत्री भानु प्रताप शाही को किया बरी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पलामू के मेदिनीनगर में जिला जज नंबर (2) विनोद कुमार सिंह की अदालत ने एसटी एससी के एक लंबित मामले में पूर्व मंत्री सह भवनाथपुर के वर्तमान विधायक भानु प्रताप शाही को साक्ष्य के अभाव में बरी करने का आदेश पारित किया। न्यायालय ने इस मामले में भानु प्रताप शाही के अलावा तीन अन्य आरोपियों को भी बरी करने का आदेश पारित किया गया। सुनवाई के दौरान भानु प्रताप शाही अपने अधिवक्ता एसएसपी देव, राकेश प्रताप देव एवं प्रयाग कुमार साहू के साथ उपस्थित हुए। इस संबंध में अधिवक्ता एसएसपी देव ने बताया कि एसटी एससी के मामले सहित 27 आर्म्स एक्ट का मामला भी इस मुकदमे में शामिल था।



**क्या है पूरा मामला :** मामले के संबंध में मेराल थाना में तत्कालीन सहायक प्रखंड पदाधिकारी (बीसीइओ) रमुना प्रखंड के विश्वनाथ राम के द्वारा 12 अगस्त 2006 को प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया था कि सूचक रमना बस स्टैंड के पास खड़ा था। उसी बीच कुछ व्यक्ति यह सूचना लेकर आये कि विधायक ने उन्हें याद किया है। सूचक का कहना है कि उसने अगंतु से यह कहा कि वह थोड़ी देर में आते हैं। चूंकि अभी कार्यालय के काम से निकले हैं। सूचक का यह आरोप है कि उपस्थित लोगों के द्वारा यह कहा गया कि आप यहीं रहिए, विधायक महोदय आ रहे हैं।

आगे सूचक का आरोप है कि उसके कुछ मिनट के बाद ही विधायक महोदय एक गाड़ी से चार पांच लोगों के साथ वहां पर आये और जातिसूचक शब्दों का उपयोग करते हुए यह कहा कि वह उनके आदमी का काम क्यों नहीं कर रहे हैं। आरोप है कि इसी बात को लेकर तू तू मैं मैं एवं हाथापाई की गयी और एक सादे कागज पर हस्ताक्षर करवाये जाने का आरोप सूचक के द्वारा लगाया गया। साथ ही पिस्तौल के बट से मार कर जख्मी करने का आरोप भी सूचक के द्वारा लगाया गया था। न्यायालय ने सुनवाई करते हुए साक्ष्य के अभाव में आरोप से बरी करने का आदेश दिया है।

# हाइकोर्ट से सिमडेगा विधायक भूषण बारा को मिली अंतरिम राहत बरकरार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट के जस्टिस नवनीत कुमार की कोर्ट ने गुरुवार को सिमडेगा विधायक भूषण बारा को दी गयी अंतरिम राहत बरकरार रखी है। कोर्ट ने भूषण सहित चार के खिलाफ कोर्ट में दर्ज कंप्लेन केस ट्रायल रोक जारी रखी है। मामले में राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल किया गया। अगली सुनवाई चार सप्ताह के बाद होगी।

याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा, ऋषभ कुमार ने पैरवी की। एक महिला ने विधायक भूषण समेत चार लोगों के खिलाफ सिमडेगा की निचली अदालत में वर्ष 2018 में केस दर्ज कराया था। उसी घटना को लेकर महिला ने फिर से वर्ष 2019 में सिमडेगा महिला थाना में रिपोर्ट (19/2019) भी दर्ज करायी थी। याचिकाकर्ता भूषण की ओर से इन दोनों केस की सुनवाई एक साथ करने का आग्रह सिमडेगा की निचली अदालत से किया गया था, लेकिन निचली अदालत ने उनकी इस याचिका को खारिज कर दिया था, जिसे उन्होंने क्रिमिनल रिवीजन दाखिल कर हाई कोर्ट में चुनौती दी है।

www.epaper.azadsipahi.in

23 जून, 2023
आषाढ़, शुक्ल पक्ष, पंचमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 08, अंक 243

बंगाल के पूर्व सीएम बुद्धदेव भट्टाचार्य की बेटी बनना चाहती है लड़का



### भाजपा अध्यक्ष ने गिरिडीह में कांग्रेस और झामुमो पर साधा निशाना

# झारखंड में तुष्टिकरण चरम पर, घुसपैठियों को संरक्षण दे रही राज्य सरकार : जेपी नड्डा

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि झारखंड में पहले 2402 किलोमीटर सड़क थी, आज 7791 किलोमीटर नेशनल हाइ-वे बनी है। पिछले साल ही 16800 करोड़ रुपये की विकास योजनाओं का मोदी जी ने लोकार्पण और शिलान्यास किया है। देवघर में एम्स का निर्माण हुआ। दुख के साथ कहना पड़ता है कि जहां मोदी जी ने विकास की यात्रा को आगे बढ़ाया, तो वहीं हेमंत सोरेन की सरकार ने हर तरीके से झारखंड को पीछे धकेलने का काम किया है। हेमंत सोरेन की सरकार आकंठ भ्रष्टाचार में लिप्त है। झारखंड में तुष्टिकरण चरम पर है और प्रदेश की कानून व्यवस्था चरमरा गयी है। कानून तोड़ने वालों का साथ राज्य सरकार दे रही है। जेपी नड्डा गुरुवार को गिरिडीह में जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

**कांग्रेस की बौखलाहट से फर्क नहीं पड़नेवाला :** नड्डा ने कहा कि पूरी दुनिया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा कर रही है। विश्व में प्रधानमंत्री और भारत का डंका बज रहा है, परंतु कांग्रेस के पेट में दर्द हो रहा है। कांग्रेसी मोदी का विरोध करते-करते भारत का विरोध करने लगे हैं। कांग्रेस की बौखलाहट से कुछ फर्क नहीं पड़ने वाला। हम विकास की इस यात्रा को आगे बढ़ाते हुए एक नयी कहानी लिखेंगे। उन्होंने कहा कि आज भारत की बदलती तस्वीर और तकदीर का नेतृत्व करने वाले कोई और नहीं, हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी हैं। भाजपा अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री के अमेरिका दौरे की चर्चा की। उन्होंने कहा कि कोई प्रधानमंत्री को ग्लोबल लीडर बताता है, तो कोई बदलाव लाने वाला इकलौता नेता। कोई इन्हें महान देशभक्त बताता है। यह नये भारत की बदलती तस्वीर है। जब एक ओर दुनिया मोदी जी की प्रशंसा कर रही है, तो वहीं कांग्रेस के लोग मोदी जी को सांप, बिच्छू, अनपढ़, नीच, चाय बेचने वाला की संज्ञा दे रहे हैं।

**केंद्र सरकार के कामकाज को गिनाया :** नड्डा ने केंद्र सरकार के नौ साल के कार्यकाल के कामकाज को गिनाया। उन्होंने विकास कार्यों की चर्चा की। नड्डा ने इंफ्रास्ट्रक्चर, सड़क, हाइ-वे, रेलवे, एयर कनेक्टिविटी आदि क्षेत्रों में किये गये कार्यों को बताया। उन्होंने कहा कि 5जी की बात करें, तो यह सिर्फ एयर कनेक्टिविटी नहीं है, बल्कि ग्रोथ, गुड गवर्नेंस, गुडविल, गारंटी टू डिलीवर, गरीब कल्याण हैं, जिन्हें मोदी जी के मंत्र के रूप में भाजपा सरकार ने आगे बढ़ाया है। मोदी जी ने गांव, गरीब, वंचित, पीड़ित, शोषित,दलित, महिला, युवा, किसान इन सभी की तकदीर बदलने का काम नौ वर्षों में किया है। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना, आवास योजना, अन्न योजना समेत भारत की अर्थव्यवस्था का जिक्र किया। साथ ही नड्डा ने नौ साल के विकास कार्यों की तुलना कांग्रेस के 70 साल के शासन से भी की।

**हेमंत सरकार पर साधा निशाना :** भाजपा अध्यक्ष ने राज्य की हेमंत सरकार पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार घोटालों को सरकार है। इतिहास का सबसे बड़ा जमीन घोटाला झामुमो की सरकार के दौरान हुआ है। उन्होंने अवैध खनन, संथाल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठियों, अंकिता सिंह और रुबिका पहाड़िया कांड समेत कई बातों का जिक्र करते हुए झामुमो और कांग्रेस पर निशाना साधा।

**कार्यक्रम में थे मौजूद :** नड्डा ने रामगढ़ में एनडीए उम्मीदवार सुनीता चौधरी को विपरीत परिस्थिति में भी जिताने के लिए जनता को साधुवाद दिया। इसके पूर्व उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा, पारसनाथ की भूमि सहित झारखंड के तमाम महापुरुषों को नमन करते हुए अपना संबोधन प्रारंभ किया। मंच पर प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, बाबूलाल मरांडी, रघुवर दास, आदित्य साहू, अन्नपूर्णा देवी, आशा लकड़ा, समीर उरांव आदि ने अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत किया। जनसभा में गिरिडीह जिला परिषद अध्यक्ष मुनिया देवी ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने उन्हें सदस्यता दिलायी।



### झारखंड की सभी 14 सीट एनडीए की झोली में : दीपक प्रकाश

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति की सेवा करने का केंद्र सरकार में काम किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर झारखंड अराजकता के दौर से जूझ रहा है। उन्होंने लोकसभा में राज्य की सभी 14 सीट भाजपा और एनडीए के पक्ष में कमल खिलाकर पार्टी की झोली में डालकर पुनः नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का राष्ट्रीय अध्यक्ष को आश्वासन दिया।

### सिर्फ भाजपा ही कर सकती है झारखंडवासियों की चिंता: बाबूलाल मरांडी

पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा के एक-एक नेता और कार्यकर्ता के दिलों में झारखंड बसता है। झारखंड और झारखंड वासियों के लिए जो चिंता भाजपा करेगी, वह कोई दल नहीं कर सकता। प्रारंभिक काल से ही देखें तो अलग राज्य की मांग को भाजपा ने ही पूरा किया। अलग राज्य बनने के बाद भी विकास की गाथा भी भाजपा ने ही लिखी। जब-जब देश और प्रदेश में यूपीए गठबंधन की सरकार बनी है, विकास कार्य पूरी तरह ठप पड़ जाता है। ये लोग सिर्फ लूटने में लग जाते हैं। झारखंड की मौजूदा हालत यही है।

### ऐसी सरकार नहीं देखी, झारखंड में भ्रष्टाचार का बोलबाला: रघुवर दास

पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि पिछले नौ वर्ष में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के तहत जो काम हुए हैं, वे एक बदलते भारत की नयी गाथा हैं। मोदी जी के नेतृत्व में झारखंड में डबल इंजन की सरकार में भगवान बिरसा की इसी धरती पर दुनिया का सबसे बड़ा हेल्थ इंश्योरेंस आयुष्मान भारत लांच किया गया। नौ साल की भाजपा सरकार जिस प्रकार रिपोर्ट कार्ड पेश कर रही है, हेमंत सोरेन सरकार का लेखा-जोखा देखा जाये, तो इतनी गंदी सरकार आज तक नहीं देखी गयी। यहां भ्रष्टाचार विकराल रूप धारण किये हुए है।

### जीइ और एचएएल के बीच समझौता हुआ

# भारत में ही बनेंगे हमारे लड़ाकू विमानों के इंजन



### पीएम मोदी और बाइडेन ड्रोन सौदे की घोषणा करेंगे

एजेंसी

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की जीइ एयरोस्पेस और हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के बीच फाइटर प्लेन (एफ 414) के इंजन बनाने का समझौता हो गया है। इसके तहत अब भारतीय लड़ाकू विमानों के इंजन भारत में ही बनेंगे। पहले जीइ इन्हें सप्लाई करती थी। जीइ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमेरिका दौरे के समय हुए इस समझौते को ऐतिहासिक बताया है। उधर, न्यूज एजेंसी के मुताबिक राष्ट्रपति जो बाइडेन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साझा बयान में भारत को हथियारबंद ड्रोन बेचे जाने की घोषणा होगी।

**डील से भारत के एमके 2 कार्यक्रम को होगा फायदा :** जीइ ने बताया है कि डील से दोनों देशों को इकोनॉमिक और सुरक्षा से जुड़े फायदे होंगे। जीइ और एचएएल के बीच हुई डील भारतीय एयरफोर्स के हल्के लड़ाकू विमानों बनाने के प्रोग्राम एमके 2 में अहम भूमिका निभायेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे पर भारत और अमेरिकी कंपनियों के बीच कई समझौते होंगे।

### भारतीय मूल के लोगों ने किया स्वागत

अमेरिका दौरे के दूसरे दिन पीएम मोदी वॉशिंगटन पहुंचे। भारतीय समय के मुताबिक बुधवार रात करीब 12:00 बजे ज्वाइंट बेस एंड्रयूज पर मोदी का स्वागत फ्लाइट लाइन सेरेमनी के साथ किया गया। इस दौरान अमेरिकी एयरफोर्स ने दोनों देशों के राष्ट्रगान की धुन बजायी। पीएम मोदी को अमेरिका के चीफ प्रोटोकॉल ऑफिसर रूफस गिफर्ड ने रिसीव किया। उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। न्यूयॉर्क से वॉशिंगटन पहुंचने पर प्रधानमंत्री मोदी के होटल के बाहर भारतीय मूल के लोगों ने उनका स्वागत किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका और भारत के छात्रों से भी मुलाकात की। उन्होंने कहा कि बेहद खुशी है कि यहां आते ही मुझे इतने युवा और क्रिएटिव लोगों से जुड़ने का मौका मिला।

# इजहार अंसारी से इडी ने की छह घंटे तक पूछताछ

### निलंबित आइएएस पूजा सिंघल का माना जाता है करीबी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** हजारीबाग के कोयला कारोबारी इजहार अंसारी गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने लगभग छह घंटे पूछताछ की। उनसे कोल लिंकेज के बारे में पूछा गया। इसके अलावा निलंबित आइएएस पूजा सिंघल के साथ कारोबारी संबंध, घर से बरामद रुपये, शेल कंपनियों से संबंधित सवाल पूछे गये। सूत्रों के मुताबिक अंसारी कई सवालों का जवाब वह नहीं दे पाये। वह अपनी आय और संपत्ति के बारे में भी सही-सही जानकारी नहीं दे पाये। इडी उनके जवाबों से संतुष्ट नहीं हुई, लेकिन फिलहाल उन्हें शाम सात बजे छोड़ दिया है। उनके जवाबों की पुष्टि करने के बाद अंसारी को फिर पूछताछ के लिए बुलाये जाने की संभावना है।

गौरतलब है कि बीते 3 मार्च को हजारीबाग के पेलावल स्थित मिल्लत कॉलोनी में कोयला व्यवसायी इजहार अंसारी के घर में 22 घंटे तक इडी की छापामारी चली थी। इसमें 3.58 करोड़ रुपये भी बरामद हुए थे। इसके अलावा संपत्ति से संबंधित कई दस्तावेज इडी अपने साथ ले गयी थी। इजहार को निलंबित आइएएस पूजा सिंघल का करीबी बताया जाता है। पिछले दिनों इडी ने अंसारी को पूछताछ के लिए समन किया था। वह गुरुवार को इडी के रांची जोनल ऑफिस पहुंचे थे।

यह मामला कोल लिंकेज प्रकरण से जुड़ा हुआ है। निलंबित आइएस पूजा सिंघल के मामले में इडी ने राज्य भर में 14 ठिकानों पर छापेमारी की थी। यह भी बताया जाता है कि पूजा सिंघल जब खनन सचिव थी, उस समय इजहार अंसारी ने बड़े पैमाने पर कोयले से अवैध कमाई की। सूत्रों के मुताबिक इजहार अंसारी के नाम पर 12 से अधिक शेल कंपनियां हैं। इन्हीं शेल कंपनियों के नाम पर कोयला तस्करी के पैसों को इधर-उधर किया जाता था। इडी की टीम इजहार अंसारी के सभी शेल कंपनियों के बारे में पूछताछ और दस्तावेज को हासिल करने में जुटी है।

# मांडर में ठनका से तीन बच्चों की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**मांडर।** मांडर प्रखंड के टटकुनदो सरना टोली गांव में गुरुवार को वज्रपात से तीन बच्चों की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार बच्चे बारिश से पूर्व पेड़ के नीचे आम चुन रहे थे। अचानक वहां वज्रपात हुआ। इसमें किरण कुमारी (17, पिता अनमोल उरांव), खुशी उरांव (11, पिता एतवा उरांव, ग्राम पांडे पारा) और प्रिंस उरांव (सात, पिता बुधवा उरांव) की मौत हो गयी । बताया जाता है कि खुशी गांव में मेहमानी आयी थी।

### बरवाडीह में जमीन विवाद में कार्रवाई करने पहुंची पुलिस टीम पर हमला

# थाना प्रभारी, सब इंस्पेक्टर समेत आधा दर्जन पुलिस कर्मी घायल

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** अवैध जमीन कब्जे की शिकायत मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस पर गांव के तुलसी यादव और उनके बेटों ने हमला कर दिया। इसमें आधा दर्जन पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गये। जमीन पर अवैध तरीके से कब्जा किये जाने की लिखित शिकायत लेदगाई निवासी प्यारी भुइयां ने लातेहार के एसपी अंजनी अंजन से की थी। इसके बाद गुरुवार को मामले की जांच करने पुलिस पहुंची थी। जांच के दौरान ही अंचलाधिकारी राकेश सहाय और थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह की टीम पर दूसरे पक्ष के द्वारा हमला करते हुए थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह, सब इंस्पेक्टर धर्मेंद्र सरदार, जवान आलोक सिंह समेत लगभग आधे दर्जन पुलिस के जवानों को गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घायलों को पुलिस के अन्य जवानों और अधिकारियों ने इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। वहीं गंभीर रूप से घायल सब इंस्पेक्टर धर्मेंद्र सरदार को बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया।

**क्या है पूरा मामला :** बीते 10 अप्रैल को जिले के एसपी के पास प्यारी भुइयां ने शिकायत की थी। शिकायत में बताया था कि उनके गांव के तुलसी यादव और उनके बेटों के द्वारा उनकी निजी जमीन पर जबरन कब्जा करके आरडी पब्लिक स्कूल नामक निजी विद्यालय बनाया जा रहा है। इसके बाद पुलिस अधीक्षक कार्यालय के निर्देश पर गुरुवार को अंचलाधिकारी और थाना प्रभारी अंचल अमीन और पुलिस टीम के साथ पूरे मामले की जांच करने स्थल पर पहुंचे। यहां मौके पर पहुंची पुलिस ने दूसरे पक्ष से जमीन के कागजात दिखाने को कहा, जिस पर दूसरे पक्ष के लोगों ने जांच का विरोध किया और थाना प्रभारी के साथ-साथ अन्य पुलिस अधिकारियों और जवानों पर हमला कर दिया। इसमें थाना प्रभारी के साथ सब इंस्पेक्टर धर्मेंद्र सरदार, जवान आलोक कुमार, अनिल कुमार यादव समेत अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गये।

### सभी आरोपी गिरफ्तार

पुलिस के साथ मारपीट और सरकारी काम में बाधा डालने के मामले में अंचल अधिकारी के निर्देश पर दर्ज कराये गये मामले के बाद पुलिस द्वारा मामले में दोषी तुलसी यादव और उनके पुत्र कमल यादव, सतीश यादव समेत छह लोगों की गिरफ्तारी की गयी। उनके खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने के साथ-साथ पुलिस के साथ मारपीट समेत कई धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

### पूरे राज्य में संकल्प दिवस कार्यक्रम, आंदोलनकारियों का हुआ सम्मान और मिलन समारोह का आयोजन

# इतिहास को सामने रख कर बेहतर भविष्य का निर्माण बड़ी चुनौती : सुदेश महतो

### आजसू में शामिल हुए व्यवसायी बबन सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि इतिहास को सामने रख झारखंड के बेहतरीन भविष्य का निर्माण चुनौती भरा है। लेकिन हम सभी को मिल कर अपनी जिम्मेदारियों और उसूलों पर कायम रहते हुए इन चुनौतियों को हर हाल में पीछे छोड़ना है।

पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित संकल्प सभा में उन्होंने ये बातें कहीं। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत आजसू पार्टी ने आज पूरे राज्य में संकल्प दिवस के आयोजन के साथ झारखंड के आंदोलनकारियों को सम्मानित किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पार्टी प्रमुख ने कहा कि मौजूदा राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में उसूलों और यथार्थ के साथ चलना और समझना जरूरी है। साथ ही किसी नेता, कार्यकर्ता और दल का राज्य के प्रति कितना समर्पण है, इसका आकलन किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सत्ता एक अवसर है। इस अवसर की असली परीक्षा तब होती है, जब जनता कहे, मेरी सरकार है।

**इसी महीने से जन पंचायत :** श्री महतो ने कहा कि इसी महीने से सभी विधानसभा क्षेत्रों में जन पंचायत लगाने की तैयारी है। कार्यकर्ताओं की यह जिम्मेदारी है कि जन पंचायत जनता के व्यापक हितों में असरदार हो।

### आजसू के सिद्धांतों और सुदेश महतो के कुशल नेतृत्व से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हुआ हूं : बबन सिंह

इससे पहले व्यवसायी बबन सिंह अपने समर्थकों के साथ आजसू पार्टी में शामिल हुए। पार्टी अध्यक्ष ने माला पहना कर उनका स्वागत किया। पार्टी का दामन थामने के बाद बबन सिंह ने कहा कि झारखंड प्रदेश का राज्य से बाहर एक पिछड़ा और गरीब राज्य की पहचान है। यह बात उन्हें हमेशा कचोटती थी। राज्य के हालात को देखते हुए आजसू पार्टी में शामिल हुआ हूं। आजसू पार्टी ही एक ऐसी राजनीतिक पार्टी है, जो नवसृजित राज्य झारखंड का सर्वांगीण विकास चाहती है। इसके सिद्धांतों और सुदेश महतो के कुशल नेतृत्व से प्रभावित होकर ही मैं इस पार्टी के कार्यकर्ता के रूप में शामिल हो रहा हूं। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में पार्टी के लोगों के साथ कंधा से कंधा मिला कर चलेंगे और पार्टी की नीतियों को समाहित कर राज्य की बेहतरी के लिए काम करता रहूंगा। कार्यक्रम में डॉ देवशरण भगत, डोमन सिंह मुंडा, संजय बसु मल्लिक, सुनील कुमार सिंह, अंचल किंगर, ज्ञान सिन्हा, सीमा सिंह, गौतम सिंह, कौशिक चांद, कामेश्वर प्रधान, सुहेल शाह, भरत महतो, दिनेश चौधरी, एम टी तिर्की, अजीत कुमार, रेखा वर्मा, लाडले खान, प्रभा मेहता, विजेता वर्मा, आशुतोष गोस्वामी,सज्जाद आलम, बंटी यादव, परवाज खान, कृष्णा सिंह, दया शंकर झा,अब्दुल जब्बार, ओम वर्म, नीरज वर्मा, नीतीश सिंह सहित अन्य मौजूद थे।







# सरला बिरला विश्वविद्यालय को बीबीए एलएलबी (ऑनर्स), बीए एलएलबी (ऑनर्स) एवं बीकॉम एलएलबी (ऑनर्स) की मान्यता मिली

**पाठ्यक्रम में क्रमशः 120, 60 एवं 60 सीटें बीसीआइ ने दी हैं : प्रो विजय कुमार सिंह**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय, रांची को बार काउंसिल ऑफ इंडिया (भारतीय विधिज्ञ परिषद) नयी दिल्ली ने सत्र 2023-24 एवं 2024-25 में बीबीए एलएलबी (ऑनर्स), बीए एलएलबी (ऑनर्स) एवं बीकॉम एलएलबी (ऑनर्स) में पढ़ाई प्रारंभ करने हेतु मान्यता प्रदान की है। उक्त बातें विश्विद्यालय के कुलसचिव प्रो विजय कुमार सिंह ने बतायी। उन्होंने कहा कि उपरोक्त पाठ्यक्रम में क्रमशः 120, 60 एवं 60 सीटें बीसीआइ ने दी है तथा इसमें इसी सत्र से पढ़ाई प्रारंभ की जायेगी।



बीसीआइ द्वारा विश्वविद्यालय को मान्यता प्राप्त होने पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो गोपाल पाठक ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय गुणवत्तापूर्व शिक्षण के लिए दृढ़संकल्पित है तथा नामांकित छात्रों की पढ़ाई अच्छे ढंग से हो पाये इसका पूरा-पूरा ध्यान रखा जायेगा। विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने विश्वविद्यालय को बीसीआइ द्वारा मान्यता मिलने पर बीसीआइ नयी दिल्ली को धन्यवाद दिया है तथा कहा है कि नामांकित छात्रों के अध्ययन अध्यापन की उत्तम व्यवस्था की जायेगी। मान्यता मिलने पर हर्ष व्यक्त करने वालों में डॉ नीलिमा पाठक, प्रो एस बी डांडीन, डॉ संदीप कुमार, प्रो राहुल वत्स, डॉ सुबानी बारा, अजय कुमार, डॉ आर एम झा, प्रवीण कुमार आदि शामिल हैं।

### रिवर्सा अपार्टमेंट मामला : छह लोगों की आत्महत्या मामले की गुत्थी सुलझी

# सात साल बाद बहू गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सदर थाना क्षेत्र के रिवर्सा अपार्टमेंट में रहनेवाले सुकांतो सरकार समेत छह लोगों ने बीते 9 अक्टूबर 2016 को आत्महत्या कर ली थी। घटना के सात साल बाद पुलिस ने आत्महत्या मामले की गुत्थी सुलाझायी है। इस मामले में पुलिस ने सरकार परिवार की बहू मधुमिता सरकार को कोलकाता से गिरफ्तार किया है। मधुमिता को ट्रांजिट रिमांड पर रांची लाया गया।



**सुकांतो ने इंजेक्शन देकर सभी को मार डाला, फिर खुद आत्महत्या कर ली :** घटना 9 अक्टूबर 2016 की है। कोकर से कांटाटोली जानेवाले रास्ते पर रिवर्सा अपार्टमेंट अवस्थित है। इसके फ्लैट नंबर 102 में एक साथ छह लोगों का शव बरामद किया गया था। अपार्टमेंट में रहनेवाले डॉ सुकांतो सरकार की पत्नी अंजली सरकार, बेटे सुमित सरकार, सुमित की बेटी समिता सरकार, पार्थिव सरकार की पत्नी मौमिता सरकार और बेटी समिता सरकार के शव एक ही कमरे से पाये गये थे, जबकि डॉ सुकांतो सरकार घायल अवस्था मे कमरे में पाये गये थे, जिनकी बाद में इलाज के दौरान मौत हो गयी थी।

पुलिस की जांच में खुलासा हुआ कि सुकांतो सरकार ने ही परिवार के पांचों सदस्यों को इंजेक्शन देकर मार डाला था और फिर खुद भी आत्महत्या कर ली थी। पुलिस को फ्लैट की जांच के दौरान कई पुर्जे भी मिले थे, जिनमें सभी छह की मौत की वजह बहू मधुमिता सरकार को बताया गया था। मधुमिता सरकार ने अपने ही पति, सास-ससुर सहित परिवार के दूसरे सदस्यों पर कई मामले दर्ज करवा रखे थे।

# शारदा ग्लोबल स्कूल में योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पूरे विश्व में मनाया जाता है। इसी के तहत गुरुवार को शारदा ग्लोबल स्कूल में योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास किया गया। इस दौरान विद्यालय के योग शिक्षक ने छात्रों को योग के महत्व को समझाया और योग के विभिन्न आसनों जैसे-प्राणायाम, अनुलोम विलोम, सूर्य नमस्कार, पादहस्त आसन, श्वासन पद्मासन आदि आसनों का महत्व समझा कर उनका अभ्यास करवाया। इस दौरान छात्रों को बताया गया कि योग कोई धर्म नहीं यह जीने की वह कला है, जिसका लक्ष्य सिर्फ एक है, स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन योग न केवल हमारे दिमाग को मस्तिष्क को स्वस्थ बनाता है, बल्कि हमारी आत्मा को पूर्ण रूप से शुद्ध बनाता है। योग भारतीय संस्कृति की एक ऐसी प्राचीन क्रिया है, जो हमारे संपूर्ण शरीर और मस्तिष्क को एक सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है। वहीं इस दौरान विद्यालय की डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ रंजना स्वरूप और प्राचार्या जसमीत कौर ने योग दिवस के अवसर पर छात्रों को प्रतिदिन योग करने के लिए प्रेरित किया, जिससे छात्रों का मानसिक शक्ति तनावों से मुक्ति तथा रचनात्मक विकास हो सके।

# आज राज्य भर में बारिश की संभावना

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मौसम विज्ञान केंद्र रांची ने कहा है कि आने वाले तीन दिनों के दौरान तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जायेगी। इस दौरान पाच दिनों तक तापमान में अधिक बदलाव की संभावना नहीं है। मौसम विभाग के मुताबिक 23 जून को राज्य के विभिन्न हिल्सों में बारिश होने की सभावना है। 22 जून से अगले 24 घंटों के दौरान राज्य के दक्षिणी हिस्सो मे कहीं-कहीं भारी बारिश होने की चेतावनी भी जारी की गयी है। जिसमें पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, खुटी, सिमडेगा और सरायकेला-खरसावा जिला शामिल है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने कहा है कि राज्य में पिछले 24 घंटों के दौरान कई जगहों पर हल्के व मध्यम दर्जे तक की बारिश हुई है, सबसे अधिक बारिश रांची के टाटीसिलवे में 443 मिमी हुई है। इसके साथ ही रांची के अन्य हिस्सों में भी बारिश हुई, इसके जागवा रामगढ़ में 11.8 मिमि, गुमला बिशनपुर में 30 हजारीबाग वरही 20, सिमडेगा 21 साहिबगंज में 20 मिलीमीटर बारिश हुई। वहीं झारखंड में वज्रपात के लिहाज से संवेदनशील भौगोलिक परिस्थिया है। यहां प्रतिवर्ष वज्रपात में दर्जनों लोगों की जान जाती है। मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है कि लोग बारिश के समय जपात की चपेट में आने से बचे लोगों को बारिश के समय खुले और गीले मैदानों, पेड़ों की ओट या खंभे के नीचे न जायें। बारिश के दौरान वाहन विशेष रूप से दोपहिया वाहन ना चलाने का सलाह दी गयी है। इसके साथ ही इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का इस्तेमाल नहीं करने की सलाह दी गयी है।

# रेफरी और जज का सेमिनार और परीक्षा का आयोजन

**मीट में देश भर से 30 कराटेकारों ने भाग लिया : शिहान अलताफ आलम**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कराटे इंडिया ऑगेनाईजेशन (कियो) के रेफरी कमीशन के सचिव शिहान अलताफ आलम की अध्यक्षता में गूगल मीट एप के माध्यम से रेफरी और जज का सेमिनार एवं परीक्षा आयोजित किया गया। गुरुवार को आयोजित मीट में देश भर से 30 कराटेकारों ने भाग लिया। झारखंड राज्य से मो इस्लाम, शुभम कुमार, गुलजार रजा, माइकल फिल्पित एवं विशाल कुमार रवानी ने भाग लिया। उक्त वेबिनार में शिहान अलताफ आलम ने वर्ल्ड कराटे फेडरेशन (वर्जन 2023) काता -कुमिते के सभी नियमों का विस्तार से उल्लेख किया एवं रेफरी जज की परीक्षा ली, जिसमें मो इस्लाम ने राष्ट्रीय कुमिते रेफरी 'ए' एवं शुभम कुमार ने राष्ट्रीय कुमिते रेफरी 'बी ' की योग्यता हासिल की। वहीं गुलजार रजा. माइकल फिल्पिस एवं विशाल कुमार रवानी ने राष्ट्रीय कुमिते जज 'ए' का खिताब हासिल किया। रेफरी कमीशन के सचिव शिहान अलताफ आलम ने सभी सफल कराटेकारों को प्रमाण पत्र एवं रेफरी जज का बैच स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा एवं सभी को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस उपलब्धि पर कराटे इंडिया ऑगेनाईजेशन के अध्यक्ष शिहान विजय तिवारी, कराटे इंडिया ऑगेनाईजेशन के महासचिव शिहान संजीव झांगड़ा एवं कराटे इंडिया ऑगेनाईजेशन के कोषाध्यक्ष शिहान मुतुम बंकिम सिंह ने सभी सफल राष्ट्रीय रेफरी एवं जज को बधाई दी।

# सीसीएल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सीसीएल मुख्यालय, रांची ने योग शिविर का आयोजन किया। इस अवसर पर रांची विश्वविद्यालय के योग प्रशिक्षक, परिणिता सिंह ने सीसीएल कर्मियों को योगाभ्यास कराया। इसमें सीएमडी, सीसीएल पीएम प्रसाद; निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक तकनीकी (संचालन) रामबाबूप्रसाद और उनकी धर्मपत्नी, निदेशक तकीनीकी (योजना/परियोजना) बी साईंराम, विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष सहित सीसीएलकर्मियों ने अपने परिवार के साथ उत्साह के साथ भाग लिया। साथ ही जबलपुर, मध्यप्रदेश में उप-राष्ट्रापति जगदीप धनखड़ ने योगाभ्यास किया, जिसका प्रसारण कार्यक्रम के दौरान किया गया। सीसीएल के सभी क्षेत्रों में भी योग शिविर का आयोजन कर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। सीएमडी पीएम प्रसाद इस वर्ष की थीम 'वसुधैव कुटुंबकम के लिए योग' की चर्चा करते हुए कहा कि नियमित योग करने से व्यक्ति में न केवल प्रतिरोधक क्षमता का विकास होता है, बल्कि बौद्धिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से भी समृद्ध होता है। योग प्रशिक्षिका ने उपस्थित सभी को योग के विभिन्न प्रणायामों का योगाभ्यास करवाया। इधर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सीसीएल मुख्यालय, रांची के प्रकाश सभागार में योग विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रांची विश्वेविद्यालय के योग के प्रोफेसर, डॉ मनोज सोनी ने योग विषय पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि योग दिनचर्या की अन्य गतिविधियों के समान ही आवश्यक है। स्वस्थ जीवन के लिए योग को दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना आवश्यक है। इस अवसर पर महाप्रबंधक पार्थो भट्टाचार्य जी, डॉ रंजीत, डॉ राजकुमार सहित विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष और कर्मी उपस्थित थे।

# हेमंत सरकार की उपलब्धि और कोरोना प्रबंध से भाजपा बौखला गयी है : सुप्रियो

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय सुप्रियो भट्टाचार्य ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को निशाने पर लिया। कहा अब तो भाजपाइयों की रैली में भीड़ तक नहीं हो रही है, अब लगता है कि उनकी रैलियों में भीड़ पहुंचाने के लिए झामुमो कार्यकर्ताओं को ही कुछ करना पड़ेगा, क्योंकि भाजपा के राष्ट्रीय नेता उनके राज्य में आये और उनकी प्रतिष्ठा प्रभावित हो जाये, वे ऐसा होते नहीं देख सकते। सुप्रियो गुरुवार को पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार की उपलब्धि और कोरोना प्रबंध से भाजपा बौखला गयी है। आज भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रांची पहुंचे और गिरिडीह में सभा करने गये। भाजपा ने शर्म, हया और नैतिकता सभी को त्याग दिया है। विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जिनके मणिपुर के 17 विधायकों ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर कहा कि मणिपुर बर्बाद हो गया है, सरकार को बर्खास्त कीजिए। इसपर नड्डा ने गिरिडीह में कुछ बात नहीं की। राज्य में बाहरी घुसपैठ हो रहा है, तो आखिर आपके गृह मंत्री क्या कर रहे हैं। भाजपा केवल धर्म और जाति की राजनीति करती है। उन्होंने कहा कि गुरुवार का दिन इस राज्य के लिए विशेष दिन रहा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 2550 युवाओं के बीच सरकारी नियुक्ति पत्र वितरित किया। दो साल के कोरोना काल के बाद हेमंत सरकार ने नियुक्ति से संबंधित कार्य की शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि रघुवर सरकार के पांच साल में 2014 से 2019 तक संविदा में उनकी नियुक्ति हुई थी, जिसमें एक भी जेपीएससी के नहीं थे। इसलिए सबसे पहले 2021 के अंत में 24 जिलों में 24 खेल पदाधिकारियों के नियुक्ति के साथ यह प्रक्रिया शुरू हुई। इसके बाद लगभग 20 वर्ष के बाद 129 कृषि पदाधिकारियों की नियुक्ति हेमंत सरकार ने की।



सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि भाजपा ने नौ वर्ष के कार्यकाल में 18 हजार करोड़ की जगह पर मात्र 70 हजार ही नौकरी दिया। छह हजार रुपये किसानों के खाते में दिया। यूरिया और खाद्य से सब्सिडी तक हटा दिया। उज्वला योजना के तहत सभी घर में 10 किलो का एक लोहा का डब्बा थमा दिया, जो दोबारा कभी रिफिल ही नहीं हुआ।

## आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामले में गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे को मिली जमानत



**दुमका (आजाद सिपाही)।** गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे गुरुवार को एमपी-एमएलए के विशेष अदालत अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी जितेंद्र राम के न्यायालय में दो मामलों में पेश हुए। मधुपुर उप चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के दर्ज एक मामले में उन्हें जमानत मिल गयी। देवघर में वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव के दौरान दर्ज एक मामले में सांसद निशिकांत दुबे, देवघर विधायक नारायण दास और भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष दिवाकर गुप्ता की पेशी हुई। इस मामले में तीनों का बयान अदालत में दर्ज हुआ।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### झारखंड कैबिनेट की बैठक 26 जून को

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड कैबिनेट की बैठक 26 जून को होगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। मंत्रिमंडल सचिवालय ने इस संबंध में सभी विभागों को सूचना दी है और प्रस्ताव मांगा है। कैबिनेट की बैठक शाम चार बजे से प्रोजेक्ट भवन में शुरू होगी।

### उत्पाद आयुक्त से मिले उज्ज्वल तिवारी, सौंपा पत्र



**रांची (आजाद सिपाही)।** गुरुवार को झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य उज्ज्वल तिवारी ने गुरुवार को उत्पाद आयुक्त से मुलाकात कर एक पत्र सौंपा। पत्र के माध्यम से उज्ज्वल तिवारी ने बीते 17 जून को कांके रिसोर्ट में आयोजित इवेंट कार्यक्रम में 21 वर्ष से कम उम्र के वयस्कों को शराब परोसे जाने के संबंध में देकर अवगत कराया। इस दौरान उन्होंने संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। उज्ज्वल तिवारी ने उत्पाद आयुक्त को बताया कि कांके रिसार्ट में 17 जून 2023 को ब्लू स्टोन कंपनी द्वारा आयोजित संगीत कार्यक्रम में 21 वर्ष से कम उम्र के वयस्कों को शराब परोसे जाने की सूचना उन्हें मिली। कहा कि कार्यक्रम में शराब परोसे जाने को लेकर ही दो पक्षों के बीच मारपीट होने की भी सूचना मिली है। उज्ज्वल तिवारी ने उत्पाद आयुक्त से उक्त संदर्भ में संज्ञान लेते हुए आवश्यक अग्रेतर कार्रवाई करने की मांग की है। इसके साथ ही उन्होंने महिला बाल विकास मंत्री और सामाजिक सुरक्षा विभाग और राची उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा को भी पत्र के माध्यम से पूरे मामले की जानकारी दी है। बता दें कि कांग्रेस नेता और राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य उज्ज्वल तिवारी ने एक मुहीम के तहत शहर के तमाम बार और पब में औचक नीरीक्षण कर रहें हैं।

### पूर्व के स्थापित नियमों के तहत शिक्षकों का गृह जिला में स्थानांतरण किया जाये: संयुक्त शिक्षक मोर्चा

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश संयुक्त शिक्षक मोर्चा के प्रतिनिधि मंडल में शामिल मोर्चा के संयोजक विजय बहादुर सिंह, अमीन अहमद, प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार दास, मोहम्मद फखरुद्दीन, मकसूद जफर हादी और राकेश श्रीवास्तव ने गुरुवार को राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान मोर्चा के द्वारा राज्य के छात्र और शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समक्ष विकराल होती जा रही समस्याओं के समाधान पर पहल करने का अनुरोध किया। वहीं इस मामले को गंभीरता से लेते हुए मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने मुख्यमंत्री के संज्ञान में देने और इसका समाधान जल्द कराने की बात कही।

### शहीद शेख भिखारी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में योग दिवस मना



**रांची (आजाद सिपाही)।** शहीद शेख भिखारी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में विश्व योग दिवस के अवसर पर योग दिवस का आयोजन किया गया। इसमें महाविद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मी और सभी प्रशिक्षणार्थियों ने योग किया। प्रो इंचार्ज डॉ अंजू शर्मा ने योगा के महत्व पर जानकारी प्रदान की। महाविद्यालय की सह- व्याख्याता मीरा प्रसाद के नेतृत्व में योग किया गया।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया




**रांची (आजाद सिपाही)।** आरएस फाउंडेशन के द्वारा बुकरु, रांची में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। यह बताया गया कि योग हमारे शरीर और मस्तिष्क को तंदुरुस्त बनाता है। निरंतर योगाभ्यास से मनुष्य विभिन्न रोगों से दूर रहता है। अतः शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए योगअतिआवष्यक है। इस मौके पर आरएस फाउण्डेषन के पंकज बंका, संतोष कुमार, प्रशांत कुमार मौजूद थे।

### ग्राहक जागरूकता समारोह कैंप का अयोजन



**रांची (आजाद सिपाही)।** भारतीय स्टेट बैंक बेड़ो द्वारा वित्तीय समावेशन एवं ग्राहक जागरूकता समारोह कैंप का अयोजन 22 जून को बेरो स्थित कम्युनिटी हॉल में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन स्टेट बैंक के मुख्य महाप्रबंधक श्री शिव ओम दीक्षित, उप महाप्रबंधक देवेश मित्तल, क्षेत्रीय प्रबंधक रांची के आलोक रंजन तथा बेड़ो अंचल के अंचलाधिकारी सुमन तिर्की, मुखिया सुशांति कच्छप तथा उपस्थित आगंतुकों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। बैंक द्वारा कृषि ऋण, मुद्रा ऋण, स्टैंड अप इंडिया, अटल पेंशन योजना, प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी तथा स्टेट बैंक के मुख्य महाप्रबंधक श्री शिव ओम दीक्षित द्वारा उपरोक्त योजना अंतर्गत विभिन्न लाभुकों को स्वीकृति पत्र तथा सर्टिफिकेट दिया गया। अंचल अधिकारी, अंचल पर्यवेक्षक और ग्राहकों द्वारा स्टेट बैंक द्वारा आयोजित कार्यक्रम की प्रशंसा की गया।

# ब्रदर्स ऐकेडमी के सेमिनार में टॉपर छात्रों ने सफलता के मूल मंत्र दिये

## संस्थान के निदेशक पारस अग्रवाल, शुभेंदु शेखर और प्रेम प्रसून ने सफल छात्रों को बधाई दी

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** ब्रदर्स ऐकेडमी ने अपनी विशिष्ट कार्यशैली और अथक परिश्रम से रांची शहर में नंबर एक संस्थान के रूप मे खुद को स्थापित किया है और इस प्रतिष्ठा के अनुरूप सतत रूप से शिक्षण करता रहा है। ब्रदर्स एकेडमी ने विगत 11 वर्षों से रांची शहर में आइआइटी-जेइइ (मुख्य/उन्नत) और नीट के परिणामों में नये मानक गढ़ कर शहर को प्रतिष्ठित किया है। आज हम आइआइटी एडवांस्ड और नीट अचीवर्स-2023 कार्यक्रम के तहत संस्थान की सफलता को सेमिनार के माध्यम से आप सबों से साझा कर रहे हैं। गुरुवार को आयोजित सेमिनार में आइआइटी, जेइइ एडवांस 2023 के टॉपर किसलय (ऑल इंडिया रैंक- 519) और निशांत (ऑल इंडिया रैंक 584), नीट टॉपर समर्थ (स्कोर 660/720) और सक्षम (स्कोर 660/720) उपस्थित थे। इन सफल छात्रों की आंख में सपनों की अनंत उड़ान के साथ सफलता की मुस्कान साफ दिख रही थी। इन सफल छात्रों ने 1000 से अधिक छात्रों के समूह को आइआइटी जेइइ एवं नीट की प्रवेश परीक्षा में सफलता के मूल मंत्र दिये। किसलय ने अपने आगामी वर्ष के आइआइटी जेइइ के अभ्यर्थियों को विषय के आधारभूत अवधारणा को अच्छी तरह से समझने की सलाह के साथ प्रतिदिन कम से कम 6-7 घंटे के स्वाध्याय के रूटीन के बारे में बताया। साथ ही उन्होंने कहा कि परीक्षा के दिनों में कम से कम 12-14 घंटे का अभ्यास उन्होंने किया। किसलय ने ये भी कहा कि विगत दो वर्षों में उन्होंने फेसबुक, व्हाट्सएप्प जैसे सोशल मीडिया व टीवी को पूरी तरह त्याग दिया था। किसलय ने कहा कि शिक्षकों द्वारा सुझाये मार्ग पर सघन स्वाध्याय ही लक्ष्य पाने का एकमात्र सरल और सुगम सूत्र है।

उल्लासित सफल विद्यार्थियों ने अपनी सफलता अपने माता-पिता और गुरुजनों को समर्पित करते हुए कहा कि आइआइटी एवं नीट में दाखिले के सपने को मूर्त रूप देने में ब्रदर्स ऐकेडमी के शिक्षकों की अग्रणी भूमिका रही। इन्होंने कहा कि संस्थान का अनुशासित शैक्षणिक वातावरण हमें अपने लक्ष्य के प्रति सदैव प्रेरित करता रहा और शिक्षकों की कर्तव्यनिष्ठा ने हमे हमारे सपनों तक पहुंचा ही दिया। सेमिनार में प्रश्नोत्तर सत्र का भी आयोजन किया गया, जिसमें इन सफल छात्रों ने आगामी वर्ष के आइआइटी जेइइ एवं नीट के अभ्यर्थियों के विभिन्न प्रश्नों के उत्तर बहुत सटीक और परिपक्व अंदाज में दिये।

सेमिनार में सम्मिलित छात्रों ने बताया कि सफल छात्रों के अनुभव से उन्हें बहुत प्रेरणा मिली और सकारात्मक दिशा दिखी है। प्रतिभागियों ने इस सेमिनार को बहुत सफल और प्रासंगिक बताया। संस्थान के निदेशक पारस अग्रवाल, शुभेंदु शेखर और प्रेम प्रसून ने तमाम सफल छात्रों को उनकी सफलता पर बधाई दी और अगामी जीवन के लिए शुभकामनाएं भी दी। सफलता की कहानियां समाज में भावी पीढ़ी को सफलता की ओर प्रेरित करती हैं। सफल बच्चों के फोटोग्राफ और उनकी सफलता की कहानी को समाज तक पहुंचाने में मीडिया हाऊस की अग्रणी भूमिका रही है। आशा है इस वर्ष भी छात्रों के कठिन परिश्रम और उनकी लक्ष्य प्राप्ति की कहानी को अपने समाचार पत्र में विशेष स्थान दे कर समाज में एक सकारात्मक ऊर्जा को प्रवाह देंगे।

# डालसा ने जगन्नाथपुर रथ मेला में लगाया विधिक जागरूकता शिविर



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (झालसा) के निर्देश पर न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष के मार्गदर्शन पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) की ओर से गुरुवार को जगन्नाथपुर रथ मेला परिसर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सहायक लीगल एड डिफेंस कौंसिल रांची सौरभ कुमार पांडेय, बीरेंद्र प्रताप, पीएलवी बबिता देवी, मालती देवी, संगीता देवी, फुलेश्वरी देवी, और राजा उपस्थित थे। सौरभ कुमार पांडेय ने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) की 10 स्कीमों के बारें में लोगों को जानकारी दी। साथ ही बाल-विवाह, दहेज प्रथा, डायन बिसाही, कन्या भ्रूण हत्या सहित अन्य विषय के संबंध में भी न्याय प्राप्त करने के लिए लोगों को उपाय के संबंध में जानकारी दी गयी। बिरेंद्र प्रताप ने आगामी 9 सितंबर को आयोजित होनेवाली लोक अदालत के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी आपराधिक सुलहनीय मामले, दीवानी से संबंधित मामले, श्रम से संबंधित वाद, विवाहोत्तर प्रताड़ना के वाद, पारिवारिक वाद, उत्पाद से संबंधित मामले, चेक बाउंस के मामले, वन विभाग के मामले, बिजली से संबंधित मामले, ट्रैफिक चालान से संबंधित मामले, भूमि अधिग्रहण, मोटरयान, माप-तौल से संबंधित वाद और वैवाहिक से संबंधित मामलों का निपटारा लोक अदालत में किया जायेगा।

डालसा के पीएलवी मालती देवी और फुलेश्वरी देवी ने बताया कि डालसा की ओर से मुकदमा लड़ने और अपना बचाव करने के लिए निःशुल्क विधिक सहायता दी जाती है। मोटर दुर्घटना में मुआवाजा कैसे प्राप्त किया जा सकता है? इस संबंध में ग्रामीणों को जानकारी दी।

इस जागरूकता अभियान में प्री-लिटिगेशन मुकदमा दर्ज कराने, विधवा, वृद्धा पेंशन, असंगठित मजदूरों का निबंधन, आयुष्मान भारत योजना के गोल्डन कार्ड, शौचालय स्वच्छता के बारे में भी विस्तृत जानकारी पीएलवी ने प्रदान किया। अंत में डालसा के पीएलवी ने मेला परिसर क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम कर राहगीरों और मेला घुमने आये लोगों के बीच पम्पलेट, लिफलेट तथा कानूनी पुस्तिका का वितरण किया।

# छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह के लिए पासवा ने जिम्मेदारियां सौंपी



### फलक फातिमा को समारोह का प्रदेश संयोजक व नीरज कुमार को प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पासवा छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह को सफल बनाने के लिए गुरुवार को वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के कचहरी चौक स्थित सरकारी आवास में बैठक आयोजित हुई। इसमें सभी की जिम्मेदारियां तय की गयी। प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने बताया कि 10 जुलाई को मोगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स होटवार के हरिवंश टाना भगत स्टेडियम में समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस समारोह के मुख्य अतिथि पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर, वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, खेलमंत्री हफीजुल हसन और पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद होंगे। पासवा की प्रदेश महासचिव फलक फातिमा को समारोह का प्रदेश संयोजक व नीरज कुमार को प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया गया। बॉलिंटियर्स को रजिस्ट्रेशन की जिम्मेवारी सौंपी गयी। कार्यक्रम में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक लाने वाले सभी बोर्ड के विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए सभी की रजिस्ट्रेशन कराना होगा। व्हाट्सएप, ईमेल और विभिन्न सोशल मीडिया लिंक के द्वारा रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। बैठक में पासवा के प्रदेश उपाध्यक्ष लाल किशोर नाथ शाहदेव, अरविंद कुमार, डॉ राजेश गुप्ता छोटू, फलक फातिमा, संजय प्रसाद, डॉ सुषमा केरकेट्टा, आलोक विपिन टोप्पो,राशीद अंसारी, अल्ताफ अंसारी, अनिकेत कुमार, अभिषेक कुमार दूबे, मो अजहर आलम मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## चुटिया पुलिस को मिली थी अपहरण होने की सूचना

# गिरफ्तार, पूछताछ में पलामू में गोलीबारी का आरोपी निकला

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** चुटिया इलाके में उस समय हड़कम्प मच गया जब पुलिस को सूचना मिली कि किसी युवक को कार में अपहरण कर ले जा रहा है और कार में युवक छूटने का प्रयास कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत एक्टिव हुई, लेकिन जब सच्चाई पता चला तो मामला कुछ और निकला है। दरअसल, पलामू जिले के मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र के बेलवाटिका गुरुद्वारा के पास बाइक सवार अपराधियों ने एक युवक को बुधवार की रात गोली मार दी। गंभीर स्थिति में युवक को बेहतर इलाज के लिए नावाटोली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। युवक की पहचान साहित्य समाज चौक के पास रहने वाले राजू राम उर्फ छोटू डोम के रूप में हुई है। वहीं,गोली चलाने वाले युवक सूरज चंद्रवंशी पलामू से भागकर रांची आ गया था। जिसे रांची के चुटिया थाना पुलिस ने गुरुवार को दिन के करीब 11 बजे चुटिया से गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी को पलामू पुलिस को शाम में सौंप दिया गया है।

**कार में एक युवक को अपहरण कर ले जाने की सूचना पुलिस को मिली :** जानकारी के अनुसार गुरुवार को 11 बजे रांची के चुटिया थाना प्रभारी वेंकटेश कुमार को किसी ने सूचना दी कि चुटिया बाजार के मुख्य सड़क से एक कार के अंदर कुछ युवक मारपीट करते हुए बड़ी तेजी से नामकुम की ओर जा रहा है। एक युवक गाड़ी में चिल्लाते जा रहा है। आशंका है कि कहीं अपहरण करके तो नहीं ले जा रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस एक्टिव हो गयी। चारों ओर तुरंत घेराबंदी कर लिया गया। इसी बीच कार में बैठा एक युवक चुटिया के पॉवर हाउस चौक के पास कार से कूद कर रेलवे क्रॉसिंग की ओर भागने लगा। इसी दौरान पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी। वहीं कार चालक बड़ी तेजी कार लेकर नामकुम की फरार हो गया। कार से कूद कर भाग रहे युवक को थाना की गाड़ी में बैठा कर थाना लाया गया। चुटिया थाना में पूछताछ में अपना नाम सूरज बताया और कहा कि वो पलामू से ट्रेन आया है। अरगोड़ा स्टेशन में उतर कर ऑटो से कांटाटोली जा रहे थे, इसी बीच एक कार सवार दो युवकों ने उसे जबर्दस्ती कार में बैठा कर ले जाने लगा। इसी दौरान बाजार में भीड़ देख कर चिल्लाने लगे और कार का दरवाजा खोल कर कूद गये। उसके बाद पुलिस को देख कर पुलिस के पास आये, लेकिन जब चुटिया थाना प्रभारी वेंकटेश कुमार ने पलामू पुलिस से संपर्क कर युवक के बारे में पता लगाया, तो मालूम हुआ कि रात में एक युवक को गोली मारने की घटना में शामिल था और पलामू से भागा है, जिसे पुलिस ढूंढ रही है।

**क्या है मामला :** बताया जा रहा कि राजू राम उर्फ छोटू नामक युवक को बाइक सवार अपराधियों ने बुधवार की रात गोली मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद छोटू के दोस्तों ने उसे इलाज के लिए पहले मेदिनीनगर के सदर अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के बाद चिकित्सकों ने राजू की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया, लेकिन परिजन उसे शहर के ही डॉक्टर राहुल अग्रवाल के निजी अस्पताल में ले गये। स्थानीय लोगों के द्वारा घटना की जानकारी पुलिस को दी गयी। घटना की जानकारी मिलते ही शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा, टीओपी वन के प्रभारी रेवाशंकर राणा, टीओपी टू के प्रभारी रूद्रानंद सरस पुलिस बल के साथ घटनास्थल और अस्पताल पहुंच कर मामले की जानकारी ली और छानबीन में जुट गये। बताया जाता है कि राजू और उसके तीन दोस्त बेलवाटिका गुरुद्वारा के पास किसी काम से गये थे। वहां पर उन्हें देख कर 14 से 15 युवकों का ग्रुप घेर लिया और उनमें से सूरज कुमार नामक युवक ने गोली मारने की धमकी देते हुए छोटू के जबड़े में गोली मार दी। सूरज राजू से पूर्व परिचित है और तीन दिन पहले उनके बीच विवाद भी हुआ था। हालांकि पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पायेगी। वहीं घायल युवक के जबड़े से गोली निकाल दी गयी है। उसे भर्ती कर उसका इलाज किया जा रहा है। शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अभय कुमार सिन्हा ने बताया कि युवक खतरे से बाहर है। उसका इलाज चल रहा है। गोली मारने वाले युवक की पहचान सूरज कुमार चंद्रवंशी के रूप में हुई है।

# गर्मी की छुट्टी के बाद स्कूल खुले छात्र-छात्राएं काफी उत्साहित दिखे



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य के सभी स्कूल (सरकारी और गैर सरकारी) लंबी गर्मी छुट्टी के बाद गुरुवार से खुल गए। राज्य के विभिन्न हिस्सों में भीषण गर्मी के प्रकोप को देखते हुए झारखंड स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग ने तीसरी बार नोटिस जारी करते हुए 21 जून तक 8वीं कक्षा तक की सभी स्कूलों को बंद रखने का निर्णय लिया था। इससे पहले 12 से 14 जून को पहली बार और दूसरी बार 15 से 17 जून तक स्कूल बंद रखने का निर्णय लिया था। गर्मी छुट्टी के बाद स्कूली सभी छात्र-छात्राएं काफी उत्साहित दिखे।

**तीन बार बढ़ायी गयी थीं छुट्टियां :** सबसे पहले 12 जून को स्कूल खुलने वाली थी, जिसके एक दिन 11 जून को आदेश जारी करते हुए शिक्षा विभाग ने 12 से 14 जून तक राज्य के सभी स्कूलों को बंद रखने का निर्णय लिया था। लेकिन दिनों दिन बढ़ती भीषण गर्मी और हीटवेब की स्थिति को देखते हुए शिक्षा विभाग ने 14 जून को फिर से आदेश जारी किया जिसमें 15 से 17 जून तक सभी स्कूलों को बंद रखने का आदेश जारी किया गया था। इसके बाद 18 जून को रविवार के बाद राज्य के सभी स्कूल 19 जून से खुलने वाले थे। राज्यभर में लू और अत्यधिक गर्मी पड़ने के कारण शिक्षा विभाग ने फिर से तीसरी बार स्कूलों की गर्मी छुट्टी को बढ़ाने का फैसला लिया था। इस बीच 20 जून को रथयात्रा के कारण स्कूलों में पहले से ही सार्वजनिक अवकाश था। इस तरह से दो दिन यानी सिर्फ 19 और 21 जून को ही स्कूल बंद रहने से पढ़ाई प्रभावित हुई। विभाग ने अपने तीसरी बार के फैसले में 21 जून तक सभी सरकारी और निजी स्कूलों को बंद करने का निर्णय लिया था, जिसे स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग ने रविवार 18 जून को आदेश जारी कर इसकी जानकारी दी थी।

# आरोपी को बनाया जांच कमेटी का सदस्य यह संघ बर्दाश्त नहीं करेगा : अजय राय

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ ने तोरपा (खूंटी के अतिरिक्त प्रभार)के सहायक विद्युत अभियंता जितेंद्र कुमार के खिलाफ शिकायत रांची के विद्युत आपूर्ति क्षेत्र के महाप्रबंधक सह मुख्य अभियंता पीके श्रीवास्तव को एक ज्ञापन देते हुए इस पर त्वरित कार्रवाई की मांग की है। उल्लेखनीय है कि विगत 17 जून को सहायक विद्युत अभियंता तोरपा/खूंटी (अतिरिक्त प्रभार) जितेंद्र कुमार के आदेश पर मानव दिवस कर्मी अंबिका दास कार्य कर रहा था उसी क्रम में पदाधिकारी के गलत आदेश पर दुर्घटना का शिकार हो गया। अभी वह टीएमएच जमशेदपुर में जिंदगी और मौत से जूझ रहा है। इस सम्बंध में अजय राय ने कहा कि खूंटी के स्कूटीव इंजीनियर जानबूझकर जिस सहायक अभियंता जितेंद्र कुमार पर आरोप है उसी सहायक अभियंता को बचाने के लिए उसे जांच कमेटी का सदस्य बना दिया है। जिसे संघ किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि जितेंद्र कुमार का पूरे कार्यकाल का अगर जांच कराई जाए तो कितने बेनामी संपत्ति उन्होंने अवैध रूप से बनाया है। अंबिका दास बहुत ही गरीब घर का लड़का है वही उसके इलाज में प्रतिदिन वहां 20 से 25 हजार रुपये का खर्च वहन करना पड़ रहा है। यह सारी जानकारी दुर्घटनाग्रस्त अंबिका दास से ही संघ को मिली है। कहा कि संघ निवेदन करता है की एक उच्चस्तरीय कमेटी बनाकर अभियंता जितेंद्र कुमार के अभी तक के पूरे कार्यकाल की जांच कराई जाय । साथ-साथ अंबिका दास के दुर्घटना शिकार होने की उच्चस्तरीय जांच हो तथा उसके इलाज का पूरा खर्च विभाग वहन करें और दोषी पदाधिकारी को त्वरित कार्रवाई करते हुए 7 दिनों के अंदर इस सम्बंध में संघ को भी अवगत कराए अन्यथा संघ किसी ठोस कदम को उठाने के लिए मजबूर होगा जिसकी सारी जवाबदेही प्रबंधन की होगी।

## मुख्य सचिव सुखदेव सिंह से मिली मांडर की विधायक

# अप्रासंगिक कार्यालय आदेश के कारण अल्पसंख्यक विद्यालयों के 800 शिक्षकों की नौकरी समाप्त हुई : शिल्पी नेहा तिर्की

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने गुरुवार को मुख्य सचिव से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि विभागीय निदेशक के द्वारा जारी अनेक अप्रासंगिक कार्यालय आदेशों के कारण अल्पसंख्यक विद्यालयों को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संदर्भ में उन्होंने विशेष रूप से गत वर्ष जारी पत्र संख्या 1060 का जिक्र किया, जिसके कारण पिछले वर्ष 7 जून 2022 से 30 अगस्त 2022 तक अल्पसंख्यक विद्यालयों में नियुक्त 800 से अधिक सहायक शिक्षकों को अपनी नौकरी से हाथ धोना पड़ा है, जबकि उनमें से अनेक का वेतन निर्धारण भी हो चुका था। तिर्की ने मुख्य सचिव से अनुरोध किया कि वे विभागीय निदेशक कार्यालय द्वारा द्वारा जारी अनेक अप्रासंगिक आदेशों को संशोधित कर पुनः जारी करवाने का निर्देश दें क्योंकि उसके कारण अल्पसंख्यक विद्यालयों के सामने चुनौतियां खड़ी हो गयी है। उन्होंने कहा कि पत्र संख्या 1060 में विभागीय निदेशक के द्वारा यह कहा गया है कि सहायक शिक्षक की बजाय सहायक आचार्य की नियुक्ति की जानी थी, जबकि वास्तविकता कुछ दूसरी है। तिर्की ने मुख्य सचिव से कहा कि विभागीय स्तर पर अनेक बार होनेवाले स्थानांतरण, पदोन्नति या किसी अन्य परिवर्तन के कारण अनेक बार वैसे त्रुटिपूर्ण कार्यालय आदेश जारी हो जाते हैं। जैसा पहले कभी नहीं हुआ और वह जमीनी हकीकत के प्रतिकूल होते हैं। उन्होंने मुख्य सचिव से अनुरोध किया कि उनके स्तर से वैसे दिशा-निर्देश जारी किये जायें जिससे विभागीय स्तर पर किसी स्थानांतरण, पदोन्नति या किसी भी अन्य विभागीय परिवर्तन के कारण ऐसे अप्रासंगिक आदेश जारी न हों और अल्पसंख्यक विद्यालयों का संचालन एवं प्रबंधन बेहतर तरीके से चलता रहे।

# रांची जिला इंटर स्कूल कैरम प्रतियोगिता 25-26 जुलाई को

**रांची (आजाद सिपाही)।** जिला कैरम संघ, रांची के तत्वावधान में दिनांक 25.07.23 एवं 26.07.23 को रांची जिला इन्टर स्कूल कैरम प्रतियोगिता का आयोजन कैम्ब्रियन पब्लिक स्कूल, कांके रोड, रांची में होगा। इसमें छात्र/छात्राओं के अलग-अलग आयु वर्ग अंडर-14/अंडर-18 टीम का चयन होगा। चयनित खिलाड़ी ही नेशनल खेलने के लिए झारखण्ड कैरम टीम में शामिल होने की पात्रता प्राप्त करेंगे। प्रतियोगिता में प्रवेश की अंतिम तिथि 15.07.23 है। अधिक जानकारी हेतु 9431574192, 8210655556 पर संपर्क किया जा सकता है।


**शपथ पत्र**

शपथ पत्र संख्या 885 दिनांक 01.06.2023 के अनुसार **मैं, चिंता देवी,** पति कैलाश राणा, उम्र लगभग 34 वर्ष, धर्म-हिन्दू, राष्ट्रीयता - भारतीय निवासी साकिन ग्राम-बेकोबार, थाना-कोडरमा, जिला-कोडरमा (झारखंड), शपथ पूर्वक हल्फन ब्यान करती हूं।

1. यह कि मैं उपरोक्त पते की स्थायी निवासी हूं।
2. यह कि मेरा आधार नं.-9402 7725 2587 है जिसमें मेरा नाम चिंता देवी अंकित है।
3. यह कि मेरा बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा झुमरी तिलैया, जिसका खाता नं.-12070100000637 है जिसमें मेरा नाम सुनिता देवी अंकित है।
4. यह कि मैं चिंता देवी उर्फ सुनिता देवी उक्त दोनों नामों से जानी दो पहचानी जाती हूं तथा उक्त दोनों नाम की एक ही महिला हूं जो मैं स्वयं हूं।

# कड़े कदम जरूरी

मणिपुर हाइकोर्ट ने 27 मार्च को दिये अपने फैसले पर पुनर्विचार याचिका स्वीकार कर ली है और इस संबंध में केंद्र सरकार तथा राज्य सरकार को नोटिस जारी किया है। इस घटनाक्रम की अहमियत इस मायने में है कि हाइकोर्ट के 27 मार्च को दिये गये इस फैसले के बाद से ही राज्य में विभिन्न समुदायों के बीच तनाव का मौजूदा दौर शुरू हुआ, जो देखते देखते भीषण हिंसा का गवाह बन गया। इस फैसले में हाइकोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया था कि वह मैतेई समुदाय को एसटी स्टेटस देने की सिफारिश करे। ऐसे में इस फैसले पर पुनर्विचार याचिका का स्वीकृत होना स्वाभाविक ही सबका ध्यान खींच रहा है। मगर याद रखना चाहिए कि यह किसी सरकार का अपने किसी फैसले पर दोबारा विचार के लिए तैयार होने का मामला नहीं है। चूंकि हाइकोर्ट ही अपने फैसले की समीक्षा कर रहा है, इसलिए उसकी कसौटी न्याय भावना और संविधान, कानून, परंपराएं तथा उनकी व्याख्या ही होगी। फिर भी, हाइकोर्ट ने 27 मार्च के फैसले पर दोबारा विचार की प्रक्रिया शुरू कर दी है, यह सूचना मौजूदा हालात में कम महत्वपूर्ण नहीं। एक तो इससे 27 मार्च के फैसले पर तत्काल अमल की अनिवार्यता टल गयी है और दूसरे इससे यह संकेत भी मिला है कि न्यायपालिका के रवैये में खुलापन है, वह इस संबंध में किसी खास रुख को लेकर अड़ी हुई नहीं है। मौजूदा हालात में जब राज्य के मैतेई और कुकी आदि समूहों में खूनी टकराव की स्थिति बनी हुई है, यह पॉजिटिव संकेत काफी उपयोगी हो सकता है। इसके जरिए विभिन्न तबकों के बीच बढ़ गयी दूरी को कम करने की कोशिश की जा सकती है, लेकिन राज्य में फिलहाल सबसे बड़ा संकट ही यही है कि कोई ऐसी संस्था नहीं नजर आती जो समूची आबादी में विश्वास जगा सके। विभिन्न जाति समूहों से जुडे संगठनों की बात तो दूर रही, सुरक्षा बलों, कानून व्यवस्था की एजेंसियों और यहां तक कि सरकार की भूमिका को लेकर भी लोगों की राय बंटी हुई दिख रही है। खुद मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह और उनकी सरकार भी सवालों के घेरे में हैं। आलम यह है कि बीजेपी के विधायकों की ओर से भी इस सरकार पर न केवल पक्षपात के आरोप लगाये जा रहे हैं, बल्कि इसे हटाने की भी जरूरत बतायी जा रही है। हालांकि राज्य में अभी जिस तरह का तनाव भरा माहौल है, उसमें कभी-कभी सरकार की निष्पक्ष कार्रवाई भी पक्षपातपूर्ण मान ली जाती है, लेकिन आज जब इस सीमावर्ती संवेदनशील राज्य में पहली जरूरत शांति कायम करने की है, तो सही हो या गलत आम धारणा को ज्यादा समय तक अनदेखा नहीं किया जा सकता। केंद्र सरकार को समझना चाहिए कि उसे सख्त फैसले लेने होंगे, इससे पहले कि उनकी भी सार्थकता समाप्त होने लगे।

**चूंकि हाइकोर्ट ही अपने फैसले की समीक्षा कर रहा है, इसलिए उसकी कसौटी न्याय भावना और संविधान, कानून, परंपराएं तथा उनकी व्याख्या ही होगी। फिर भी, हाइकोर्ट ने 27 मार्च के फैसले पर दोबारा विचार की प्रक्रिया शुरू कर दी है, यह सूचना मौजूदा हालात में कम महत्वपूर्ण नहीं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**पश्चिम बंगाल में आठ जुलाई को पंचायत चुनाव होने हैं। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद अब कुछ ही दिनों में केंद्रीय बलों की तैनाती शुरू हो जायेगी। जाहिर है राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ऐसा नहीं चाहती थीं कि चुनाव में केंद्रीय बलों का दखल रहे, जिससे राजनीतिक कार्यकर्ता (जानबूझ कर टीएमसी कार्यकर्ता नहीं लिखा जा रहा है, क्योंकि पश्चिम बंगाल का इतिहास ऐसा रहा है कि जो भी सत्ता में होता है, कब्जे की पूरी कोशिश करता है) असहज न हों और जो करना चाहते हैं, कर सकें।**

# 2024 का गणित बना रहीं ममता दीदी

अकु श्रीवास्तव

चुनाव कराना हिंसा का लाइसेंस नहीं हो सकता। यह सच है कि (कोलकाता) उच्च न्यायालय के आदेश का आशय राज्य में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराना है, क्योंकि यहां एक ही दिन में पंचायत चुनाव हो रहे हैं। उच्च न्यायालय के आदेश में किसी हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है और शीर्ष अदालत इस बारे में उच्च न्यायालय द्वारा जारी किसी अन्य निर्देश में हस्तक्षेप करने की इच्छुक नहीं है। माननीय सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी पश्चिम बंगाल के पंचायत चुनावों में केंद्रीय बलों को तैनात करने के कोलकाता हाइकोर्ट के फैसले के खिलाफ दायर याचिकाओं को खारिज करते हुए की। ये याचिकाएं पश्चिम बंगाल सरकार और राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से दायर की गयी थीं।

पश्चिम बंगाल में आठ जुलाई को पंचायत चुनाव होने हैं। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद अब कुछ ही दिनों में केंद्रीय बलों की तैनाती शुरू हो जायेगी। जाहिर है, राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ऐसा नहीं चाहती थीं कि चुनाव में केन्द्रीय बलों का दखल रहे, जिससे राजनीतिक कार्यकर्ता (जानबूझ कर टीएमसी कार्यकर्ता नहीं लिखा जा रहा है, क्योंकि पश्चिम बंगाल का इतिहास ऐसा रहा है कि जो भी सत्ता में होता है, कब्जे की पूरी कोशिश करता है) असहज न हों और जो करना चाहते हैं, कर सकें।

यही वजह थी कि उनकी सरकार हाइकोर्ट के 13 जून के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंच गयी, जहां से उसे मायूसी मिली। ममता बनर्जी की हमेशा यही कोशिश रहती है कि किसी भी तरीके से केंद्रीय बल चुनाव के दौरान न आने पायें। जब दीदी ऐसा चाहती हैं, तो जाहिर है कि राज्य की पुलिस और राज्य निर्वाचन आयोग भी ऐसा ही चाह रहा था। शायद यही वजह थी कि इतने बड़े राज्य में पंचायत चुनाव एक ही दिन में कराने का फैसला किया गया। मुख्यमंत्री का यह दाव सुप्रीम कोर्ट ने भोथरा कर दिया।

**पश्चिम बंगाल में कुल 3317 ग्राम पंचायतें हैं। इन ग्राम पंचायतों की 63229 सीटें हैं, पंचायत समिति की 9730 सीटें हैं।**



**सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से भारतीय जनता पार्टी तो बहुत खुश है। वह जैसा चाहती थी, स्थिति वैसी बन गयी है। चुनाव के दौरान केंद्र के अपने बल राज्य में तैनात रहेंगे। भाजपा के प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा भी है कि सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से शायद पश्चिम बंगाल में निष्पक्ष चुनाव हो सकें।**

पश्चिम बंगाल में कुल 3317 ग्राम पंचायतें हैं। इन ग्राम पंचायतों की 63229 सीटें हैं, पंचायत समिति की 9730 सीटें हैं। इसके अलावा 22 जिला परिषदों की 928 सीटें हैं। इस तरह आठ जुलाई को कुल 73887 सीटों के लिए मतदान होगा। तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की टोली तो यही चाहेगी कि सब कुछ उनकी रणनीति के मुताबिक ही हो। यह रणनीति क्या होती है, सब जानते हैं। बमबारी और बूथ कैप्चरिंग के आरोप आम बात है।

पिछले चुनाव में तृणमूल कांग्रेस ने पंचायतों की करीब 90 फीसदी सीटों और सभी 22 जिला परिषदों पर कब्जा कर लिया था।

तब यह आरोप लगे थे कि तृणमूल कांग्रेस के लोगों ने ज्यादातर विपक्षी उम्मीदवारों को नामांकन पत्र ही दाखिल नहीं करने दिया या उन्हें वापस लेने पर मजबूर कर दिया था। इस साल भी उत्तर दिनाजपुर के चोपड़ा में नामांकन पत्र दाखिल करने के आखिरी दिन हिंसा और फायरिंग के आरोप लगे। वहां तृणमूल कांग्रेस ने 217 में 214 सीटें तो निर्विरोध जीत ली हैं। यह पंचायत चुनाव इसलिए भी महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि आगे 2024 के लोकसभा चुनाव हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में ममता बनर्जी को इसलिए तकलीफ हुई थी, क्योंकि भाजपा ने अप्रत्याशित रूप से 42 में से 18 सीटों पर कब्जा कर लिया था। इसलिए ममता बनर्जी यह बिल्कुल नहीं चाहेंगी कि ऐसी कोई पुनरावृत्ति हो।

चुनाव कार्यकर्ताओं के मनोबल पर लड़ा जाता है और पंचायत चुनाव इसका लिटमस टेस्ट है। ममता जानती हैं कि पिछले पंचायत चुनाव में 34 फीसदी सीटें निर्विरोध जीतने के बाद भी वह लोकसभा चुनाव में भाजपा को 18 सीटें जीतने से नहीं रोक पायी थीं। इसलिए इस बार यह पूरी कोशिश हो रही थी कि हिंसा न होने दी जाये, ताकि केंद्र को कोई मौका न मिल सके।

मगर आठ जून को जब पंचायत चुनावों की घोषणा हुई, तो पश्चिम बंगाल में भाजपा के विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने कलकत्ता उच्च न्यायालय में याचिका दायर की कि पंचायत चुनाव में हिंसा की आशंका है, इसलिए राज्य में निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव के लिए केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल तैनात किया जाये। उच्च न्यायालय ने 13 जून को इस पर फैसला भी दे दिया। यह फैसला शुभेंदु और भाजपा के पक्ष में गया। यह ममता बनर्जी के लिए परेशान करने वाला था। इस फैसले को तृणमूल पार्टी की ओर से सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गयी।

अब सुप्रीम कोर्ट ने भी यह संदेश दे दिया है कि पश्चिम बंगाल में चुनावी हिंसा का इतिहास रहा है। इसलिए ऐसा करना संभव नहीं है, जैसा पश्चिम बंगाल सरकार चाहती थी और राज्य निर्वाचन आयोग चाह रहा था। हालांकि राज्य की ओर से यह भी पेशकश की गयी थी कि राज्य की पुलिस चुनाव कराने में सक्षम है। अगर जरूरत महसूस होती है, तो केंद्रीय बलों की जगह अड़ोस-पड़ोस के पांच राज्यों की पुलिस बुलायी जा सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी तर्क दिया कि केंद्रीय बलों के आने से राज्य पर कोई वित्तीय बोझ नहीं पड़ेगा। इसलिए उन्हें ही जिम्मेदारी निभाने दीजिए।

सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से भारतीय जनता पार्टी तो बहुत खुश है। वह जैसा चाहती थी, स्थिति वैसी बन गयी है। चुनाव के दौरान केंद्र के अपने बल राज्य में तैनात रहेंगे। भाजपा के प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा भी है कि सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से शायद पश्चिम बंगाल में निष्पक्ष चुनाव हो सकें। हालांकि यह पहला मौका नहीं है, जब केंद्रीय बलों की तैनाती के बीच पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव हो रहे हैं।

पश्चिम बंगाल में चुनावी हिंसा का एक इतिहास रहा है। वर्ष 2003 के पंचायत चुनाव में 70 लोग मारे गये थे। वर्ष 2008 में भी 36 लोगों की मौत हुई। 2013 में जब केंद्रीय बलों की तैनाती थी, तब भी चुनाव में 39 लोगों की मौत हुई थी। हिंसा करने वाले तत्वों को बढ़ावा तो कतई नहीं दिया जा सकता। अब देखना है कि इस परीक्षा में राज्य कितना खरा उतरता है। अब चूंकि चुनावी हिंसा की जांच की जिम्मेदारी हाइकोर्ट ने सीबीआइ को सौंप दी है, इससे भी ममता दीदी को तकलीफ होगी।

## जमशेदपुर की खबरें

# जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने होटलों में भोजन गुणवत्ता की जांच की



आजाद सिपाही संवाददाता

**गम्हरिया।** गम्हरिया थाना क्षेत्र के होटलों में परोसे जाने वाले भोजन में मांस के गुणवत्ता की शिकायत मिलने पर कारैवाई की गई। शुक्रवार को जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी अदिति सिंह के नेतृत्व टीम के द्वारा होटलों में छापेमारी की गई। उधर जानकारी मिलते ही होटल संचालकों में हड़कंप मच गया। छापेमारी के दौरान फूड सेफ्टी ऑफिसर ने होटलों में परोसे जाने वाले भोजनों की जांच करते हुए सैम्पल लिया। इसी क्रम में महामाया होटल के किचन में गंदगी देख सेफ्टी ऑफिसर ने भड़क उठी। वही परोसे जाने वाले मांस के गुणवत्ता को लेकर संचालक को कड़ी फटकार लगाई। इस दौरान होटल को अगले आदेश तक के लिए सील कर दिया गया। बताया जा रहा है कि सड़े हुए मांस ग्राहकों को परोसा जा रहा था। वही खाद्य पदार्थ के मसालों में भी घटिया क्वालिटी का प्रयोग किया जा रहा था। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया फूड सेफ्टी मानकों के तहत ग्राहकों को खाद्य पदार्थ नहीं परोसे जाने की शिकायत पर कार्रवाई की गई। यह आगे भी जारी रहेगी। अदिति सिंह ने सभी दुकानदारों और होटल संचालकों को फूड सेफ्टी मानकों का पालन करते हुए होटल या रेस्टोरेंट संचालित करने का निर्देश दिया।

# पावर सब स्टेशन से छह लाख के सामान की लूट, क्षति भी पहुंचायी

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा:** किस्को थाना क्षेत्र के बानपुर गांव स्थित पावर सब स्टेशन में सिक्योरिटी गार्ड को बंधक बनाकर अपराधियों ने छह लाख रुपये मूल्य के बिजली सामग्री लूट लिया है। जानकारी अनुसार गत रात सात की संख्या में पहुंचे अज्ञात अपराधियों ने बानपुर पावर सबस्टेशन आपहुंचकर सिक्योरिटी गार्ड चंदर टाना भगत को बंधक बनाया और डरा-धमका कर करीब 37 लाख रुपये की सामग्रियों को नुकसान पहुंचाया है। जबकि छह लाख रुपये मूल्य के सामानों की लूटपाट कर ली है। घटना के बाद ब्रजकिशोर पांडे प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के मालिक द्वारा घटना की लिखित सूचना किस्को थाने को दी गयी है। जिसके बाद थाना प्रभारी पोलीकार्प टोप्पो एसआई आनंद मरांडी, पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर घटना का जायजा लिया।

मामले में थाना प्रभारी ने कहा कि मामले पर कांड संख्या 19/23 धारा 395 आईपीसी के तहत एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना में अनियमितता बरतने पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने जतायी नाराजगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** बिरसानगर में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माण कार्य में सुरक्षा मानकों की लगातार अनदेखी होने की सूचना मिलने पर कांग्रेस पार्टी के जिलाअध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने पहल शुरू कर दी। गुरुवार को जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के नेतृत में एक प्रतिनिधि मंडल कार्य स्थल का दौरा किया। इस दौरान अनियमितता का जानकारी मिलने पर उन्होंने काफी रोष व्यक्त की। दुबे ने संवेदक कंपनी के द्वारा अधिकृत तकनीशियन सुपरवाइजर की नियुक्ति नही करने और सेफ्टी संबंधित सुरक्षा अधिकारी की नियुक्ति नहीं होने पर नाराजगी जताई। मौके पर उन्होंने कहा कार्य मे श्रम अधिनियम की



अनदेखी की जा रही है। सुरक्षा उपकरण भी मजदूरों को नही दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जानकारी मिली संवेदक और अधिकृत विभाग के द्वारा जी प्लस 8 निर्माण कार्य मे लगभग 90 फुट उंचाई पर मजदूरों को वगैर मेडिकल जांच किये कार्य कराया जा रहा है जो गैरकानूनी है। मजदूर लगातार दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। बीते दिनों एक और मजदूर की मृत्यु हो गयी। पूर्व में भी मजदूर गिरने से मृत्यु हो चुकी हैं। ये मामला मजदूर हित के बिल्कुल खिलाफ है। उन्होंने कहा भवन निर्माण में प्रयोग किये जा रहे सामग्री भी गुणवत्तायुक्त नहीं है। कार्य के दौरान मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी भी नहीं मिल रही है। कांग्रेस पार्टी मजदूर हित के रक्षार्थ आंदोलन करेगी। उन्हें न्याय दिलाने के लिए पूर्वी सिंहभूम जिला के प्रभारी मंत्री, स्वास्थ्य मंत्री व संबंधित पदाधिकारियों तक मामलें की क्रमवार रखी जायेगी। इस मामले मे 24 जून को संध्या 5:00 बजे बिरसानगर कार्यस्थल में एक सभा का आयोजन की जायेगी। सभी सुरक्षा संबंधित विषयों के संग कार्य के प्रगति एवं गुणवत्ता पर निर्णय लिया जायेगा। उन्होंने कहा किसी भी कीमत पर झारखंड में महागठबंधन की सरकार बदनाम होने नही दिया जायेगा। हर हाल में गरीब और मजदूर हित में कार्य किये जायेंगे। मौके पर बिरसानगर प्रखंड अध्यक्ष संजय घोष, निखिल तिवारी, प्रसन्नजित सेन, संजय तिवारी और बस्तिवासी मौजुत रहे।

# आबकारी विभाग ने अवैध शराब के खिलाफ की कार्रवाई



आजाद सिपाही संवाददाता

**चांडिल।** सरायकेला खरसावां जिले के आबकारी विभाग ने गुप्त सूचना के आधार पर चौका थाना अंतर्गत बालीडीह गांव में नदी किनारे चल रहे तीन अवैध महुआ शराब चुलायी भट्ठियों को ध्वस्त कर दिया। मौके पर लगभग 700 किलो जावा महुआ को नष्ट किया गया। वही 45 लीटर महुआ शराब जब्त कर लिया। मिली जानकारी के मुताबिक शराब कारोबारी डोमन सिंह मुंडा, बुद्धेश्वर माझी और ठाकुर मांझी के द्वारा उक्त तीनों भट्ठियों का संचालन की जाती है। उधर सूचना मिलते ही मौके से सभी भाग निकले। फिलहाल इनके खिलाफ फरार अभियोजन दर्ज कर छापेमारी की जा रही है। इस संबंध में जानकारी देते हुए उत्पाद निरीक्षक निर्भय कुमार सिन्हा ने कहा कि जिले में अवैध शराब माफियाओं के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

# भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष का शहर में आगमन आज, रूट प्लान तैयार

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी शुक्रवार को लोहनगरी जमशेदपुर में आगमन होना है। उनके आगमन को लेकर भाजयुमो जिला अध्यक्ष अमित अग्रवाल के नेतृत में कार्यकताओं ने पूरी तैयारी पूरी कर ली। गुरुवार को भाजयुमो जिला अध्यक्ष ने इसकी जानकारी दी। मौके पर जिला अध्यक्ष अमित अग्रवाल ने बताया प्रदेश अध्यक्ष शहर के विभिन्न मंडलों में महाजनसंपर्क अभियान चलाएंगे। अभियान के दौरान 2 लाभार्थी संवाद सम्मलेन, 3 नव मतदाता



सम्मेलन,4 बाइक रैली में शिरकत करेंगे। श्री अग्रवाल ने बताया सभी मंडलों में लग कर रूट प्लान तैयार की गई है। प्रदेश अध्यक्ष सभी युवा मोर्चा के कार्यकर्ता से मिलेंगे। सभी मंडलों का भ्रमण कर आवश्यक दिशा निर्देश देंगे

# अवैध रूप से शहर में आरओ वाटर प्लांट का हो रहा संचालन



आजाद सिपाही संवाददाता

**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र में बिना लाइसेंस के आरो मिनरल वाटर प्लांट का संचालन होने का मामला सामने आया है। हालांकि आरो मिनरल वाटर का पानी अधिकतर लोग जरूरत के अनुसार इस्तेमाल करते है। लेकिन शायद ही क्षेत्र के कोई पदाधिकारी प्लांट का जांच करते हुए दिखाई देते हैं। वैसे सरकारी कार्यालय, शादी, निजी कार्यालय,घरों,दुकानों और अन्य जगहों पर आरो मिनरल वाटर प्लांट का पानी आपूर्ति की जाती है। पानी में कैल्शियम, मैग्नीशियम, आयरन सहित सभी तरह के मिनरल्स मौजूद होते हैं, लेकिन इसमें कितने मानक के अनुरूप होना चाहिए यह साफ पता नहीं चल पाता है। वैसे पानी का प्लांट चलाने के लिए लाइसेंस जिला सिविल सर्जन कार्यालय से प्राप्त किया जाता है। साथ ही पानी की गुणवत्ता जांच के लिए निजी लैब और टेक्नीशियन की मौजूदगी होनी चाहिये, लेकिन क्षेत्र में लगभग आरो मिनरल वाटर प्लांट में इन सभी सुविधा उपलब्ध नहीं है। बिना लाइसेंस के ही धड़ल्ले से कार्य चल रही हैं। इसका असर कभी भी आम नागरिकों के जिंदगी में पड़ सकता है। इस संबंध में प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ अशोक कुमार ने बताया आरो का पानी तब तक लाभदायक है जब तक इसकी गुणवत्ता एवं सही मानकों के अनुरूप हो। जरूरत से ज्यादा टीडीएस कमी होने के कारण भी सेहत पर नुकसान पहुंच सकता है। उन्होंने बताया आरो प्लांट का पानी नियमित रूप से जांच करवाते रहना चाहिए। उधर क्षेत्र में प्रचंड गर्मी के दौरान अवैध रूप से पानी के प्लांट खुल जाने से आसपास के सभी बोरिंग सूखने के कगार में है। अवैध संचालित आरो वाटर प्लांट को रोका नहीं गया तो पानी से प्यास बुझाने के लिए आम नागरिको का परेशानी बढ़ सकता है।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 23 जून, 2023
www.azadsipahi.in



## महत्वपूर्ण न्यूज

### लक्ष्य पवित्र नहीं हो, तो वरदान भी शाप बन जाता है : जीयर स्वामी



**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** लक्ष्य पवित्र नहीं हो तो वरदान भी शाप बन जाता है। अपने साधन और सामर्थ्य को समाज हित में लगाएं। दूसरे के अहित के प्रयोजन से उपर्युक्त सहयोगी साधन भी विपरीत परिणाम देने लगते हैं। नकारात्मक विचार और कुकृत्य से समाज में व्यक्ति को यथोचित सम्मान प्राप्त नहीं होता है। इसलिए नकारात्मक भाव मन में अंकुरित भी नहीं होने दें। श्री जीयर स्वामी ने कहा कि व्यक्ति को ईश्वर द्वारा प्राप्त शरीर और संसाधनों का कभी दुरुपयोग नहीं करना चाहिए। ऐसा करने से शक्ति और साधन क्षीण होते हैं और समाज, व्यक्ति को हेय दृष्टि से देखता है। उन्होंने कहा कि गलत आहार, गलत व्यवहार एवं शास्त्र-विरुद्ध विवाह के कारण जीवन में शांति नहीं मिलती। बल्कि जीवन संकटमय हो जाता है। हमारे बोलने और देखने की शैली अच्छी नहीं हो तो जीवन निराशपूर्ण हो जाता है। स्वामी जी ने कहा कि वाणी पर संयम रखना चाहिए। बिना सोचे-विचारे कुछ नहीं कहना चाहिए। शास्त्र के अनुकूल वाणी बोलनी चाहिए। मन से सोचकर वाणी बोलनी चाहिए। जो शिक्षा, भगवान, संत और शास्त्र के विरोधी हों, वह शिक्षा ग्राह्य नहीं है।

### रमना में वन विभाग की टीम ने चार ट्रैक्टर खैर की लकड़ी जब्त की



**रमना (आजाद सिपाही)।** वन विभाग की टीम रमना थाना पुलिस के सहयोग से टंडवा बांकी नदी पुलिया से पुरब तट के करीब से परिवहन के लिए रखी गयी चार ट्रैक्टर खैर की लकड़ी को बुधवार को देर रात्रि जब्त कर रमना स्थित वन परिसर कार्यालय ले आयी है। जब्त की गई खैर की लकड़ी का अनुमानित मूल्य दस लाख रुपए बताया गया है। प्रभारी वनपाल नीरज कुमार मेहता ने बताया कि वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी गढ़वा को मिली सूचना और निर्देश के आलोक में बुधवार को देर शाम रमना थाना के एसआई विवेक पंडित व जवानों के साथ टंडवा में बांकी नदी पुलिया के समीप तट पर छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी अभियान के दौरान बड़े पैमाने पर खैर की लकड़ी काट कर रखी गई थी। जिसे जब्त करते हुए चार ट्रैक्टरों के माध्यम से वन परिसर में लाया गया। छापेमारी दल में प्रभारी वनपाल नीरज कुमार मेहता के साथ वनरक्षी सचिन कुमार, नवीन कुमार शुक्ला, ध्रुव कुमार, राजू कुमार, राजीव रंजन कुमार, प्रवीण कुमार शुक्ला व मनीष टोप्पो शामिल थे।

### ग्रामीणों ने सीओ व थाना प्रभारी को आवेदन देकर सड़क की मिट्टी काटने के आरोपी के विरुद्ध की कार्रवाई की मांग



**कांडी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बहेरवा गांव के हथियाखांड़ टोला स्थित एक सड़क को काटने का मामला प्रकाश में आया है। हथियाखांड़ टोला के दर्जनों ग्रामीणों ने गुरुवार को कांडी सीओ व थाना प्रभारी को लिखित आवेदन देकर सरकारी भूमि पर बनी सड़क की मिट्टी को काट रहे बसंत राम के विरुद्ध कानूनी करवाई करने की मांग की है। ग्रामीणों द्वारा सीओ को दिए गए आवेदन के अनुसार बसंत राम लगातार मनमानी करता है। गलत करने से रोकने पर देख लेने की धमकी देता है। मालूम हो कि हथियाखांड़ के ग्रामीणों ने लगभग डेढ़ माह पूर्व सीओ को आवेदन देकर सड़क की भूमि की मापी कराकर सड़क अलग करायी थी। उस वक्त भी बसंत राम लोगों को धमकी दे रहा था। जब सड़क बन गई तो उसकी मिट्टी को भी काटकर लोगों को परेशान किया जा रहा है। ग्रामीणों ने सीओ व थाना प्रभारी को आवेदन देकर दोषी के विरुद्ध उचित कार्रवाई करने की मांग की है। आवेदन देने वालों में सुजीत राम, योगेंद्र राम, रविंद्र राम, दीपक राम, भोला राम, अमरेश राम, कृष्णा राम, ललिता देवी, ममता देवी, सुनीता देवी, रीता देवी, धनपतिया देवी व सुमन देवी सहित एक दर्जन लोगों के नाम शामिल हैं।

### आंगनबाड़ी संघ की पूर्व अध्यक्ष मंगल माया देवी के निधन पर शोक व्यक्त

**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका अनुमंडल मुख्यालय की सलेया गांव निवासी स्व. शिक्षक मनोहर राम की पत्नी एवं आंगनबाड़ी संघ रंका की पूर्व अध्यक्ष मंगल माया देवी का गतरात्रि हृदय गति रुक जाने के कारण निधन हो गया। बताते चलें कि वह विगत 20 वर्षों से आंगनबाड़ी सेविका संघ रंका प्रखंड अध्यक्ष के रूप में कार्यरत थीं। उनके निधन से आंगनबाड़ी सेविकाओं सहित अन्य गणमान्य लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। वहीं सेवानिवृत्त शिक्षक कुलदीप ठाकुर, झामुमो प्रखंड सचिव सह खरडीहा पंचायत मुखिया प्रतिनिधि पप्पू यादव, पूर्व मुखिया अनिल चंद्रवंशी, अरूण कुमार, बाल श्रम आयोग के पूर्व अध्यक्ष दिलीप सिंह, पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह सहित अन्य लोगों ने दुःख व्यक्त करते हुए कहा है कि मंगल माया देवी महिला सशक्तिकरण के लिए संघर्षरत रहीं। महिला बाल विकास एवं शिक्षा के क्षेत्र में उनका सराहनीय योगदान रहा है।

# महिला को ससुराल वालों ने मारपीट कर सड़क पर फेंका

## टाइगर मोबाइल के जवान ने पेश की मानवता की मिसाल, अस्पताल में कराया भर्ती

**खबर मिलते ही मायके से माता-पिता सदर अस्पताल पहुंचे और गढ़वा सदर थाना में मामला दर्ज कराया**

आजाद सिपाही संवादाता

**कांडी।** थाना क्षेत्र के गोसांग गांव निवासी सुदर्शन प्रजापति की बेटी को उसके ससुराल वालों ने मारपीट कर सड़क पर फेंक दिया। संयोग से उसी रास्ते से गुजर रहे टाइगर मोबाइल के जवान इंद्र कुमार मंडल की नजर उस पर पड़ी। उन्होंने उस घायल महिला को ले जाकर सदर अस्पताल में भर्ती कराया। उसी के फोन से महिला के मायके का नंबर निकाल कर घटना की सूचना दी। खबर मिलते ही मायके से माता-पिता आदि सदर अस्पताल गढ़वा पहुंच गए। इस मामले को लेकर गढ़वा सदर थाना में मामला दर्ज कराया है। इस बाबत मारपीट से घायल शोभा देवी ने कहा कि मेरे साथ बराबर मारपीट एवं प्रताड़ित किया जाता है। ससुराल वाले पांच लाख नगद, फ्रीज एवं कूलर की मांग करते हैं। कहते हैं कि मायके से ये सब नहीं लाई तो तुम्हें मार कर फेंक देंगे। एक लाख में तो सारा केस रफा-दफा हो जाएगा। शोभा के पिता सुदर्शन प्रजापति ने कहा कि इस तरह से बेटी को बराबर प्रताड़ित किए जाने, मारपीट किए जाने एवं दहेज की मांग किए जाने को लेकर छोटी-बड़ी मिलाकर 10 बार पंचायती की गई है। मेरे गांव के संतोष प्रजापति, अशोक प्रजापति एवं अयोध्या प्रजापति आदि सभी पंचायती में उपस्थित रहे हैं। हर बार उन लोग आगे से ऐसा नहीं करने की बात कह कर समझौता कर लेते थे। लेकिन रवैया वही जारी रहता था। कहा कि चार बार बेटी के साथ मारपीट करते हो गया। अगर कल मेरी घायल बिटिया को पुलिस ने नहीं देखा होता तो कुछ भी हो सकता था। सुदर्शन प्रजापति ने बताया कि वर्ष 2015 के वैशाख महीने में बेटी का विवाह हनुमान नगर सहीजना निवासी चंद्रकांत प्रजापति के पुत्र सतवंत प्रजापति के साथ किया था। हिंदू रीति रिवाज के साथ की गई शादी में अपनी शक्ति से बढ़कर दान दहेज दिया था। अभी इसके छह व तीन साल के दो बच्चे हैं। इसकी ससुराल का परिवार काफी संपन्न परिवार है। बावजूद इसके उन लोग दहेज के लोभी हैं। मेरी बेटी के साथ इसी तरह बराबर मारपीट किया करते हैं। मेरी बेटी को कुछ नहीं देते। अभी घर में मात्र थोड़ा सा चावल बचा है। आटा सब्जी कुछ नहीं है। इसका दो मोबाइल पटककर तोड़ दिए। फिर हमलोग एक छोटा सा मोबाइल दिए हैं। उसी से पुलिस ने सूचना दी थी। कहां तक कहें, इसका पति इससे बात भी नहीं करता।



**भला हो पुलिस के उस जवान का जो मेरी बिटिया का भाई बन कर उसे बचाकर अस्पताल पहुंचाया : पिता**

घायल शोभा देवी के पिता ने बताया कि बेटी के ससुर व दामाद बाहर नौकरी करते हैं। वहीं से उन्होंने शोभा को मार डालने के लिए कहा। कहा कि हमलोग बाहर हैं इसलिए नहीं फंसेंगे। इसके बाद बीते बुधवार को उसके देवर सतीश प्रजापति एवं सास प्रमिला देवी ने बेटी को मार कर बुरी तरह घायल कर फेंक दिया। शोभा के माथा, नाक व हाथ में जख्म हैं। चोट के कारण एक पैर सुन्न हो गया है। उसके छह साल का बेटा प्रियांशु ने बताया कि दादी व चाचा ने मां को डंडा व कुर्सी से मारा है। वह तो भला हो पुलिस के उस जवान का जो मेरी बिटिया का भाई बनकर उसे बचाकर अस्पताल पहुंचाया।

## झामुमो गढ़वा, रंका और श्री बंशीधर नगर अनुमंडल कमेटी का गठन

**सभी नव चयनित पदाधिकारियों को दी गयी जिम्मेवारी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा गढ़वा जिला कार्यकारिणी की बैठक बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह की उपस्थिति में परिसदन भवन में संपन्न हुई। बैठक में गढ़वा, रंका एवं श्री बंशीधर नगर अनुमंडल कमेटी का गठन किया गया।

जानकारी देते हुए जिला बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह ने बताया कि सरकार की योजना को जन जन तक पहुंचाने के लिए संगठन के सभी पदाधिकारियों को दायित्व दिया गया है ताकि समाज के अंतिम अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। गढ़वा में झामुमो के काम से जनता काफी खुश है। पूर्व के जनप्रतिनिधियों ने यहां की जनता को केवल ठगने और गुमराह करने का काम किया। मौके पर अनुमंडल के पदाधिकारियों की घोषणा करते हुए जिला अध्यक्ष तनवीर आलम ने कहा कि गढ़वा अनुमंडल का हरेंद्र चौधरी अध्यक्ष, अजय ठाकुर सचिव, नारद तिवारी, जलेंद्र सिंह, मुजीबुर्र रहमान, बिनेश्वर चौधरी, अनिल सिंह, शमशेर अंसारी को उपाध्यक्ष तथा सद्दाम अंसारी मीडिया प्रभारी बनाये गये हैं। रंका अनुमंडल का जैनुल अंसारी को अध्यक्ष, राम सागर यादव को सचिव, गंगेश्वर सिंह, हीरामन सिंह, अनिल चंद्रवंशी, हृदया मिंज, शिलानंद तिग्गा, संदीप गुप्ता, देवेंद्र तिवारी को उपाध्यक्ष तथा शिव कुमार रवि को मीडिया प्रभारी बनाया गया है। जबकि श्री बंशीधर नगर अनुमंडल का मुक्तेश्वर पांडेय को अध्यक्ष, श्रवण सिंह खरवार को सचिव, ग्यासु अंसारी, सीता पासवान, रघुनाथ चौधरी, धर्मेंद्र यादव व विश्वंभर राम उपाध्यक्ष तथा प्रदीप सिंह को मीडिया प्रभारी बनाया गया। मौके पर जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष नतेश सिंह ने कहा कि गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के नेतृत्व में झामुमो काफी मजबूत हो रहा है। उनके विकास कार्यों से प्रभावित होकर लोगों का रुझान झामुमो की ओर बढ़ रहा है। अब तक काफी संख्या में दूसरे दलों के कार्यकर्ता झामुमो में शामिल हो चुके हैं। पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को उनके कार्यों की जिम्मेवारी सौंपी जा रही है।



बैठक में मुख्य रूप से जिला सचिव मनोज ठाकुर, आशुतोष पांडेय, शरीफ अंसारी, फैजल अहमद, आशीष गुप्ता, अरविंद यादव गुलाब सिंह, करीब अंसारी, ललन राम, गंगेश्वर सिंह, संजय छोटू, जितेंद्र ठाकुर, पप्पू यादव, सूरज चंद्रवंशी, प्रताप सिंह सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## हल्की बारिश ने नगर पंचायत के विकास की खोल दी पोल

**शहर के सभी नाले जाम होने के कारण दुकानों और घरों में घुसा पानी**

**मंझिआंव (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत क्षेत्र में करीब एक घंटे हल्की बारिश हुई, जिससे मझिआंव बाजार के गली कस्बा और मुख्य बाजार के नाली जाम होने के कारण नाली के किनारे स्थित दुकानों और घरों में पानी घुस गया। वहीं दुकानों में पानी घुसने से समान भींगने के कारण व्यापारियों को आर्थिक नुकसान भी हुआ। मुख्य बाजार निवासी रमेश जयसवाल (मुस्कान मोबाईल) के घर में नाली का गंदा पानी लगभग दो फिट भर गया। जिससे इनके घर एवं दुकान का सारा सामान भींगकर खराब हो गया है। वहीं मुख्य बाजार तीनमुहान के पास कमलापुरी होटल, पुराने हॉस्पिटल के सामने रघुनाथ प्रसाद के घर में नाले का गंदा पानी घुस गया। वहीं युवा समाजसेवी मारुतिनंदन सोनी ने नगर पंचायत कार्यालय के पदाधिकारियों पर आरोप लगाते हुए कहा कि नगर पंचायत को सिर्फ समय पर हाल्डिंग टैक्स, और नाना प्रकार के टैक्स चाहिए लेकिन क्षेत्र में विकास के नाम पर हवा हवाई है। वहीं दुकानों और घरों में पहली बारिश का पानी घुसने के कारण पूरे बाजार के व्यापारियों में नगर पंचायत के प्रति काफी रोष व्याप्त है।



### वज्रपात से युवक की मौत

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के चपरी गांव में गुरुवार दोपहर में हुई वज्रपात से एक युवक की मौत हो गई। मृत युवक चपरी निवासी नगीना साह का पुत्र सिबल साह (38) बताया जा रहा है। आनन फानन में परिजन उसे इलाज के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सको ने जांचोपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा के बाद अंत्यपरीक्षण हेतु सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया। जानकारी के अनुसार सिबल साह गुरुवार की दोपहर बकरी चराने घुटघुरी पहाड़ी की तरफ गया हुआ था, इसी बीच वज्रपात की चपेट में आने से घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई।

### आरकेपीएस का छात्र राहुल कुमार गुप्ता नीट की परीक्षा में हुआ सफल



RAHUL KUMAR GUPTA

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** नीट यूजी 2023 की परीक्षा में आर के पब्लिक स्कूल गढ़वा का छात्र राहुल कुमार गुप्ता ने सफलता हासिल कर जिले का नाम रौशन किया है ।उसने इस परीक्षा में 720अंक में 650अंक पा कर ऑल इंडिया में 6973 रैंक और ओबीसी-एनसीएल कैटेगरी में 2496रैंक प्राप्त किया। राहुल 2018 में शहर के प्रतिष्ठित स्कूल आर के पब्लिक से 80.6%से मैट्रिक की परीक्षा पास किया था। वह परमेश्वर जी टेंट, चिरौंजिया के प्रोपराइटर परमेश्वर प्रसाद गुप्ता का पुत्र है ।उसकी इस शानदार सफलता पर उसके परिवार और स्कूल परिवार में खुशी व्याप्त है। उसने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन को दिया है।स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद् श्री अलखनाथ पांडेय ने राहुल की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उसे हार्दिक बधाई दी और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यालय, जिला परिषद, लोहरदगा
(अभियंत्रण कोषांग)
शुद्धि पत्र
इस कार्यालय द्वारा निकाले गए निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 03/2023–24 विज्ञापन संख्या –PR.NO.300330 Lohardaga(23-24):D में अग्रधन की राशि 20000.00 के स्थान पर 200000.00 पढा जाय।
शेष यथावत् रहेंगे। जिला अभियन्ता, जिला परिषद, लोहरदगा।
PR 300604 Lohardaga(23-24)D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
शुद्धि –पत्र
अति अल्पकालिन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–SD/LATEHAR/08/2023-24 जिसका PR No- 299723 Rural Development (23-24)D में निम्न प्रकार आंशिक संशोधित किया जाता है:–
(1) क्रमांक–3. में अंकित ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि–26.06.2023 के स्थान पर 04.07.2023 पढ़ा जाय।
(2) क्रमांक–4. में अंकित ई–निविदा में तकनीकी योग्यता दस्तावेज जमा करने की तिथि–27.06.2023 के स्थान पर 05.07.2023 पढ़ा जाय।
(3) क्रमांक–6. में अंकित ई–निविदा खोलने की तिथि–28.06.2023 के स्थान पर 06.07.2023 पढ़ा जाय।
निविदा की अन्य शर्तें पूर्ववत रहेगी।
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
PR 300601 Rural Development(23-24)D

अनुमंडल पदाधिकारी-सह-अनुमंडल दण्डाधिकारी का कार्यालय,खूँटी
–: सूचना :–
श्री अजित कंडुलना, जनसेवक, अड़की प्रखण्ड के विभागीय कार्यवाही के निमित्त दिनांक – 21.06.2023 को अधोहस्ताक्षरी–सह–संचालन पदाधिकारी के कार्यालय में उपस्थित होना था, परन्तु सूचना मिली है कि अधोहस्ताक्षरी–सह–संचालन पदाधिकारी द्वारा निर्गत नोटिस को लेने से इन्कार किया गया।
अतः इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि विभागीय कार्यवाही के निमित्त दिनांक– 06.07.2023 को अपने साक्ष्य के साथ अचुक रूप से अधोहस्ताक्षरी–सह–संचालन पदाधिकारी के कार्यालय में पूर्वाहन् 11:00 बजे उपस्थित होना सुनिश्चित करें, अन्यथा आपके अनुपस्थिति के स्थिति में एकतरफा कार्रवाई की जायेगी।
इसे सख्त ताकिद जाने। अनुमंडल पदाधिकारी, खूँटी
PR 300596 District(23-24).D

जिला निर्वाचन पदाधिकारी(नगरपालिका)-सह-उपायुक्त का कार्यालय,खूँटी
–प्रेस विज्ञप्ति–
राज्य निर्वाचन आयोग झारखण्ड रांची के पत्रांक 472 दिनांक 02.06.2023 के द्वारा आगामी नगरपालिका आम चुनाव 2023 के मतदाता सूची की तैयारी संबंधी निर्धारित कार्यक्रम में मतदाता सूची तैयार किया जाना है।
मतदाता सूची तैयारी संबंधित निर्धारित कार्यक्रम निम्नवत् है:–

| क्र. | मतदाता सूची की तैयारी का कार्यक्रम | समय सीमा |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1. | मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन | 19.06.2023 |
| 2. | दावा एवं आपत्ति प्राप्त करना | 01.07.2023 तक |
| 3. | दावा एवं आपत्ति का निराकरण एवं मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन | 06.07.2023 तक |

प्रारूप मतदाता सूची विनिर्दिष्ट स्थानों (नगर पंचायत कार्यालय, सभी मतदान केन्द्र, वार्ड पार्षद कार्यालय) मतदाताओं की निरीक्षण हेतु लगातर दस दिनों तक (सार्वजनिक अवकाश के दिनों को छोड़कर) प्रातः 11:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक रखी जाएगी। यदि कोई व्यक्ति दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना चाहे तो उक्त स्थल पर प्रतिनियुक्त पर्यवेक्षक/बी0एल0ओ0 को प्रपत्र 'क' (परिशिष्ट–1) एवं प्रपत्र–'ख' (परिशिष्ट–2) में अपना दावा/आपत्ति लिखकर दें सकेंगे। जिसके लिए उसे संलग्न प्रपत्र में पावती रसीद दी जाएगी। परिशिष्ट–3 में प्रपत्र 'क' एवं प्रपत्र 'ख' में दिए गए दावा/आपत्ति की सुनवाई हेतु निर्धारित स्थल एवं तारीख की सूचना प्राप्ति की पावती रसीद आवेदक को दी जाएगी।
जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी(नगरपालिका)
–सह–
जिला आपूर्ति पदाधिकारी, खूँटी
PR 300628 Election(23-24).D

कार्यक्रम : आरकेवीएस संस्थान में भाजपा का महाजनसंपर्क अभियान के तहत लाभार्थी सम्मेलन आयोजित

## कार्यक्रम : आरकेवीएस संस्थान में भाजपा का महाजनसंपर्क अभियान के तहत लाभार्थी सम्मेलन आयोजित

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर है : वीडी राम

**गढ़वा बाईपास का निर्माण लगभग 90 प्रतिशत पूरा हो चुका है लेकिन राज्य सरकार जान-बूझकर रोड़ा अटका रही है : अलखनाथ पांडेय**

आजाद सिपाही संवाददाता





**गढ़वा।** स्थानीय आरकेभीएस संस्थान सोनपुरवा में भाजपा द्वारा चलाया जा रहा है महा जनसंपर्क अभियान के तहत लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन के मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर है। मोदी जी का आत्मनिर्भर अभियान की सराहना देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी हो रही है।

महाअभियान में प्रमंडलीय प्रभारी गणेश मिश्रा ने लाभार्थियों को मोदी जी के द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि सह महाजनसंपर्क अभियान के जिला संयोजक अलखनाथ पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर एक भी भ्रष्टाचार का आरोप नहीं है। वहीं 2014 के पूर्व की सरकार में प्रत्येक महीने में कोई न कोई एक भ्रष्टाचार उजागर होता था। साथ ही राज्य सरकार के उदासीन रवैये की चर्चा करते हुए कहा कि आज गढ़वा शहर में जाम की स्थिति हमेशा बनी हुई है, जबकि गढ़वा बाईपास का निर्माण लगभग 90 प्रतिशत पूरा हो चुका है। लेकिन वोट की राजनीति के कारण राज्य सरकार सड़क निर्माण में जान-बूझकर रोड़ा अटका रही है।

कार्यक्रम में भाजपा नेता सूरज गुप्ता, जिला महामंत्री संतोष दुबे, मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप, गढ़वा शहरी क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि चंदन जयसवाल, सांसद प्रतिनिधि कमलेश नंदन सिन्हा, चंद्रमणि पाठक, रूपू महतो, मिथिलेश तिवारी ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार चौबे ने किया। कार्यक्रम में काफी संख्या में लाभार्थी महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित थे।

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–2, राँची
अल्पकालीन निविदा /कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या–16/2022–23
1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, रॉंची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 11.07.2023 को 1.00 बजे अपराह्न तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 12.07.2023 का 3.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 12.07.2023 को 3.30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : 1) अधीक्षण अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–2, रॉंची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा 2) कार्यपालक अभियन्ता,भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, रॉंची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष रॉंची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष रॉंची, कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, रॉंची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय
8. कार्य की विवरणी

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0) | अग्रधन की राशि (रू0) | कार्य समाप्ति की अवधि। | आवश्यक यंत्र–संयत्र |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Day to Day Maintenance Cleaning and wiping work in office,Room,Corridor,Stair Room and Outside of the building of Russian Hostel at Old Vidhan Sabha Campus HEC Dhurwa,Ranchi for the year 2023-2024. | 29,6 5,900.00 | 5000.00 | 60,000.00 | Eight Months | 1.Singal Disk Scrubbing Machine-2Nos. 2. Walk behind auto scrubber cum Drier Machine.-01Nos. 3. High jet pressure cleaner machine.—01Nos. 4. Professional wet and dry vaccume cleaner machine.-02Nos |

नोट :निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।
कार्यपालक अभियन्ता
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्डल संख्या–2, राँची
PR 300657 (Building) 23-24 (D)

## तमाड़ में आजसू कार्यकर्ताओं ने संकल्प दिवस के रूप में मनाया पार्टी का स्थापना दिवस



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** सालगाडीह में आजसू के स्थापना दिवस को कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को संकल्प दिवस के रूप में मनाया। पार्टी के केंद्रीय सचिव संजय कुमार महतो, उलगुलान फाउंडेशन के उपाध्यक्ष सह तमाड़ विधानसभा प्रभारी राम दुर्लभ सिंह मुंडा, विजय सिंह मानकी, परमेश्वरी सांडिल, गूँजल ईकीर मुंडा, सुकरा सिंह मुंडा, तारा चांद सिंह मुडा, उमेश नायक, भय भंजन महतो, केशव चंद्र महतो, कृष्णा सिंह मुंडा, प्रेम गुप्ता, संतोष महतो, धनेश्वर महतो, सुनीता देवी, उमेश्वरी देवी और शक्ति पद महतो ने अपने-अपने विचार रखे। इस अवसर पर झारखंड आंदोलनकारी राजेंद्र मेहता, मेघनाद महतो, मकसूद अंसारी, देवनाथ महतो, फणी राम महतो को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता तमाड़ प्रखंड पश्चिमी अध्यक्ष जगदीश गुप्ता एवं संचालन तमाड़ प्रखण्ड प्रभारी सह रांची जिला वरीय उपाध्यक्ष श्याम कुमार महतो ने किया। इस मौके पर केंद्रीय सदस्य प्रत्युष प्राषाण, धनु कुमार नाग, हर-देव महतो, गुलाम चंद्र महतो, अशोक सेठ, चंद्र प्रकाश महतो, जिला सचिव दिलीप कोइरी, बासुदेव महतो, नंद किशोर महतो, धीरण महतो, संजू बाबा, अनिल महतो, पंकज महतो आदि मौजूद थे।

## आजसू के स्थापना दिवस पर धात्री महिलाओं के बीच ब्रेड-फल वितरित



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** आजसू के 37वें स्थापना दिवस को गुरुवार को कार्यकर्ताओं ने संकल्प दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर तमाड़ प्रभारी राम दुर्लभ सिंह मुंडा के नेतृत्व में बुंडू ट्रामा सेंटर में धात्री महिलाओं के बीच ब्रेड एवं फल का वितरण किया गया। मौके पर सुनील जायसवाल, दिलीप साहू, कड़िया मुंडा, पीयूष मुंडा, दुर्लभ चंद्र महतो और नंदकिशोर महतो आदि उपस्थित थे।

## झामुमो की बैठक में सदस्यता अभियान को लेकर समीक्षा



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** स्थानीय डाक बंगला में गुरुवार को झामुमो के जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। जिसमें सदस्यता अभियान की समीक्षा की गयी और संगठन की मजबूती को लेकर चर्चा की गयी। बैठक में निर्णय लिया गया कि 26 जून को खूटी के तमाड़ मोड़ पर सुबह 10 बजे से सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया, केंद्रीय सदस्य मकसूद अंसारी, भोला नाथ लाल, सुदीप गुड़िया, हेमंत तोपनो, सुशील पहान, स्नेहलता कंडुलना, ऊषा धान, सह जिला उपाध्यक्ष मंगन मंजीत तिड़ू, गुलशन सिंह मुण्डा, मोजीर अंसारी, वीरेंद्र सिंह, राहुल केशरी, प्रदीप केशरी, डेविड हमसोय और सीता नाग आदि मौजूद थे।

## अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर हॉकी प्रतियोगिता आज

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर खूंटी जिला ओलंपिक संघ और खूंटी हॉकी के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को पुरुष वर्ग हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन बिरसा कॉलेज परिसर स्थित न्यू एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में किया जाएगा। इसी जानकारी देते हुए संघ के महासचिव दशरथ महतो ने बताया कि प्रतियोगिता में जैप, बिरसा कॉलेज, खूंटी हॉकी और खूंटी जिला की टीम भाग लेंगी। दशरथ महतो ने खेल प्रेमियों से अपील की है कि वे हॉकी प्रतियोगिता में शामिल खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाएं और अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस को सफल बनाएं।

## बचरा चार नंबर खेल मैदान में प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन आज



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा चार नंबर खेल मैदान में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। चतरा ओलंपिक एसोसिएशन एवं राय के गणेश स्पोर्टिंग क्लब के संयुक्त तत्वावधान में इस प्रतियोगिता का आयोजन कराया जा रहा है। इस संबंध में गणेश स्पोर्टिंग क्लब के सचिव गणेश महतो ने बताया कि प्रतियोगिता की सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई है। इस प्रतियोगिता में स्कूल, कॉलेज, क्लब एवं ग्रामीण एथलेटिक्स खिलाड़ी शामिल हो रहे है। इस प्रतियोगिता में जूनियर एवं सीनियर बालक एवं बालिका आयु वर्ग के खिलाड़ी शामिल हो रहे है। इस प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में शामिल होने का अवसर मिलेगा। साथ में सबसे अधिक मेडल जीतने वाले स्कूल, कॉलेज एवं क्लब के विजेता एवं उप विजेता टीम को ऑवर ऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी दिया जाएगा। सभी खिलाड़ियों से सुबह सात बजे 4 नंबर मैदान में उपस्थित होने की अपील की। इस प्रतियोगिता में 10 से लेकर 14 वर्ष तक के बच्चे जुनियर वर्ग और 15 वर्ष से लेकर 20 वर्ष तक के खिलाड़ी सीनियर वर्ग में शामिल होंगें।

### अवैध खनन, परिवहन और भंडारण के विरुद्ध पिपरवार में जिला खनन पदाधिकारी की बड़ी कार्रवाई

# पिपरवार-टंडवा से जब्त किये गये अवैध बालू लदे ट्रैक्टर, मचा हड़कंप

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** चतरा के डीसी अबू इमरान के निर्देश पर जिला खनन पदाधिकारी गोपाल दास ने पिपरवार और टंडवा क्षेत्र में बड़ी कारवाई की है। अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध डीसी के निर्देश पर जिला खनन पदाधिकारी गोपाल दास द्वारा पिपरवार एवं टंडवा थाना क्षेत्र के नदी घाटों और आसपास के जंगलों में छापामारी अभियान चलाया। इस अभियान में पिपरवार क्षेत्र में अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर और टंडवा क्षेत्र में दो ट्रैक्टर को जब्त किया गया। जब्त ट्रैक्टर को पिपरवार एवं टंडवा थाना को सौंप कर आगे की कारवाई शुरू कर दी है। वहीं पिपरवार थाना क्षेत्र के पुलिस बल के साथ डीएमओ द्वारा लुकेइया एवं सरैया के जंगलों का निरीक्षण किया। इस संबंध में डीएमओ गोपाल दास ने बताया कि पूर्व में सरैया जंगल में जिला खनन टास्क फोर्स द्वारा डोजरिंग किया गया था। निरीक्षण के बाद उक्त स्थल की भी जांच की गई। जांच के दौरान उक्त स्थल पर अवैध खनन बंद पाया गया। उन्होंने कहा कि किसी भी कीमत पर जिले में अवैध खनन नहीं होने दी जाएगी। इस छापामारी अभियान में जिला खनन पदाधिकारी गोपाल दास, पिपरवार थाना के अवर निरीक्षक रूपेश कुमार महतो सहित थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।



छापामारी अभियान में शामिल जिला खनन अधिकारी।

## पिपरवार कोयलांचल में जोरदार बारिश के बाद घंटों विद्युतापूर्ति बाधित




**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल और आस पास के ग्रामीण इलाकों में गुरुवार की देर शाम को हुई जोरदार बारिश से क्षेत्र के आवासीय कॉलोनी सहित ग्रामीण इलाकों में विद्युत आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई। लगे हाथ, लोगों को भीषण भरी गर्मी से राहत भी मिली है। जानकारी के अनुसार देर शाम से अचानक मौसम ने अपना मिजाज बदलते हुए तेज हवा के साथ तेज गर्जन और जोरदार बारिश हुई। इससे यहां का मौसम सुहाना हो गया। वहीं क्षेत्र के आवासीय कालोनी सहित ग्रामीण इलाकों में विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से बाधित हो गई। समाचार लिखे जाने तक कोयलांचल क्षेत्र में बारिश जारी है एवं विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से बाधित थी।

## 25 जुलाई तक गांवों में लगेगा नेत्र जांच सह चिकित्सा शिविर

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** डीसी शशि रंजन के निर्देश पर जिला में मोबाइल आई केयर वाहन के माध्यम से नेत्र रोगियों को गांव में ही चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। आई ऑन व्हील्स के माध्यम से लोगों की आंखों की जांच सुगम रूप से की जा रही है। साथ ही मोतियाबिंद के मरीजों को चिह्नित कर उन्हें उचित चिकित्सीय उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि जिले की सभी पंचायतों में 22 जून से 25 जलाई तक तोरपा, कर्रा और मुरहू प्रखंड के विभिन्न गांव में अलग-अलग दिनों में नेत्र जांच सह चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसकी शुरूआत गुरुवार को मुरहू प्रखंड के कोड़ाकेल गांव में की गई। आई केयर वैन के माध्यम से गांवों में जाकर नेत्र रोगियों की जांचकर जरूरतमंदों को चश्मा देने, मोतियाबिंद समेत अन्य रोगियों का पता लगाकर उनका इलाज करने का कार्य किया जा रहा है। कोड़ाकेल के शिविर में 21 लोगों की नेत्र जांच की गई। कई लोगों को चश्मा उप्लब्ध कराया गया। बताया गया कि 23 जून को गनालोया, 24 को कुंजला, 26 जून को शिविर लगाया जाएगा। 27 को हेठगोवा, 28 जून को गोड़ाटोली, एक जुलाई को हस्सा और तीन जुलाई को बिंदा पंचायत में शिविर लगाया जायेगा। कर्रा प्रखंड की कर्रा पंचायत में चार जुलाई को शिविर लगेगा। पांच को गोविंदपुर, छह को लोधमा, सात को डुमरगढ़ी, आठ को जरियागढ़, 10 को डेहकेला, 11 को कच्चाबारी, 12 को कुदलुम, 13. जुलाई को घुनसुली और 14 जुलाई को लरता में शिविर लगेगा। बतताया गया कि तोरपा प्रखंड के तोरपा पूर्वी में 15 जुलाई और 17 को तोरपा पश्चिमी में नेत्र जांच सह चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। 18 को सुंदारी, 19 को तपकारा, 20 को मरचा, 21 को बारकुली, 22 को डोड़मा, 24 को ओकड़ा, 25 जुलाई को कामड़ा में शिविर लगेगा।



## पशुपालन विभाग ने लाभुकों के बीच बांटे बत्तख के चूजे




**खलारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में पशुपालन विभाग की ओर से गुरुवार को लाभुकों के बीच बत्तख के चूजों का वितरण किया गया। प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ सीमा कुमारी ने मायापुर, हुटाप एवं विश्रामपुर के 26 लाभुकों के बीच चूजे बांटे। डॉ सीमा कुमारी ने कहा कि पशुपालन विभाग द्वारा लाभुकों को उचित अनुदान पर बत्तख के चूजे का वितरण किया गया है, ताकि इसके माध्यम से लोगों को लाभ मिल सके। इस मौके पर लपरा मुखिया पुतुल देवी, मायापुर मुखिया पुष्पा खलखो, विश्रामपुर उपमुखिया मालती कुमारी उपस्थित थे। लाभुकों में रमेश गंझू, रामप्रसाद गंझू, विकास कुमार नायक, कृष्णा नायक, अखिलेश गंझू, उमेश गंझू, बालजीत गंझू, सुषमा देवी, शांति देवी, मीना कुमारी, मानती देवी, कुंती देवीकरमी देवी, बालदेव गंझू, प्रेम कुमार गंझू, उमेश गंझू, दिनेश्वर गंझू, महेंद्र गंझू आदि शामिल है।

## आम की बागवानी से बिमला देवी ने बनायी लखपति दीदी की पहचान

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तोरपा प्रखंड के दियांकेल पंचायत के गुफू गांव की बिमला देवी ने आम उत्पादन में एक अलग पहचान बनाई है। इस वर्ष अब वह एक लाख 40 हजार रुपये की आमदनी कर चुकी है। बिमला के पति विश्वनाथ सिंह बताते हैं कि उनके घर की माली हालत काफी खराब थी। बाद में बिमला देवी निलोनी महिला मंडल से जुड़ गई और वहां उन्हें आम की बागवानी के बारे में जानकारी मिली। उसने आम की बागवानी शुरू की और 2014 से उन्हें लाभ मिलने लगा। बिमला देवी बताती हैं कि उन्होंने तीन एकड़ में आम की बागवानी की है। इसकी जानकारी के लिए उन्हें एक्सपोजर विजिट भी कराया गया। साथ ही उन्नत किस्म की खेती की भी जानकारी प्राप्त की। बिमला ने बताया कि 2021 में उन्होंने आम बेचकर एक लाख की आमदनी की थी। 2022 में एक लाख 10 हजार और 2023 में एक लाख 40 हजार रुपये की कमाई हुई। खेत-खलिहान रहने के बावजूद दो वक्त की रोटी के जुगाड़ के लिए जिस महिला को कड़ा सघर्ष करना पड़ता था, आज वही महिला बिमला लखपति दीदी के रूप में अपनी पहचान बना चुकी और परिवार को लगातार आर्थिक रूप से मजबूत कर रही है।



## भ्रष्टाचार में लिप्त सेविकाओं की शिकायत लेकर डीसी से मिला सहायिकाओं का प्रतिनिधिमंडल



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** सेविकाओं की ओर से भ्रष्टाचार किए जाने को लेकर सहायिकाओं का एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को डीसी से मिला और वस्तुस्थिति से अवगत करया। आरोप लगाया कि पोषाहार का वाउचर सेविका द्वारा जमा किया जा रहा है उसमें सहायिकाओं से हस्ताक्षर नहीं करवाया जा रहा है, बल्कि सेविका और कार्यालय के कर्मी मिलीभगत से वाउचर में साहिका का फर्जी हस्ताक्षर कर पोषाहार का वाउचर पास करवा ले रहे और पोषाहार का सारा पैसा सेविका और सुपरवाइजर मिलकर गबन कर ले रहे हैं। बच्चों के लिए आया हुआ केंद्र का चावल भी सेविका द्वारा अपने घर में रख लिया जा रहा है। जबकि सेविका-सहायिका का संयुक्त रूप में खाता खुला हुआ है। सभी सहायिका पोषाहार का पैसा निकालने के लिए हमेशा तैयार हैं, लेकिन सेविका व पर्यवेक्षक द्वारा पोषाहार राशि को अपने निजी कार्यों में उपयोग कर भ्रष्टाचार किया जा रहा है।

### इचागढ़ विस क्षेत्र के चारों प्रखंडों में आजसू का कार्यक्रम आयोजित, मिशन 2024 का हुआ शंखनाद

# इचागढ़ में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, जरूरतमंदों की मदद और पर्यावरण संरक्षण पहली प्राथमिकता : हरेलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**इचागढ़।** आजसू का स्थापना दिवस गुरुवार को संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर इचागढ़ विधानसभा के चारों प्रखंड में अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित कर आजसू ने मिशन 2024 का शंखनाद भी कर दिया। आजसू के केंद्रीय सचिव हरेलाल महतो ने कहा कि इचागढ़ विधानसभा की जनता की सेवा और राजनीतिक नेतृत्व तैयार करना मेरी जिम्मेदारी है। इचागढ़ मेरी जन्म और कर्मभूमि रही है। यहां के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, जरूरतमंद लोगों को स्वास्थ्य सुविधा, पर्यावरण संरक्षण और राजनीतिक नेतृत्व क्षमता के विकास के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि स्वस्थ-शिक्षित समाज, पर्यावरण संरक्षण और राजनीतिक नेतृत्व विकास का संकल्प लिया गया और इसी आधार पर कार्यक्रम किए गए। इस अवसर पर इचागढ़ प्रखंड के पिलीद गांव से हर घर आजसू का झंडा लगाने का शुभारंभ भी किया गया। हरेलाल महतो के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पूरे जोश के साथ पिलीद गांव का भ्रमण किया और घर-घर आजसू का झंडा फहराया। इस दौरान पिलीद गांव में संकल्प सभा का आयोजन भी किया गया। जहां अपने संबोधन में हरेलाल महतो ने कहा कि 35 साल से स्थानीय नेतृत्व को अवसर नहीं मिला है। जिस कारण इचागढ़ विधानसभा एक पिछड़े क्षेत्र की गिनती में है। वर्तमान समय में क्षेत्र के लोगों को मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं हो पा रही है, जो दुर्भाग्य की बात है। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य असित सिंह पात्र, गुरुपद सोरेन, प्रखंड अध्यक्ष गोपेश महतो, दुर्योधन गोप, योगेंद्र महतो, गुरुचरण महतो, शिवचरण महतो, निर्मल गोराई, तपन उरांव, दामोदर सिंह मुंडा, तुलसी महतो, मनोरंजन ठाकुर, भगत सिंह मुंडा, दिलीप दास, श्रीकांत महतो, अनाथ महतो, अजित प्रमाणिक और देबू गोराई आदि मौजूद थे।



## सोनाहातू थाना में बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक

**सोनाहातू/तमाड़ (आजाद सिपाही)।** बकरीद त्योहार को लेकर सोनाहातू थाना परिसर में गुरुवार को शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी सतीश बर्णवाल ने किया। बैठक में मौजूद लोगों ने बकरीद पर्व आपसी भाईचारा व सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने का निर्णय लिया गया। इसी बीच थाना प्रभारी ने कहा कि 29 जून को बकरीद मनाया जाएगा। इसके लिए सभी गणमान्य व्यक्ति एवं जनप्रतिनिधियों से उम्मीद है कि इसमें सहयोग करेंगे। एक-दूसरे को सहयोग भी करना चाहिए। त्योहार में किसी प्रकार की भ्रामक प्रचार प्रसार नहीं हो, इस पर भी लोगों को ध्यान देने की जरूरत है। इस मौके पर सीआई उमेश यादव, एएसआई दलगोबिंद महतो, सुरेंद्र सरदार, मुकेश यादव, सर्फराज अहमद, के अलावे सोनाहातू मुखिया बिकास मुंडा आदि थे।

## सूबेदार यादव बने बलियापुर के नये थानेदार

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिंदरी।** सुबेदार कुमार यादव बलियापुर थाना के नए थानेदार बनाए गए हैं। उन्होंने गुरुवार को प्रभारी के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया है। इससे पहले वे बाघमारा थाना के प्रभारी थे। इधर, इनसे पहले बलियापुर थाना प्रभारी रहे पंकज कुमार वर्मा को फिलहाल पुलिस लाइन भेजा गया है। दूसरी ओर, प्रभारी सुबेदार यादव ने बताया कि संतुलित विधि व्यवस्था कायम करने के साथ ही अवैध कारोबार और अपराधियों पर अंकुश लगाना उनकी प्राथमिकता होगी।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 23 जून, 2023
www.azadsipahi.in



कार्यक्रम : आजसू पार्टी ने अपने स्थापना दिवस को संकल्प दिवस के रूप में मनाया

# जनता के विश्वास से ही सत्ता की असली परीक्षा : सुदेश महतो

**अनगड़ा में आयोजित खिजरी विधानसभास्तरीय स्थापना दिवस दिवस समारोह में पार्टी सुप्रीमो ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश**

आजाद सिपाही संवाददाता





**अनगड़ा।** आजसू पार्टी ने गुरुवार को हेसल मिलन चौक के पास आयोजित खिजरी विधानसभा स्तरीय स्थापना दिवस को संकल्प दिवस के रूप में मनाया। इस मौके पर आयोजित संकल्प सभा में बतौर मुख्य अतिथि पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो ने राज्य सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि सत्ता एक अवसर है। इस अवसर की असली परीक्षा तब होती है जब जनता कहे कि यह मेरी सरकार है। जनता को यह बोलने पर ही आपकी छवि स्थापित होगी और राजनीति परवान चढ़ेगी परंतु अफसोस झारखण्ड जिस हालात से गुजर रहा है उसमें यह आवाज नहीं सुनी जा रही है। दरअसल जिस संगठन और नेता की सोच में कभी विकास, विचार, चिंतन और योग्यता नहीं हो वह केवल संख्या के आधार पर राज्य का नेतृत्व कर रहे हैं। कहा कि मौजूदा राजनीतिक परिपेक्ष्य में उसूलों और यथार्त के साथ चलना और समझना जरूरी है। साथ ही किसी नेता, कार्यकर्ता और दल का राज्य के प्रति कितना समर्पण है इसका आकलन जनता को करना चाहिए। सुदेश कुमार महतो ने कार्यकर्ताओं में जोश भरने का एहसास कराते हुए कहा कि हमने एक मुकाम तय किया है। बदली परिस्थितियों में हमें एक अच्छे और बेहतर झारखण्ड का निर्माण करना है। आजसू कार्यकर्ताओं को अपने संघर्ष और एकजुटता को धार देना होगा, यही संघर्ष आने वाले साल 2024 में परिणाम देगा।

मौके पर खिजरी विधानसभा के पूर्व आजसू प्रत्याशी व प्रखण्ड प्रभारी पारसनाथ उरांव ने क्रांतिकारी भाषण देते हुए कहा कि आजसू पार्टी ही राज्य की तकदीर और तस्वीर को बदल सकती है। पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो के पास राज्य की दशा और दिशा बदलने का एक विजन है। उन्होंने तमाम आजसू कार्यकर्ताओं को एकजुट होने तथा जनसरोकार से जुड़कर चुनौतियों का सामना करते हुए सामाजिक परिवर्तन की लड़ाई लड़ने का आहवान किया।

इस मौके पर नामकुम प्रखण्ड की उपप्रमुख बीणा देवी, केन्द्रीय सचिव सह जिप सदस्य राजेन्द्र शाही मुण्डा, पूर्व प्रत्याशी, जिला प्रवक्ता व मुखिया रोशनलाल मुण्डा, जिला उपाध्यक्ष प्रकाश लकड़ा, विरेन्द्र सिंह भोगता, जलनाथ चौधरी, रामधन बेदिया, राजू नायक, अजीत महतो आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इससे पहले दीप प्रज्वलित कर समारोह की शुरुआत की गई। वहीं सुदेश महतो को 50 किलो के फुलों की माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर केक काटकर सुदेश महतो के जन्मदिन को सेलिब्रेट भी किया गया। मौके पर आजसू के वरिष्ठ नेता सज्जाद आलम के नेतृत्व में दर्जनों लोगों ने आजसू पार्टी का दामन थामा। इस अवसर पर सुदेश महतो ने सभी कार्यकर्ताओं को राज्य की मर्यादा, वैचारिक मूल्यों को बचाने एवं जनमानस की सुरक्षा का संकल्प कराया। अध्यक्षता महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष बीणा देवी ने तथा संचालन विरेन्द्र सिंह भोगता व जगरनाथ महतो ने किया।

कार्यक्रम में धर्मेन्द्र सिंह, सरिता देवी, प्रकाश चौधरी, राजकिशोर, पारसनाथ महतो, अजीत महतो, फलिन्द्र महतो, किशुन महतो, सुनील करमाली, अर्जुन राम, जितेन्द्र सिंह, काशीनाथ महतो, भुनेश्वर बेदिया, सुरेश महतो, जगदीश भोगता और जयशंकर पहान आदि उपस्थित थे।

## उरुगुट्टू में आजसू ने पार्टी का स्थापना दिवस संकल्प दिवस के रूप में मनाया



**रातू/ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** कांके प्रखंड के उरुगुट्टू में आजसू पार्टी के नेता और कार्यकर्ताओं ने आजसू पार्टी का 38वां स्थापना दिवस के अवसर पर संकल्प दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान झारखंड आंदोलनकारियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के प्रभारी हकीम अंसारी ने बताया कि अलग झारखंड राज्य की मांग व सबसे बड़ा आंदोलन आजसू पार्टी ने किया था। आज फिर से आंदोलन की जरूरत है। क्योंकि वर्तमान की गठबंधन सरकार राज्य की जनता को जिस वादों के साथ सत्ता पर विराजमान हुई उन सारे वादों को भूल चुकी है और राज्य की जनता को ठगने का काम की है। निश्चित तौर पर आने वाले 2024 चुनाव में राज्य की जनता गठबंधन सरकार को सबक सिखाएगी। कार्यक्रम में पार्टी के झारखंड आंदोलनकारी कलीम अंसारी, किशोर महतो, नईम अंसारी, वीरेंद्र तिवारी, सफीउल्लाह अंसारी, हकीम अंसारी, एतवा उरांव, रूपलाल महतो, रामजीत गंजू, महमूद अंसारी, पार्वती देवी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कांके प्रखंड अध्यक्ष अमन लाल शाहदेव, सुरेंद्र महतो, नागेश्वर महतो, मजीबुल अंसारी, राजू नायक, शत्रुघ्न महतो, सूरज मिश्रा, एतवा उरांव सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## प्रेम प्रसंग में युवक ने की आत्महत्या लड़की ने किया मामले का खुलासा

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** आनन्दी में युवक के फंदे से झूलता शव मिलने के 24 घंटे के अंदर ही ओरमांझी पुलिस ने बरामद मोबाइल के आधार पर लड़की को धर दबोचा। लड़की चरदी, कुमहरिया की रहने वाली है। बदला नाम मीना है। लड़की ने बताया कि हमलोग में पहले से ही दोस्ती थी। घटना के दिन खेलगांव में काम लगाने के सिलसिले में दिनेश मुझे ले गया। लेकिन मैं वहां पास नहीं हो पाई। खेलगांव से फिर जगन्नाथ मेला गए। घुमने फिरने के बाद मिठाई और आम लेकर दिनेश अपनी दीदी के घर दलादिली ले गया। दोनों ने खाना खाया। दीदी रुकने बोली तो दिनेश घर छोड़ने के बहाने ओरमांझी ले आया। मुझे अपने बहनोई के नवनिर्मित मकान में ले गया। पहले हमलोगों ने आम खाया। दिनेश मुझसे शारीरिक संबंध बनाने के लिए दबाब बनाने लगा। मेरे मना करने के बाद मुझे घर से बाहर निकाल कर खुद को उसी घर में रखे कपड़े के फंदे से पाइप के सहारे झूल गया। जब मैंने उसे झूलता देखा तो डर से भाग खड़ी हुई। जब उसने मुझे कमरा से निकाला तो उसका मोबाइल मेरे पास ही था। जिसे मैंने फोन आएगा इस डर से कूंए में फेंक दिया। ओरमांझी थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज मामले की तह तक पहुंचने का प्रयास कर रहे हैं। फिलहाल लड़की पुलिस की गिरफ्त में है।

## एनएचएआइ अध्यक्ष के आगमन की सूचना पर मेंटनेंस विभाग दिखा मुस्तैद

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** 24 जून को एनएचएआई के अध्यक्ष संतोष कुमार यादव का आगमन पिस्का डुंडे स्थित टॉल पलाजा पर होना है। उनके आगमन की सूचना पर एनएचएआई का पूरा कुनबा मुस्तैद दिख रहा है। आज एनएचएआई के पीडी को भी ओरमांझी में देखा गया। सबसे मुस्तैद एनएचएआई का मेन्टनेंस विभाग दिख रहा है। रास्ते की सफाई से लेकर, डिवाइडर का रंग रोगन, इंडिकेटर लाईट मरम्मत कार्य, शास्त्री चौक पर फ्लाई ओवर निर्माण को लेकर अर्धनिर्मित सड़क पर पानी की निकासी के रास्ते से लेकर बेरीकेडिंग पर मार्किंग करने में मशगुल है। ऐसे तो मेन्टनेंस विभाग आम लोगों की पहुंच से दूर रहता है। साफ-सफाई भी सिर्फ होटलों के आसपास या फिर शोरुमों के आस-पास ही की जाती है। जहां से इनका अपना स्वार्थ पूर्ति होता है।

## रांची-मुरी मार्ग में बस की चपेट में आकर लूना सवार युवक की मौत

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** रांची-मुरी मार्ग पर पुरना पानी पल्लु ढाबा के समीप गुरुवार की शाम एक टीभीएस लुना बाईक और टूरिस्ट बस (डब्लूबी 55-85711) के बीच सीधी टक्कर हो गई। दुर्घटना में बाईक सवार 30 वर्षीय अजय मुण्डा की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि उसके साथ सवार एक अन्य युवक बाल-बाल बच गया। मृतक अनगड़ा थाना क्षेत्र के कुसूमटोली का रहने वाला था। दुर्घटना के बाद चालक बस को कस्तूरबा स्कूल के समीप खड़ा कर फरार हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लाश को कब्जे में किया तथा बस को जब्त कर लिया। बताया गया कि मृतक अजय मुण्डा गोंदलीपोखर बाजार से घर वापस लौट रहा था। इसी दौरान पुरना पानी के समीप जोन्हा की तरफ से आ रही बस से उसकी भिड़ंत हो गई। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि छह महीने पहले मृतक अजय मुण्डा के गर्भवती पत्नी की मौत हो गई थी। वहीं कुएं में डूबकर उसके एक मासूम पुत्र की भी जान चली गई।

## नगड़ी में आजसू ने स्थापना दिवस समारोह संकल्प दिवस के रूप में मनाया

**आजसू पार्टी जात नहीं जमात की राजनीति करती है : भरत कांसी**

आजाद सिपाही संवाददाता




**पिस्कानगड़ी।** आजसू पार्टी का स्थापना दिवस समारोह का हर्षोल्लास के साथ लालगुटवा बैंक्वेट हॉल में मनाया गया। इस अवसर पर हटिया विधानसभा क्षेत्र के समर्पित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। पार्टी ने इसे संकल्प दिवस के रूप में मनाया।

मौके पर मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित आजसू पार्टी के हटिया विधानसभा प्रभारी भरत कांशी ने कहा आजसू जात नहीं जमात की राजनीति करती है। आजसू पार्टी आंदोलन की उपज है, इसलिये हर आंदोलनकारियों के प्रति पार्टी का सम्मान बना रहता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सजग रहने की अपील की। साथ ही भरत काशी ने कहा कि खनिज सम्पदा से भरा झारखंड प्रदेश को राज्य सरकार ने लूटखंड बना दिया है। आइए हम संकल्प लें कि आने वाले चुनाव में इस सरकार को उखाड़ कर फेंकेंगे। प्रदेश अपना सरकार बनाएं जो जन जन की भावना को समझे और राज्य में विकास की गंगा बहा दे। हटिया विधानसभा के प्रत्येक डोर टू डोर तक पार्टी कार्यकर्ता आजसू पार्टी के नीति सिद्धान्त को पहुंचाएं और अभियान चलाकर सैकड़ों लोगों को पार्टी से जोड़ें।

विशिष्ट अतिथि रांची जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत ने कहा कार्यकर्ताओं में जनता के कार्य के प्रति जुनून पैदा कर उसे उत्साहित करने की जरूरत है, ताकि कार्यकर्ता ईमानदारी पूर्वक आजसू के संगठन को गांव गांव घर घर तक पहुंचा सकें। मौके पर संकल्प समारोह में पाटी के प्रति समर्पित भावना से कार्य करने की जरूरत है। कार्यक्रम में सपोर तिग्गा, बंधु उरांव, लाल प्रेम प्रकाश नाथ शाहदेव, आजम अंसारी, मंजूर आलम, अरविंद भगत, अनिल महतो, त्रिलोकी महतो, सरिता देवी को शॉल ओढ़ाकर और बुके देकर सम्मानित किया गया।

समारोह की अध्यक्षता सपोर तिग्गा एवं संचालन अरबिंद भगत ने किया। मौके पर प्रेमप्रकाश शाहदेव, बंधु उरांव, आजम अंसारी, मंजूर आलम ,त्रिलोकी महतो, सरिता देवी, मीणा कच्छप, लीला तिर्की, सलगी उरांव, पुतुल भगत, बीना सिंह, आरती देवी, बबिता देवी, पूनम देवी, हेमंत बड़ाईक, सुनीता सिंह, अन्नू देवी, दिनेश बैठा, योगेंद्र महली सहित कार्यकर्ता शामिल हुए।

## बीएससी एग्रीकल्चर अंतिम वर्ष के छात्रों का प्रेजेंटेशन सफलतापूर्वक संपन्न

**छात्रों ने आरएडब्लूई एग्रीकल्चर, देवघर कृषि विज्ञान केन्द्र और इंडस्ट्रीयल ट्रेनिंग जामटेक से प्राप्त किया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**नामकुम।** वाईबीएन विश्वविद्यालय के अंतर्गत बी-एससी एग्रीकल्चर आर्नर्स के अंतिम वर्ष के छात्रों का प्रेजेनटेशन सफलता पूर्वक गुरुवार को संपन्न हुआ। इसमें बीएससी एग्रीकल्चर ऑनर्स के अंतिम वर्ष के छात्रों का आरएडब्लूई और एग्रीकल्चर इंडस्ट्रीयल ट्रेनिंग सम्मिलित था। छात्रों ने आरए डब्लू ई एग्रीकल्चर, देवधर, कृषि विज्ञान केन्द्र और इंडस्ट्रीयल ट्रेनिंग जामटेक से प्राप्त किया। आरएडब्लूई के तहत संबद्ध विषयों में स्नातकों को कृषि और रोजगार सुनिश्चित करने और ज्ञान, कौशल, क्षमता और अनुभव द्वारा कृषि का गहन ज्ञान दिया गया। जिससे छात्रों को कृषि कौशल विकास का अच्छा अनुभव प्राप्त हुआ। छात्रों ने प्रेजेन्टेशन के द्वारा अपने रूरल वर्क एग्रीकल्चर एक्सपीरियंस के अनुभव को भी साझा किया।

मौके पर मुख्य परीक्षा नियंत्रक डॉ चन्द्रजीत कुमार डीन आईक्यूएसी डॉ आशीष सरकार, डीन साइंस डॉ. आशा मिश्रा, डीन सीएस एवं आईटी डॉ. अखिलेश कुमार, चीफ लाइब्रेरियन डॉ. श्यामदेव गोंड, डीन एग्रीकल्चर एंड एनीमल हसबेंडरी डॉ अर्पणा शर्मा, सहायक प्रोफेसर डॉ. आभा नूतन कुजूर, सुश्री आशा पूरन के साथ छात्र-छात्राएं मौजूद थे। छात्रों का प्रेजेनटेशन सफलता पूर्वक सम्पन्न होने पर वाईबीएन विश्वविद्यालय के प्रो चांसलर रामजी यादव, मुख्य कार्यकारी अधिकारी इंजीनियर दीपक कुमार, कुलपति प्रोफेसर डॉ. एसपी यादव, रजिस्ट्रार डॉ. रमन दुबे, डिप्टी रजिस्ट्रार संजय तिवारी, एच आर निदेशक अरविन्द कुमार, सभी संकाय के डीन और एचओडी ने छात्रों को बधाई एवं शुभकामना दी व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम : किसान संपर्क सह वित्तीय समावेशन समारोह में मुख्य महाप्रबंधक ने कहा

## एसबीआइ खाताधारियों के सुरक्षा कवच को मजबूत बनाने के प्रति कृतसंकल्प

**स्टेट बैंक के मुख्य महाप्रबंधक ने विभिन्न लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र तथा सर्टिफिकेट का वितरण किया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** खाता धारियों ने भारतीय स्टेट बैंक को मुकाम पर पहुंचाया। टॉप टेन में इसकी गणना होती है। खाता धारियों की सामाजिक व आर्थिक सुरक्षा कवच को मजबूत बनाने के प्रति एसबीआई कृतसंकल्प है। देश में वित्तीय समावेशन की आवश्यकता है। यह बातें एसबीआई के मुख्य महाप्रबंधक शिव ओम दीक्षित ने कहीं। वे एसबीआई के तत्वावधान में गुरुवार को विवाह मंडप बेड़ो के सभागार में आयोजित किसान संपर्क सह वित्तीय समावेशन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने संयुक्त रूप से दीप जलाकर समारोह का उद्घाटन किया। समारोह में नागपुरी कलाकारों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार एसबीआई बैंकिंग सुविधा के लिए कटिबद्ध है।

समारोह में बैंक द्वारा कृषि ऋण, मुद्रा ऋण, स्टैंड अप इंडिया, अटल पेंशन योजना, प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना व प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के बारे में ग्रामीणों व खाताधारियों को विस्तृत जानकारी दी गई।

वहीं समारोह में स्टेट बैंक के मुख्य महाप्रबंधक शिव ओम दीक्षित द्वारा उपरोक्त योजना अंतर्गत विभिन्न लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र तथा सर्टिफिकेट का वितरण किया गया। उन्होंने बैंक को शिखर तक पहुंचाने में खाताधारियों की काफी सराहना की। साथ ही आम लोगों से मानव जीवन के सामाजिक व आर्थिक सुरक्षा कवच को मजबूत बनाने के लिए बैंक में खाता खोलने की अपील की।

वहीं मौके पर उप महाप्रबंधक देवेश मित्तल, शाखा प्रबंधक बेड़ो रोबिन बी कुजूर, सीओ सुमंत तिर्की, सांसद प्रतिनिधि राकेश भगत, धनंजय कुमार राय, अंचल निरीक्षक भीखम कुमार, प्रमुख विनीता कच्छप, उपप्रमुख मोद्दसिर हक, मुखिया सुशांति भगत, लक्ष्मी कोया, सुनील कच्छप, दीपक मेहरा, अर्चित गुप्ता आदि मौजूद थे। समारोह का संचालन सुमित वर्मा व धन्यवाद ज्ञापन क्षेत्रीय प्रबंधक आलोक रंजन ने किया। समारोह को सफल बनाने में एसबीआई के पदाधिकारियों व कर्मचारियों ने सराहनीय योगदान दिया।

महत्वपूर्ण न्यूज

## स्वास्थ्य केंद्र निर्माण कार्य का रांची सांसद और कांके विधायक ने किया शिलान्यास



**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** कांके प्रखंड के इचापीड़ी पंचायत के पिरुटोला के पुराने पंचायत भवन में झारखंड सरकार पीएम-एसबीएचआईएम योजना अंतर्गत स्वास्थ्य केंद्र निर्माण का शिलान्यास रांची सांसद संजय सेठ और कांके विधायक समरी लाल के कर कमलों द्वारा किया गया। मौके पर प्रदेश मंत्री भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के पूर्व प्रत्याशी कांके विधानसभा क्षेत्र के कमलेश राम, जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य ऐनुल हक अंसारी, समाजसेवी फिरदौस आलम, पिठोरिया पंचायत समिति सदस्य श्रावण गोप, उप मुखिया रामलगन महली, राजेश गोप, सफीउल्लाह अंसारी, इमरान अंसारी एवं सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे। शिलान्यास होने से स्थानीय ग्रामीणों बहुत खुशी है।

## पहाड़कंडरिया गांव में विशेष बैठक में विमल उरांव बने 12 पड़हा राजा



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पहाड़कंडरिया गांव में गुरुवार को 12 पड़हा पहाड़कंडरिया के अध्यक्ष बुधराम मुंडा की अध्यक्षता में 12 पड़हा राजा के चुनाव को लेकर एक विशेष बैठक की गयी। जिसमें 12 पड़हा पहाड़कंडरिया गांव के पहान, पुजार, पईनभरा व सुसारी आदि ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से गांव के विमल उरांव को नया राजा के रूप में चयन किया। वहीं पड़हा समाज के लोगों ने कहा कि प्रो. करमा उरांव ने पड़हा की अनुमति लिए बगैर पड़हा की बात कही है, जो गलत है। उन्होंने अपने राजनीतिक लाभ के लिए बयान दिया है। जिसपर पड़हा के पदाधिकारियों ने कहा है कि पड़हा समाज के अनुमति के बिना अगर कोई बयान दिया जाता है तो उन पर पड़हा समाज द्वारा सख्त सजा देने का काम किया जायेगा। वहीं मौके पर मन्ना खेस सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## करंट लगने से दो दुधारू गाय की मौत, मुआवजे की मांग

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** बेड़ो प्रखंड सह नरकोपी थाना क्षेत्र के तुतलो दरशिला गांव में गुरुवार की सुबह लगभग साढ़े दस बजे खेत में करंट की चपेट में आने से दो दुधारू गाय की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दोनों गायें तुतलो दरशिला निवासी प्रदीप भगत की थीं। इस संदर्भ में भुक्तभोगी प्रदीप भगत ने बताया कि दोनों गायों को सुबह चराने के लिए वे खेत की ओर ले जा रहे थे। इसी दौरान दोनों करंट की चपेट में आ गयीं। जिससे घटनास्थल पर ही दोनों गायों की मौत हो गई। इधर घटना की जानकारी मिलने पर तुतलो की मुखिया गंगी कुमारी पीड़ित के घर पहुंचीं। उन्होंने सांत्वना देते हुए अंचलाधिकारी से बात कर उन्हें आपदा प्रबंधन के तहत मुआवजा दिलाने की बात कही। वहीं किसान प्रदीप भगत का कहना है कि दोनों गायों की मौत से उनकी कमर टूट गई है। गाय दुधारू थी। उसके दूध की बिक्री से ही हमारा जीविकोपार्जन चलता था। वहीं भुक्तभोगी प्रदीप भगत ने स्थानीय जनप्रतिनिधि व प्रशासनिक पदाधिकारियों से अपनी गाय की हुई मौत को लेकर मुआवजे की मांग की है।

## बेड़ो में आंधी से घर का उड़ा एस्बेस्ट्स, बेघर हुए परिवार ने की मुआवजा की मांग



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के नरकोपी थाना क्षेत्र के पहाड़कंडरिया गांव में बुधवार की अपराह्न लगभग चार बजे दिन में वर्षा के साथ आई तेज आंधी ने ऐसा कहर बरपाया कि एतवा उरांव, पिता स्व. बंधु उरांव के पूरे घर का एस्बेस्टस उड़ गया। वहीं घर के समीप लगा बिजली का पोल भी आंगन में गिर गया। वहीं पीड़ित परिवार पास रहने के लिए कोई भी घर नहीं बचा है। पूरा घर क्षतिग्रस्त हो गया। घर में रखे कपड़े व घरेलू समान बर्बाद हो गए। घर का एस्बेस्टस उड़ जाने से बरसात में परिवार को रहने की भारी मुसीबत हो गयी है। एतवा उरांव ने बताया कि अचानक आयी आंधी पलभर में सब कुछ बर्बाद कर के चली गयी। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद पंचायत की मुखिया सुनीता सोरेन व पूर्व मुखिया नेल्सन कुजूर पहुंचे। उन्होंने कहा कि आंधी ने इन्हें बेघर कर दिया है। इन्हें रहने के लिए बहुत मुश्किल हो गया है। उन्होंने प्रखंड प्रशासन से अविलंब मुआवजा देने की मांग की है।

## बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक नगड़ी थाना परिसर में की गई। बैठक की अध्यक्षता नगड़ी थाना प्रभारी ओम प्रकाश टोप्पो ने की। बैठक में सर्वसम्मति से शांति समिति के सदस्यों ने बकरीद पर्व शांति और सौहार्दपूर्ण तरीके से आपसी भाईचारे के साथ मनाने का निर्णय लिया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि केदार महतो, शहीद अहमद, दिलरूबा हुसैन, चुडामणी महतो, प्रेम सागर महतो, दीपक केशरी, एकबाल अंसारी सहित अन्य शांति समिति के सदस्य मौजूद थे।

बीडीओ, कृषि पदाधिकारी व बैंक प्रबंधक को आपसी समन्वय से किसानों को लाभान्वित करने का निर्देश

# 15 अगस्त तक केसीसी व मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के लक्ष्य को पूरा करें: आयुक्त

**प्रमंडलीय आयुक्त ने पलामू जिले में किसान क्रेडिट कार्ड एवं सीएम पशुधन विकास योजना की प्रगति की समीक्षा की**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सरकार की ओर से किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) उपलब्ध कराया जा रहा है। किसान इस योजना का लाभ लेकर उन्नत कृषि कार्य कर सकेंगे। केसीसी से किसानों को कृषि उपकरण, उर्वरक कीटनाशक आदि कृषि कार्य में उपयोग की जाने वाली अन्य सामग्री की खरीद में आसानी होगी। सब्जी, फलों, फूलों एवं पशुधन सहित अन्य कृषि कार्य के लिए केसीसी काफी सहायक है। इस महत्वाकांक्षी योजना के लिए सभी को गंभीरता से कार्य करना होगा। योजना के लाभ से कोई भी योग्य लाभुक किसान वंचित नहीं रहना चाहिए। किसानों से प्राप्त एवं पूर्व के लंबित आवेदनों का त्वरित निष्पादन करें और 15 अगस्त तक शत प्रतिशत किसानों को केसीसी योजना से आच्छादित करना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के लक्ष्य को भी 15 अगस्त तक पूरा करें। उक्त निर्देश प्रमंडलीय आयुक्त मनोज जायसवाल ने दी। वे गुरुवार को समाहरणालय सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक कर पलामू जिले में केसीसी एवं मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के प्रगति की समीक्षा कर रहे थे।


पलामू समाहरणालय में अधिकारियों के साथ बैठक करते प्रमंडलीय आयुक्त।

आयुक्त ने बैंक प्रबंधकों को विशेष ध्यान देने एवं केसीसी के कार्य में ठिलाई नहीं बरतने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बीडीओ, कृषि पदाधिकारी एवं बैंक प्रबंधक आपसी समन्वय से केसीसी के आवेदनों का निष्पादन करें और किसानों को केसीसी से आच्छादित कर उन्हें लाभावित करें। उन्होंने कहा कि लक्ष्य के अनुरूप केसीसी की प्रगति को बेहतर करना आवश्यक है। उन्होंने जिला स्तर से पदाधिकारियों को नामित करते हुए किसानों को केसीसी से अच्छादित किए जाने के कार्य की समीक्षा करने का निर्देश दिया। उन्होंने विभिन्न बैंक प्रबंधकों को एक माह में केसीसी के आवेदनों का निष्पादन कर अधिकाधिक किसानों को केसीसी का लाभ देने एवं 15 अगस्त तक शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा करने का निर्देश दिया। आयुक्त ने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि इस योजना से ग्रामीण पशुपालकों की आर्थिक स्थिति में सुधार होगी। ग्रामीण स्तर पर युवाओं को स्व नियोजित कर आत्मनिर्भर बनाया जा सकेगा। इससे उनका पलायन भी रूकेगा। इस योजना से पशुपालकों को पशुधन के लिए शेड निर्माण में भी सहायता मिलती है। आयुक्त ने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना में अपेक्षित प्रगति लाकर 15 अगस्त तक शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा करने का निदेश दिया। उन्होंने

इसके अलावा पशुपालकों के बीच वितरण की जाने वाली पशुओं की गुणवत्ता की जांच करने एवं एक ही पशु दो अलग-अलग पशुपालकों को आपूर्ति नहीं हो इसका विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि एक पशु दो अलग-अलग पशुपालकों को दिए जाने की शिकायत मिलने पर इसमें संलिप्त लोगों को चिन्हित कर सख्त कार्रवाई होगी। आयुक्त ने स्थानीय स्तर पर लगने वाले पशु मेला के बारे में जानकारी ली और स्थानीय व्यापारियों द्वारा पशु आपूर्ति कराने की पहल करने का निर्देश दिया। वहीं डीसी आंजनेयुलू दोड्डे ने बीडीओ एवं सीओ को निर्देश दिया कि उनके क्षेत्र में केसीसी के लाभ से एक भी लाभुक नहीं छूटने पाये। उन्होंने पीएम किसान योजना के तहत अच्छादित किसानों को भी केसीसी से अच्छादित करने का निदेश दिया। इस दौरान बैठक में डीडीसी रवि आनंद एवं अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह, नजारत उप समाहर्ता शैलेश कुमार सिंह, एलडीएम अंथोनी लियांगी सहित विभिन्न बैंकों के बैंक प्रबंधक,बीडीओ एवं सीओ उपस्थित थे।

## काश, महिलाओं की मजबूरी भी समझ पाती झारखंड सरकार : अरुणा शंकर

**शहर के गुरुनानक कालोनी में 35 साल के बाद मिला पानी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि वेलवाटिका जहां से पूरे शहर की जलापूर्ति होती है वहीं 35 वर्षों से ना ही गुरुनानक कॉलोनी और ना ही गुरुद्वारा रोड में किसी भी घर को पाइपलाइन के चलते पानी मिल पा रहा था। आज वहां 35 वर्षों बाद नया पाइपलाइन निगम द्वारा लगाते हुए घर-घर पानी का कनेक्शन निगम का कैंप लगाकर देते हुए पानी की आपूर्ति शुरू करा दी गयी है। इस अवसर पर मोहल्लों की महिलाओं एवं बुजुर्गों ने प्रथम महापौर अरुणा शंकर एवं वहां की पूर्व पार्षद अंजना को बुके देकर सम्मानित किया। कहा कि 35 वर्षों का सपना अरुणा शंकर के कारण ही पूरा हो रहा है। अन्यथा हम लोगों ने तो आस ही


प्रथम महापौर अरुणा शंकर को सम्मानित करते मुहल्लों के लोग।

छोड़ दिया था। वहीं, प्रथम महापौर ने महिलाओं के चेहरे में खुशी देखते हुए कहा कि मुझे मालूम है पानी के बिना महिलाओं को खाना बनाना, घर की सफाई, कपड़ों की सफाई आदि कार्य करने में कितनी दिक्कत होती है। पानी नहीं रहने से दूर-दूर जाकर पानी की व्यवस्था करनी होती है और समय भी काफी लगता है। पर हम सभी के लाख प्रयास करने के बाद शहरी जलापूर्ति योजना फेस टू फेस 3 आज भी सरकार में फंसा है। काश सरकार हम महिलाओं की मजबूरी समझती। प्रथम महापौर ने कहा कि हम सबों ने कुछ वार्ड और भी चिन्हित किए हैं जहां छोटे-छोटे पाइपलाइन देकर ज्यादा से ज्यादा मोहल्ले वालों को लाभ दिया जा सके जल्द मैं उन तक भी पानी पहुंचगी। इस अवसर पर निगम की ओर से सिटी मैनेजर स्मिता भगत, कार्यालय सहायक अशोक सिंह,राहुल कुमार और पानी सप्लाई वर्क वर्क देख रहे छोटेलाल कैंप में उपस्थित थे।

## इंडियन हुसैनी युवा क्लब ने 8वीं में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)। झारखंड अधिविध परिषद द्वारा आयोजित कक्षा 8 के वार्षिक परीक्षा में उत्तीर्ण करमा विधालय के कुल 28 विद्यार्थियों को इंडियन हुसैनी युवा क्लब करमा के सदस्यों ने मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर उपस्थित प्रखंड संसाधन सेवी शमशाद अहमद एवं संकुल संसाधन सेवी सुधीर कुमार मिश्र ने कहा कि शिक्षा के बिना समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करना मुश्किल है। इसलिए हर मां-बाप अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देने का प्रयास करें। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता जुम्मन मियां, सदर गुलाम मोहिउद्दीन, मोहम्मद मकसूद आलम, युवा क्लब के सदस्य शमशाद अंसारी ,तहसीन रजा और शाहिद सिद्दीकी मौजूद थे।**

## हरिहरगंज में नीडोफास्ट टेक्नोलॉजी प्रोजेक्ट ने किया सेमिनार का आयोजन



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज थाना के पीछे स्थित जय माता दी विवाह मंडप एवं होटल में गुरुवार को नीडोफास्ट टेक्नोलॉजी प्रोजेक्ट ने रिमझिम वीआईपी सिटी विकसित करने को लेकर सेमिनार का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का आयोजन डीके मालाकार व इहतेशान अनवर की अध्यक्षता और इसरार आलम के संचालन में किया गया। मौके पर कंपनी के निदेशक राजशेखर मंडल एवं मोहमम्द जिशान रजा ने बताया कि नीडोफास्ट टेकलोजिज प्राइवेट लिमिटेड सदियों से सबसे बढियां एवं सुरक्षित निवेश रियल एस्टेट समझा जाता है। उन्होंने बताया कि राजधानी रांची के हृदयस्थली कांके के सुकुरहुटू ग्राम में रिमझिम वीआईपी सिटी विकसित किया जा रहा है। लोग इस प्रोजेक्ट में निवेश कर या प्लॉट खरीद कर आनेवाले दिनों में अच्छा इनकम वापिस पा सकते हैं या राजधानी में घर बसाने का भी सपना पूरा कर सकते हैं। इस दौरान 6 लोगों को निवेश का प्रमाण पत्र भी दिया गया। सेमिनार में प्रमोद कुमार रवि, असलम, गरीबन दास, जमील, फहीम, सुरजमल राम, कोशर जमाल, डीके मालाकार, इहतेशान अनवर, राजकुमार गौतम, आविद,सुशिल कुमार रवि सहित कई लोग शामिल थे।

## महिला का अश्लील वीडियो बना कर वायरल करने की धमकी, गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र में एक युवक द्वारा महिला से कथित रूप से शारीरिक संबंध बनाने के बाद उसका वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का मामला प्रकाश में आया है। वहीं, पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपित युवक की पहचान गुलशेर अंसारी के रूप में हुई है। वह नारायणपुर गांव का रहने वाला है।

जानकारी के मुताबिक पीड़ित महिला ने थाने में दर्ज प्राथमिकी में बताया कि वह साल 2020 से अपने घर में ही श्रृंगार व जूते-चप्पल की दुकान चलाती है। उसके घर के बगल में ही अलशेर अंसारी की कपड़े की दुकान है। पीड़िता की मानें तो विगत एक साल से गुलेशर अंसारी उसके दुकान में आने-जाने लगा। इस दौरान दोनों के बीच दोस्ती हो गई। इसी का लाभ उठाकर उसने उसका मोबाइल लेकर नंबर भी ले लिया और फोन करने लगा। दोनों के बीच अक्सर बातें होने लगी। इसी बीत एक दिन उसने उसके साथ फटो खींच लिया और वीडियो बना लिया। जब उसकी हरकतें बढ़ने लगी, तो मैंने इसका विरोध किया। तब उसने मुझे और मेरे बच्चों को पिस्टल का भय दिखाकर बात करने और वह जो कहेगा उसकी बात मानने की धमकियां देने लगा। ऐसा नहीं करने पर उसे और उसके बच्चों को जान से मारने की चेतावनी दी। इससे वो डर गयी और उसकी सारी बात मानने लगी। इससे उसका मनोबल बढ़ गया और उसने डरा धमका कर शारीरिक संबंध बनाने लगा। इसका भी फोटो खींच लिया और वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने लगा। धमकी देता कि उसकी बात नहीं मानने पर वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा। यही नहीं, अश्लील वीडियो को उसके मायके भेज कर बदनाम कर देगा। उसकी बरकतों से तंग आकर उसने उसका नंबर ब्लॉक कर दिया और अपना मोबाइल अक्सर बंद रखने लगी। तब गुलेशर अंसारी उसके मायके में उसकी भाभी को फोन करने लगा। इस बीच विगत 19 जून को वह फिर से दुकान पर आ धमका और बात नहीं करने पर उसे और उसके पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देने लगा। उसकी हरकतों से तंग आकर उससे उसके खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज करवाई है। उधर, प्रभारी थाना प्रभारी एसआई शिवकुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## मुखिया ने निजी खर्च से तीन माह तक पूरे पंचायत में टैंकर से करायी पानी की आपूर्ति

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर प्रखंड के लगभग सभी पंचायत में इस वर्ष पेयजल की किल्लत रही। गर्मी के मौसम में कई पंचायतों से पानी की कमी की खबर आती रही। लेकिन सिगासिगी पंचायत इस बार प्रचंड गर्मी में भी पानी की समस्या से इतर रहा। इसका मुख्य कारण वहां की मुखिया किरण देवी और उनके समाजसेवी पति पिंटू चौधरी की उदारता रही। इन दोनों ने अपने निजी खर्च से टैंकर



द्वारा पंचायत के सभी गांवों में पेयजलापूर्ति कराते रहे। पिंटू चौधरी ने बताया कि पीछले दो वर्ष से टैंकर से घर-घर पानी भिजवाते रहा हूं। इतना ही नहीं, शादी विवाह, धार्मिक अनुष्ठान या कोई भी सामाजिक कार्य में टैंकर से पानी भेजवाता हूं। ताकि पंचायत वासियों को पानी के लिए कोई परेशानी नहीं हो। वहीं, मुखिया किरण देवी ने कहा कि सरकार द्वारा सीमित संसाधन ही मिल पाता है। जिससे पूरे पंचायत में पेयजलापूर्ति संभव नहीं था। उन्होंने कहा कि पंचायत के सभी खराब चापानल की मरम्मती कराई। जरूरत पड़ने पर नया चापानल भी गड़वाया। जनसेवा का संकल्प पूरा करने मे कोई कोर कसर नहीं छोड़ा जायेगा।

## पुलिस संवेदीकरण कार्यक्रम का समापन

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** रांची आरबीआइ के तत्वावधान में होटल रमाडा में पुलिस अधिकारियों के संवेदीकरण के लिए गुरुवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य जिले के पुलिस अधिकारियों को गैर निगमित इकाइयों द्वारा अनधिकृत डिपॉजिट्स के मामले, वित्तीय धोखाधड़ी एवं उनके कार्यविधि एवं उनसे संबंधित कानूनी प्रावधानों से अवगत कराना था। कार्यक्रम में खासतौर पर झारखंड प्रोटेक्शन ऑफ डिपॉजिटर्स एक्ट



2011, झारखंड प्रोटेक्शन रूल्स 2015 एवं इवऊ एक्ट 2019 पर चर्चा की गई एवं इससे संबंधित जानकारियां दी गईं। कार्यक्रम में आरबीआइ के शिकायत निवारण तंत्र यथा एकीकृत लोकपाल एवं सचेत पोर्टल के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम में आरबीआइ से महाप्रबंधक प्रभारी संजीव सिन्हा, उप महाप्रबंधक समीम अंसारी, अरविंद एक्का एवं कुमुद कुमार, सहायक प्रबंधक ने हिस्सा लिया। जबकि पुलिस की तरफ से पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा, पुलीस उपाधीक्षक समेत 40 थाना प्रभारियों ने भाग लिया।

## वज्रपात से झोंपड़ी में लगी आग, महिला घायल

आजाद सिपाही संवादाता

**हरिहरगंज/पलामू।** थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग स्थानों पर हुई वज्रपात से एक महिला घायल और तीन बकरी, एक बैल की मौत हो गई।बुधवार की दोपहर में पहली घटना थाना क्षेत्र के सेमरबार पंचायत अंतर्गत कौआखोह की है जो कौआखोह निवासी कपिल मेहता के पत्नी विमला देवी (48) अपने घर से 1 किलोमीटर की दूरी पर पूरब दिशा में अपने फार्म हाउस पर लालबारा बकरी चराने गई थी। इस दौरान हल्के बारिश हुई और बारिश से बचने के लिए बनी झोपड़ी में तीनों बकरियों को लेकर चली गई और बकरी को बांधकर पास पड़ी चौकी पर सो गई। इसी दौरान तेज गर्जन के साथ झोपड़ी के आसपास वज्रपात हुआ जिससे झोपड़ी में आग लग गई। झोपड़ी में आग लगी देख पास में घास काट



रहे एक महिला और एक पुरुष दौड़े और तत्काल चौकी पर पड़ी महिला को झोपड़ी से बाहर निकाली और इसकी खबर महिला के घर वालों को दिया।तत्काल महिला को हरिहरगंज सीएचसी पहुंचाया।इस संबंध में सीएचसी प्रभारी डॉ राजेश कुमार ने बताया कि वज्रपात से हुई घटना में महिला सुरक्षित है फिलहाल बेहतर इलाज की जरूरत है। वहीं वज्रपात से घायल महिला के पुत्र योगेश मेहता ने बताया की झोपड़ी में आग लगने से तीन बकरी की मौत के साथ 1.10 लाख रुपये का ड्रीप पाइप, 52 पीस क्रेट, पंखा सहित करीब 1.35 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। दूसरी घटना थाना क्षेत्र के ही ग्राम पंचायत तुरी की है, जो तुरी गांव निवासी रघुनी भुइयां अपने घर के पास ही एक पेड़ के नीचे बैल को खूंटे में बांध और चारा देकर घर के अंदर चला गया। इस दौरान वज्रपात से बैल की मौत हो गई। घटना की जानकारी देते हुए पंचायत के मुखिया संदीप कुमार यादव ने बताया कि इसकी जानकारी सीओ को दे दी गई है। उन्होंने लिखित आवेदन देने की बात कही है।

## स्पोर्ट्स

अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने महासचिव की नियुक्ति में भारतीय ओलंपिक संघ की देरी पर चिंता व्यक्त करते हुए जल्द से जल्द विवाद सुलझा कर सीइओ नियुक्त करने का निर्देश दिया है।

ओलंपिक समिति का निर्देश : कुश्ती विवाद निपटाने का तरीका बताया

# जल्द सीइओ नियुक्त करे भारतीय ओलंपिक संघ

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने सीइओ/महासचिव की नियुक्ति में भारतीय ओलंपिक संघ की दुर्भाग्यपूर्ण देरी पर चिंता व्यक्त की है। साथ ही आइओए से कुश्ती संघ का विवाद जल्द से जल्द सुलझाने का आग्रह किया है। आइओसी ने अपनी कार्यकारी बोर्ड की बैठक के दौरान कड़े शब्दों में बयान जारी किया, जहां उसे भारत के अलावा अफगानिस्तान, ग्वाटेमाला और सूडान की राष्ट्रीय ओलंपिक समितियों (एनओसी) की स्थितियों पर भी अपडेट प्राप्त हुआ। एनओसी ऑफ इंडिया को कई मौकों




पर एनओसी संविधान के अनुसार बिना किसी देरी के नए सीइओ/महासचिव की नियुक्ति प्रक्रिया को अंतिम रूप देने का निर्देश दिया गया है, ताकि एनओसी के भीतर स्थिति को सामान्य किया जा सके। आईओसी के एक बयान में कहा गया है, दुर्भाग्य से एनओसी ने अभी तक इस प्रक्रिया को पूरा नहीं किया है। आईओसी इस मुद्दे की निगरानी जारी रखे हुए है। आइओसी ने आइओए से भारत के खेल महासंघों, यानी भारतीय कुश्ती महासंघ को प्रभावित करने वाले मुद्दों के समाधान के लिए अंतरराष्ट्रीय खेल महासंघों के साथ समन्वय करने के लिए भी कहा है। बतातें चलें कि भारतीय कुश्ती पिछले दो महीनों में सुर्खियों में रही है, जिसमें ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पुनिया और साक्षी मलिक और एशियाई खेलों की चैंपियन विनेश फोगट सहित शीर्ष पहलवानों ने कुश्ती संघ के निवर्तमान अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग को लेकर नई दिल्ली में जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया है। आंदोलन कर रहे पहलवानों का आरोप है कि बृजभूषण ने महिला पहलवानों का यौन उत्पीड़न किया है। वहीं, भारत के एनओसी से अनुरोध किया गया है कि वह भारतीय खेल महासंघों को प्रभावित करने वाले कई मौजूदा मुद्दों को समविंत तरीके और संबंधित अंतरराष्ट्रीय महासंघों के नियमों और निदेशों के अनुसार संबोधित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय महासंघों के साथ मिलकर काम करें। आईओसी ने कहा कि इसमें विशेष रूप से भारत में कुश्ती महासंघ की स्थिति शामिल है। इस साल मार्च में आईओसी ने भी बिना किसी देरी के सीईओ नियुक्त करने में आईओए की ओर से देरी की ओर इशारा किया था। इसी दौरान पुष्टि की थी कि 2023 आईओसी सत्र मुंबई में होगा। इस मामले पर भारतीय सुप्रीम कोर्ट ने एक पैनल का गठन किया था, जिसने नया संविधान बनाया और आईओसी ने इसे मान्यता भी दी। नए संविधान के अनुसार, आईओए को नई कार्यकारी परिषद का कार्यभार संभालने के एक महीने के भीतर आईओए अध्यक्ष और पूर्व धावक पीटी उषा को एक सीईओ नियुक्त करना था जो पूर्व महासचिव के कार्यों को करेगा।

## महाभंडारा के साथ तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान का समापन

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। विश्रामपुर नप मुख्यालय के अजीत नगर में नव निर्मित भगवान शिव व माता पार्वती के प्राण प्रतिष्ठा का तीन दिवसीय अनुष्ठान गुरुवार को महाभंडारे के साथ संपन्न हुआ। अंतिम दिन अनुष्ठान व महाभंडरा में पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि धार्मिक अनुष्ठान से वातावरण शुद्ध हो जाता है। महाभंडारा में शामिल बसपा नेता सह वरिष्ठ समाजसेवी अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह ने कहा कि धर्म के मर्म को समझाते हुए बुराई का त्याग करें और अच्छी चीजों को आत्मसात करें। महाभंडारा में विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, समाजसेवी ओम प्रकाश गुप्ता उर्फ गुड्डू गुप्ता, शंकर केशरी, भाजपा नेता बबन राम आदि उपस्थित थे।**

## नकल के लिए 20 दिनों से अंचल कार्यालय का चक्कर लगा रहा रैयत



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** जिले के हरिहरगंज अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार सिर चढ़ कर बोल रहा है। उक्त बातें कौआखोह, पिरोजी निवासी सामाजिक कार्यकर्ता सह किसान ललन सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि यहां अधिकारी ही वहीं चपरासी भी खुद को अफसर समझ रहे हैं। वहीं गुरुवार को हरिहरगंज नगर क्षेत्र के अररुआ खुर्द निवासी दिनेश पासवान ने ब्लॉक के समक्ष बताया कि नगर क्षेत्र के पाठक बीघा मौजे अंतर्गत खाता नंबर 31, खेसरा नंबर 86/अ, रकवा 0.35 एकड़ हरिहरगंज केस नंबर 198889, बंदोबस्धारी नागदेव दुसाध पिता स्व. घुरा दुसाध के नाम से जमीन का कागजात का नकल लेने के लिए वे 15-20 दिनों से चक्कर काट रहे हैं। आवेदन देने के बावजूद उन्हें नकल अब तक नहीं मिला है। उन्होंने बताया कि हद तब हो गई जब अंचल के प्रधान सहायक संतोष कुमार ठाकुर ने दोपहर बाद कार्यालय के चपरासी के पास उन्हें रिकार्ड रूम का चाभी लेने के लिए भेजा और चपरासी ने चाभी देने से इनकार कर दिया। कहा कि जाकर कह दो नहीं मिले या सोए हुए हैं। नकल के संबंध में सीओ बांसुदेव राय से पूछे जाने पर तत्काल प्रधान सहायक को फोन कर नकल देने की बात कही। इस पर प्रधान सहायक ने टालते हुए रैयत दिनेश पासवान को चार दिनों का समय मांगा है।

### बॉउंड्रीवाल के विरोध में धरना दे रहे ग्रामीणों के बीच पहुंचे प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष

# जमीन लौटायें ढुल्लू महतो, नहीं तो ग्रामीणों के साथ सड़क पर उतरेंगे कांग्रेसी: जलेश्वर

आजाद सिपाही संवाददाता



ग्रामीणों के धरना मंच से संबोधित करते जलेश्वर महतो।

**कतरास।** बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो ने ग्रामीणों की जमीन नहीं लौटाई तो कांग्रेस कार्यकर्ता गांव वालों के साथ मिल कर सड़क पर उतर कर आंदोलन करने को बाध्य होंगें। क्योंकि कांग्रेसी अब ढुल्लू महतो को गुंडागर्दी और मनमानी नहीं करने देंगें। उक्त बातें प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो ने कही। वे गुरुवार को बाघमारा अंचल कार्यालय के समक्ष दरीदा एवं मुराइडीह मौजा में निर्मित विवादास्पद बाउंड्रीवाल के खिलाफ ग्रामीणों की ओर से दिए जा रहे अनिश्चितकालीन धरना को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मैंने जीवन भर गरीब मजदूर वर्ग के लिए काम किया और करता रहूंगा। विधायक ढुल्लू महतों ग्रामीणों के आने-जाने के रास्ते व जमीन पर जबरन बाउंड्रीवाल बनाकर रास्ता रोक दिए हैं। इससे परेशान होकर ग्रामीण धरने पर बैठे है। अगर सीओ कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर सकते तो केवल जो उस जमीन की कई बार नापी हुई है उसी की सही रिपोर्ट बनाकर जिला प्रशासन को सौंप दें। आगे हम लोग समझ लेंगे। उन्होंने ग्रामीणों से अनुरोध किया कि जिस-जिस आदिवासी परिवार व अन्य लोग की जमीन उस बाउंड्रीवाल के अंदर गई है उसकी एक सूची जमीन के कागजात के साथ उन्हें सौंप दें, ताकि वो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को उसे दिखा सकें कि राज्य में लोग किस प्रकार गरीब-मजदूर आदिवासियों की जमीन जबरन हड़प रहे है। उन्होंने कहा कि उस बाउंड्रीवाल के अंदर सरकारी बोर्ड लगा था की इस जमीन की खरीद-बिक्री कानूनन अपराध है। बावजूद इसके पांच-छह सरकारी बोर्ड को ढुल्लू महतो ने उखाड़ कर फेंक दिया और प्रशासन ने कुछ भी नहीं किया। इस मौके पर बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष बलराम महतो, रविंद्र पांडेय, रणधीर सिंह, अमित महतो, राहुल महतो, बासु रवानी, विकास सिंह, रंजीत पांडेय, रोहित वाही, कुंदन भुइया, अजय महतो, विशाल महतो, मंटू चौहान, संतोष रजवार, देवानंद महतो आदि उपस्थित थे।

## जीवन में सकारात्मक सोच रखना आवश्यक: रामाशंकर

**डीएवी सेक्टर-6 में 11वीं के विद्यार्थियों का शुरु हुआ नया सत्र**



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर-6 में नव नामांकित 11वीं के छात्र-छात्राओं का नया सत्र प्रारंभ हुआ। हवन यज्ञ के साथ उन्हें आगे की पढ़ाई के लिए प्रेरित किया गया। विद्यालय के धर्म शिक्षक रामाशंकर शास्त्री ने हवन यज्ञ विधिवत ढंग से संपन्न करवाया। प्राचार्य बृजमोहन लाल दास ने सभी छात्र-छात्राओं से कहा कि मेहनत करने वाले अवश्य ही सफलता की सीढ़ी चढ़ते हैं। अनुशासन के साथ पठन-पाठन में अपनी पूर्ण तन्मयता के साथ ध्यान केंद्रित करें, सफलता अवश्य मिलेगी। जीवन में सकारात्मक सोच रखना आवश्यक है। हवन यज्ञ में विद्यालय के शिक्षक एवं विद्यार्थीगण शामिल थे।


### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, जलपथ प्रमंडल, हजारीबाग

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा का प्रसंग– **WRD/WWDivision,Hazaribag/IFB-01/2023-24**

दिनांक 21–06–2023

| क्रमांक | कार्य का नाम | हिरू जलाशय के डैम में पाईपिंग का मरम्मति कार्य । |
|---|---|---|
| 1 | निविदा की राशि | रूपये 1,14,02,370.52 (एक करोड चौदह लाख दो हजार तीन सौ सत्तर एवं पैसे बावन) मात्र। |
| 2 | परिमाण विपत्र का मूल्य | रूपये 10,000.00 (रूपये दस हजार) मात्र । (अप्रत्यर्पणीय राशि) |
| 3 | अग्रधन की राशि | रूपये 2,30,000.00 (रूपये दो लाख तीस हजार) मात्र |
| 4 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 12 (बारह) माह |
| 5 | निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि | 30–06–2023 (5:00 बजे अपराहन् तक) |
| 6 | परिमाण विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि आदि कागजात प्रमंडल में जमा करने की अंतिम तिथि | 01–07–2023 (कार्यालय अवधि में) |
| 7 | निविदा खोलने की तिथि | 03–07–2023 (2:00 बजे अपराहन्) |
| 8 | वेबसाईट पर निविदा अपलोड करने की तिथि | 22–06–2023 (11:00 बजे पूर्वाहन् से) |
| 9 | निविदा आमंत्रण करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, जलपथ प्रमंडल, हजारीबाग |
| 10 | निविदा से संबंधित जानकारी हेतु मोबाईल नं0 | 9608234736 / 9955912075 |
| 11 | ई–प्रोक्यूरमेंट सेल का हेल्पलाईन नं0 | 06546 – 298149 / 9955912075 |

नोट :–केवल ई–निविदा स्वीकृत होगा। प्राक्कलित राशि घट/बढ़ सकती है। अन्य सूचनाएँ वेबसाईट http:jharkhand tenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
जलपथ प्रमंड़ल, हजारीबाग

PR.NO.300559 Water Resource(23-24):D


### महत्वपूर्ण न्यूज

## लोयाबाद-मैथन थाने में नये थाना प्रभारी ने दिया योगदान



**चिरकुंडा/लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** मैथन ओपी और लोयाबाद थाने के नए थाना प्रभारी के रूप में गुरुवार को विकास यादव और राजन कुमार राम ने योगदान देते हुए पदभार ग्रहण किया। मैथन ओपी में नए प्रभारी ने पूर्व प्रभारी बालाजी राजहंस से चार्ज लिया। वहीं विकास यादव के मैथन ओपी पहुंचने पर पूर्व प्रभारी एवं कर्मियों द्वारा पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। श्री यादव 2018 बैच के पदाधिकारी हैं। वे लोयाबाद से स्थानांतरित होकर मैथन ओपी आए हैं। पत्रकारों से शिष्टाचार मुलाकात के दौरान कहा कि क्षेत्र की विधि व्यवस्था के संधारण के अलावे सक्रिय अपराधियों पर कड़ी नजर रखते हुए अपराध पर नियंत्रण उनकी प्राथमिकता है। वहीं, लोयाबाद थाने में भी नए थाना प्रभारी राजन कुमार राम ने पदभार ग्रहण किया। इसके पूर्व वे हरिहरपुर थाना में जेएसआई के पद पर थे। तत्कालीन थानेदार विकाश कुमार यादव ने पुष्प गुच्छ भेंट कर नए थानेदार का स्वागत किया। लोयाबाद थाना के पुलिस कर्मियों ने तत्कालीन थानेदार को विदाई दी। साथ ही नए थानेदार का स्वागत किया। इस अवसर पर थानेदार राजन कुमार राम ने कहा कि क्षेत्र में समन्वय बनाकर काम किया जाएगा। इसके लिए जनता का सहयोग अपेक्षित है। उन्होने कहा कि क्षेत्र में किसी भी कीमत पर आपराधिक गतिविधियां नहीं चलने दी जाएगी। इस मौके पर एसआई निरंजन महतो, एएसआई सीपी मेहता, सिंधु कुमारी, ब्रजेश कुमार आदि थे।

## करंट लगने से स्विच वोर्ड का ऑपरेटर घायल, ग्रामीणों ने किया जम कर हंगामा

**चतरोचट्टी (आजाद सिपाही)।** गोमिया प्रखंड के उग्रवाद प्रभावित बडकीचिदरी पंचायत के कढ़मा विद्युत स्टेशन में कार्यरत स्विच लाइन मैन 11 हजार वोल्ट के बिजली के तार की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। घटना गुरुवार सुबह की बताई जा रही है। वहां काम कर रहे सहयोगियों की मदद से उसे ईलाज के लिए हजारीबाग जिला के विष्णुगढ़ ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार कराकर बोकारो बीजीएच रेफर कर दिया गया है। उधर, घटना की जानकारी मिलते ही भारी संख्या में ग्रामीण विद्युत सब स्टेशन पहुंचे और जमकर हंगामा किया। ग्रामीणों ने सब स्टेशन के गेट पर ताला जड़ दिया है। जानकारी के मुताबिक कामेश्वर महतो कढ़मा सब स्टेशन में स्विच बोर्ड ऑपरेटर है। सुबह वह सब स्टेशन से शट डाउन लेकर कढ़मा गांव में ट्रांसफार्मर ठीक कर रहा था। इसी बीच सब स्टेशन से बिजली लाइन चालू कर दिया गया। स्विच ऑन होते ही ट्रांसफार्मर पर चढ़कर काम कर रहे कामेश्वर महतो बुरी तरह से झुलस गया। इधर, जैसे ही स्वजनों और ग्रामीणों को घटना की जानकारी मिली वे तुरंत विद्युत सब स्टेशन पहुंचे और हंगामा करते हुए सब स्टेशन में ताला जड़ दिया। बड़की चिदरी पंचायत के पंसस सरयू रविदास, पूर्व मुखिया टुकन महतो, निर्मल रविदास, ओमप्रकाश महतो, जयनंदन साव, महेश महतो, राजेश कुमार, उमेश, लखन, भुनेश्वर, महेश महतो सहित सैकड़ों ग्रामीणो ने घायल का ईलाज और मुआवजे की मांग को लेकर धरने पर बैठे हैं।

## विधायक ने किया झरिया-जोड़ापोखर थाने के नये भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनसार।** झरिया व जोड़ापोखर थानों के नए दो मंजिला भवन के निर्माण कार्य का शिलान्यास गुरुवार को झरिया विधायक पूर्णिमा सिंह ने किया। पुराने जमाने में बने दोनों थानों का अब नया मॉडल भवन होगा। झरिया थाना भवन के निर्माण पर दो करोड़ 75 लाख और जोड़ापोखर थाना का निर्माण दो करोड़ 80 लाख रुपये की लागत से होगा। विधायक पूर्णिमा सिंह ने कहा कि झरिया विधानसभा क्षेत्र में पड़ने वाले दोनों थानों के लिए नया भवन बनाने को लेकर वह खुद प्रयासरत थीं, ताकि पुलिस को बेहतर सुविधाएं मिल सके। विधानसभा में भी यह मुद्दा उठाया था। इसके बाद टेंडर प्रक्रिया शुरू हुई। विधायक ने बताया कि दोनों थानों का नए दो मंजिला भवन में एक हॉल, थाना प्रभारी का एसी रूम, सिरिस्ता, वेटिंग हॉल, महिला व पुरुष के लिए अलग-अलग हाजत व जवानों के रहने के लिए कमरे बनेगें। थाना के चारों ओर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के अन्य थानों को भी मॉडल बनाया जाएगा, क्योंकि बेहतर पुलिसिंग के लिए पुलिसकर्मियों को बेहतर सुविधाएं भी मिलनी चाहिए। इस मौके पर झरीया थानेदार संतोष कुमार सिंह, भगत सिंह, मृणाल कांत सिंह, रामकृष्ण पाठक, रामजी सिंह, प्रीतम रवानी, सत्यनारायण भोजगढिया, पारस यादव, मनौवर गद्दी, शेख सुल्तान, रवि रवानी आदि उपस्थित थे।

## आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण को लेकर बीडीओ से मिले जिप सदस्य

**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** जिला परिषद संख्या 28 के जिप सदस्य बादल चंद्र बाउरी ने गुरुवार को बीडीओ से मुलाकात कर एग्यारकुंड दक्षिण पंचायत अंतर्गत पाथरचाली स्थित अर्ध निर्मित आंगनबाड़ी केंद्र को पूर्ण करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2017/18 में इसका निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ था। उस वक्त के तत्कालीन निवर्तमान मुखिया लक्की देवी थी, पर यह दुर्भाग्य है की आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण अभी तक पूरा नहीं हो सका। सामुदायिक भवन के पास एक कुआं भी है। ग्रामीणों ने जब शिकायत किया तो मैंने अर्धनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र की पूर्ण निर्माण की मांग बीडीओ से की है।

## कोर्ट के आदेश पर दोबारा मिली नियुक्ति

**बीसीसीएल प्रबंधन ने समय से सात वर्ष पहले ही कर दिया था सेवानिवृत, बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बनाई हाजिरी**

**धनसार (आजाद सिपाही)।** बस्ताकोला कोलियरी में बिजली मिस्त्री के पद पर कार्यरत राजेंद्र पासवान को विभागीय लापरवाही के कारण उनके रिटायरमेंट से सात वर्ष पहले ही अगस्त 2020 में नौकरी से रिटायर कर दिया गया था। बीसीसीएल प्रबंधन के खिलाफ राजेंद्र पासवान ने रांची हाई कोर्ट अपील करते हुए न्याय की मांग की थी। करीब 28 महीने के जद्दोजहद के बाद कोर्ट ने राजेंद्र पासवान के पक्ष में फैसला सुनाते हुए बीसीसीएल प्रबंधन को तत्काल नियुक्ति देने का आदेश दिया। कोर्ट के आदेश के बाद राजेंद्र पासवान को दोबारा बस्ताकोला कोलियरी में नियुक्ति मिल गयी। वहीं, हाजिरी बनाने के पूर्व राजेंद्र दर्जनों लोगों के साथ अंबेडकर चौक पहुंचे और बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया।


### कार्यालय समेकित जनजाति विकास अभिकरण, गुमला

**अति अल्पकालीन निविदा**

गुमला जिलान्तर्गत कल्याण विभागीय आवासीय विद्यालयों में रिक्त पद के विरूद्ध चतुर्थवर्गीय कर्मियों (रसोईया, झाड़ुदार, अनुसेवक, रात्रि प्रहरी) की बिल्कुल अस्थायी तौर पर बाह्य श्रोत से सेवा प्राप्ति हेतु Registered Service Provider Agency से निम्न शर्त्तो के साथ दिनांक 3.07.2023 (सोमवार) के पूर्वाह्न 12.00 बजे तक मुहर बंद निविदा आमंत्रित किया जाता है। प्राप्त निविदा का निष्पादन दिनांक 03.07.2023 (सोमवार) को अपराह्न 03.00 बजे P.D. ITDA, गुमला के कार्यालय कक्ष में किया जायेगा। जिसमें निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते है।

**आवेदन भेजने का पता– जिला कल्याण कार्यालय, गुमला। पिन कोड– 835207**

1-Service Provider Agency का झारखण्ड में Registered होना आवश्यक है, एवं इससे संबंधित कागजात आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2-Service Provider Agency को एक शपथ पत्र देना होगा कि उनका फर्म काली सूची में सूचीबद्ध नहीं है।
3-Service Provider Agency को Outsourcing के क्षेत्र में कार्य का अनुभव की सूचना देनी होगी।|
4-Service Provider Agency से एकरारनामा किया जाएगा। एकरारनामा की शर्त्तों के विचलन की स्थिति में या असंतोषप्रद कार्य की स्थिति में बिना किसी पूर्व सूचना के एकरारनामा रद्द की जा सकती है। यह व्यवस्था पूर्णतः वैकल्पिक एवं अस्थायी है, इस पर भविष्य में किसी भी स्थायीकरण अथवा अन्य प्रकार का दावा स्वीकार्य नहीं होगा।
5. जमानत राशि के रुप में 2,00,000/– (दो लाख रुपये) मात्र "जिला कल्याण पदाधिकारी, गुमला" के नाम से बैंक ड्राफ्ट देना होगा। एकरारनामा की शर्तो के उल्लंघन की स्थिति में जमानत राशि जब्त कर ली जाएगी।
6. विगत तीन वित्तीय वर्ष का ITR देना होगा।
7. कर्मियों को दिये जाने वाले मासिक मानदेय की राशि का निर्धारण श्रम विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा अनुमोदित दर के अनुरूप किया जाएगा।
8. एजेंसी द्वारा कर्मियों के चयन में आरक्षण नियमों का पालन किया जाएगा तथा आदिम जनजाति, अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति को प्राथमिकता दी जाएगी।
9. रसोईया, झाड़ूदार, आदेशपाल एवं रात्रि प्रहरी के लिए योग्यता 10वीं पास होगी।
10.जिस प्रखण्ड में विद्यालय संचालित है, चयनित कर्मी उसी प्रखण्ड के होंगे।
11.सेवा अवधि में चयनित कर्मी के स्तर पर कार्य के प्रति लापरवाही या उदासीनता परिलक्षित होने पर चयनित कर्मी की सेवा नहीं ली जाएगी।
12.मानदेय राशि का भुगतान वित्त विभाग द्वारा निर्गत परिपत्र के आलोक में आवंटन की उपलब्धता पर किया जाएगा। आवंटन की प्राप्ति में विलंब होने तक बाह्य श्रोत के कर्मियों का भुगतान एजेंसी द्वारा जारी रखना होगा।
13.किसी भी निविदा को बिना कारण बताये रद्द करने या अस्वीकृत करने का अधिकार P.D. ITDA, गुमला को सुरक्षित रहेगा।
14.उक्त विज्ञापन को समेकित जनजाति विकास अभिकरण (आई0टी0डी0ए0) कार्यालय, गुमला के सूचनापट्टा अथवा गुमला जिला के **वेबसाईट** gumla.nic.in में देखा जा सकता है।

जिला कल्याण पदाधिकारी,
गुमला

PR 300593 (Welfare)23-24*D


### आजसू के 37वें स्थापना दिवस को संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया

# झारखंडी जनभावना को जन-जन तक पहुंचाने का लें संकल्प : सचिन महतो

आजाद सिपाही संवाददाता



आजसू का 37वां स्थापना दिवस मनाते बोकारो के पार्टी कार्यकर्ता।

**बोकारो।** आजसू के 37वें स्थापना दिवस को पूरे झारखंड के सभी विधानसभा क्षेत्र में गुरुवार को कार्यकर्ताओं ने संकल्प दिवस के रूप में मनाया। इस बाबत बोकारो विधानसभा में भी कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से चास के दीपांजलि विवाह मंडप में पार्टी का स्थापना दिवस मनाया। इस दौरान स्थापना काल में भगवान बिरसा मुंडा और शहीद निर्मल महतो को पुष्प अर्पित करने के साथ ही केक काट कर एक-दूसरे को खिलाते हुए खुशियां मनाई गई और बधाई दी गयी। स्थापना दिवस को संकल्प दिवस के रूप में मनाते हुए पार्टी के जिला अध्यक्ष सचिन महतो ने कहा कि यह आजसू के लिए गौरव का पल है। सभी कार्यकर्ता झारखंडी जनभावना- झारखंडी मुद्दों और जनभावना को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लें। कहा कि पार्टी ने बहुत उतार चढ़ाव देखे है। पार्टी के अलग झारखंड राज्य गठन से पहले और गठन के बाद तक संघर्ष और त्याग का एक इतिहास रहा है, जो हर एक कार्यकर्ता की भूमिका तय करती है। उन्होंने कहा कि 37 वर्ष पूर्व जिस झारखंडी विरासत को एक विचारधारा में तब्दील करने को लेकर आजसू की नीव रखी गई थी उसी विचारधारा को सुरक्षित रखना परम कर्तव्य है। इसलिए कार्यकर्ता इसका संकल्प लें कि पार्टी के नीति सिद्धांतो के आगे बढ़ाने और जनता के झारखंडी विकास की सोच के अनुरूप जनता के बीच विश्वास बढ़ाना है। राज्य में एक कुशल नेतृत्व और राज्य के जनभावनाओं के साथ संघर्ष करने का संकल्प लेकर आगे बढ़ना है। इस मौके पर अश्वनी महतो, मनोज यादव, अनिल झा आदि उपस्थित थे।


### झारखण्ड सरकार, श्रम, नियोजन, एवं प्रशिक्षण विभाग
जिला नियोजनालय, गढ़वा

**दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार योजनान्तर्गत मिनी रोजगार मेला-जून-2023**

**सूचना**

राज्य के बेरोजगार युवाओं/युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजित कराने के उद्देश्य से निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण झारखण्ड, राँची के तत्वाधान में जिला नियोजनालय,गढ़वा द्वारा दिनांक–26.06.2023 को पूर्वाह्न 10.30 बजे से 4.00 अपराहन् तक जिला नियोजनालय, गढ़वा के परिसर में "दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार योजनान्तर्गत मिनी रोजगार मेला– 2023" आयोजित किया जा रहा है।

रोजगार मेला में निम्नांकित प्रमुख निजी नियोजकों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है :–

| SL. No. | Name and Add. Of the Employer | Name of the Post | No. Of Vacancy | Qualification: Essential | Qualification: Desirable | Experience | Age | Salary Remarks | Job Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 01 | Kismati Collage of Nursing Meral. Garhwa | Clerk | 04 (F) | 12th Pass | Computer | 2 yr | 18-25 yr | 6000-8000/- | Garhwa, Jharkhand |
| | | Tutor | 2(F) | B.Sc. Nursing | - | 2yr | 22-35 yr | 12000/- | |
| 02 | Vananchal Institute of Health Edu. & Research / Vananchal School of Nursing / Vanachal Collage Of Science Dinesh College of Education / Vananchal Dental Collage and Hospital Devki Mahaveer Homoeopathic Medical College & Research Hospital, Farathiya Garhwa. | | | | | | | | |
| | | Lecturer | 88 | M.A/ Ph.d/MBBS/ MD/MS etc. Concerned Subject | - | - | Upto 65 yr | As Per Norms. | Garhwa, Jharkhand |
| | | HOD | 01 | PG in Soci. | M.Ed | 5yr | Upto 65 yr | As Per Norms. | |
| | | Professor And Reader | 49 | M.A/ Ph.d/MBBS/ MD/MS etc. Concerned Subject | - | 4yr | Upto 65 yr | As Per Norms. | |
| | | Principal and Vice Principal | 02 | B.sc/M.sc. etc. Concerned Subject | - | 3-5 yr | Upto 65 yr | As Per Norms. | |
| | | Tutor | 10 | B.sc/M.sc./Nursing /Diploma etc. Concerned Subject | - | 2yr | Upto 65 yr | As Per Norms. | |
| | | Clerk Cum Computer Operator | 09 | Graduation | Computer | - | Upto 60 yr | As Per Norms. | |
| | | Store Keeper | 01 | Graduation | Computer | - | Upto 45 yr | As Per Norms. | |
| | | Electrician | 03 | ITI (Elect.) | - | - | Upto 45 yr | As Per Norms. | |
| | | Plumber | 02 | Matric | - | - | Upto 60 yr | As Per Norms. | |
| | | Gardener | 02 | Matric | - | - | Upto 45 yr | As Per Norms. | |
| | | Cook Male/Female | 04 | Matric | - | - | Upto 45 yr | As Per Norms. | |
| | | Hostel Warden | 02 | Graduation | - | - | Upto 45 yr | As Per Norms. | |
| | | Care Taker | 01 | Graduate | - | - | Upto 45 | As Per Norms. | |
| | | Guard Male/Female | 03 | Matric | - | - | Upto 45 yr | As Per Norms. | |
| 03 | Fusion Micro Finance Pvt. Ltd. Garhwa | RO | 04 | 12th pass | - | - | 18-30yr | 11900/- | Garhwa, Jharkhand |
| | | SRO | 04 | 12th Pass | - | - | 18-30yr | 12200/- | |
| 04 | Nirmala Job Employment agency Patna. Bihar | Branch Manager | 05 | Graduate | - | 1yr | 18-35 yr | 15000/- | Out of Jharkhand |
| | | Computer Operator | 20 | 12th Pass | Computer | - | 18-35yr | 9000/- | |
| | | IT Technician | 80 | 12th Pass | ITI | - | 18-35yr | 20000/- | |
| | | Security Guard | 40 | 10th Pass | - | - | 18-50yr | 15296/- | |
| | | Tele Caller | 40 | 12th Pass | - | - | 18-35yr | 9000/- | |
| | | Driver | 30 | 10th Pass | - | - | 18-40yr | 12000/- | |
| 05 | JYOTI HOSPITAL MERAL GARHWA | ANM Nurse | 02 | ANM | - | - | Up to 45yr | 8,000/- | Garhwa, Jharkhand |
| | | Staff Nurse | 02 | GNM | - | - | Up to 30yr | 9,000/- | |
| | | Guard | 01 | 10th pass | - | - | Up to 40yr | 7,000/- | |
| | | Sweeper | 01 | Non Metric | - | - | Up to 40 yr | 7,000/- | |
| 06 | IPS Group Mumbai. | Assistant Technician | 35 | ITI (Fitter,Welder, Electrician) | 10th Pass | 1Yr | 18-30 yr | 18000-22000/- | Out of Jharkhand |
| | | Quality Inspector | 75 | ITI (Fitter,Welder, Electrician) | 10th Pass | - | 18-30 yr | 15000-17000/- | |

मेला में भाग लेने वाले नियोजकों एवं उनसे प्राप्त रिक्तियों की विस्तृत विवरणी से संबंधित सूचना गढ़वा जिला के वेबसाईट – www.garhwa.nic.in पर उपलब्ध है।

मेला में भाग लेने के योग्य एवं ईच्छुक अभ्यर्थियों को झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना अनिवार्य है। यदि वे पूर्व में निबंधित न हो तो रोजगार मेला के पूर्व अपना निबंधन अपने स्थानीय नियोजनालय में निश्चित रूप से करा लें, या नियोजनालय के अधिकृत वेबसाईट–www.rojgar.jharkhand.gov.in पर जाकर स्वंय कर सकते हैं। रोजगार मेला के दिन कार्यालय में निबंधन का कार्य स्थगित रहेगा। साथ ही नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्र,स्थानीय निवास प्रमाण पत्र आदि अन्य प्रमाण पत्रों की छाया प्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी), दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ साक्षत्कार हेतु उपस्थित हों। रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है, इसलिए रिक्ति के शर्तों के लिए सीधे नियोजक उत्तरदायी है। विभाग एवं नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहे है। मेला में भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार का भत्ता देय नही होगा।

नोटः– सभी नियोक्ता झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों के नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022 अनुपालन करना सुनिश्चित करेंगें।

निवेदक
जिला नियोजन पदाधिकारी, गढ़वा

PR 300575 Labour Employment and Traning (23-24)_D

### बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य की बेटी बनेगी लड़का

# सुचेतना से नाम बदलकर बनीं सुचेतन कराना चाह रही है लिंग परिवर्तन

### कहा-मैं सामाजिक उत्पीड़न को रोकना चाहती हूं

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री व माकपा के कद्दावर नेता बुद्धदेव भट्टाचार्य की बेटी सुचेतना भट्टाचार्य अपना लिंग परिवर्तन कराकर पुरुष बनना चाहती हैं। इसके लिए वह कानूनी सलाह भी ले रही और जरूरी प्रमाणपत्र के लिए मनोचिकित्सक से भी संपर्क किया है। बतातें चलें कि सुचेतना के पिता यानी पूर्व मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य लंबे अर्से से बीमार चल रहे हैं। सुचेतना ने हाल ही में एक लैसबियन गे बायसेक्सुअल ट्रांसजेंडर क्वीर'एलजीबीटीक्यू' कार्यशाला में हिस्सा लिया था। उस कार्यशाला में शामिल एक प्रतिभागी ने इंटरनेट मीडिया पर सुचेतना के बारे में एक लंबा पोस्ट लिखा है। 'गौरब मास की कहानी' शीर्षक वाली पोस्ट की शुरूआत 'सुचेतना आज से हैं सुचेतन' लिखकर की गई है। वहीं पोस्ट में सुचेतना के पिता बुद्धदेव भट्टाचार्य लंबे समय से बीमार चल रहे हैं, मां मीरा भट्टाचार्य को पेसमेकर लगा है। इन बातों का भी उल्लेख किया गया है। **मैं सामजिक उत्पीड़न को रोकना चाहती हूं:**



**समाज में कुछ लोग सुचेतन के निर्णय से खुश**

दरअसल, समाज का एक वर्ग सुचेतना के इस निर्णय को 'साहसिक' बता रहा है। उनके मुताबिक, अगर सुचेतना जैसा कोई यह फैसला लेता है तो एलजीबीटीक्यू प्लस आंदोलन को काफी गति मिलेगा। सुचेतना खुद कहती हैं कि मैंने यह फैसला लिया है। इसलिए मैं इससे लड़ूंगा। मुझमें वह साहस है। किसने क्या कहा मुझे परवाह नहीं है। मैं सभी के सवालों का जवाब देने के लिए तैयार हूं। इसलिए उन्हें समाज का अटूट समर्थन मिलेगा।

**सुचेतना**

सुचेतना ने बुधवार को कहा कि मेरे माता-पिता की पहचान या परिवार की पहचान कोई बड़ी बात नहीं है। मैं यह कर रही हूं एलजीबीटीक्यू प्लस आंदोलन के रूप में मैं उस सामाजिक उत्पीड़न को रोकना चाहती हूं, जिसका एक ट्रांसमैन को हर दिन सामना करता पड़ता है। उन्होंने कहा कि मैं एक वयस्क हूं। मैं अब 41 प्लस हूं। इल लिए मैं अपने जीवन से जुड़े सभी फैसले खुद ले सकती हूं। मैं यह फैसला उसी तरह ले रही हूं। कृपया मेरे माता-पिता को इसमें न घसीटें। अब जो मन से खुद को पुरुष समझता है, वह भी पुरुष है। मेरे जैसा मैं खुद को मानसिक रूप से पुरुष मानती हूं। अब मैं चाहती हूं कि तन से भी पुरुष हो जाउं। इसीलिए वह मानती हैं कि उनके पिता उनके इस फैसले का समर्थन करेंगे।

**उन्होंने समाजिक रूप से जागरूक लोगों को कहा धन्यवाद**

**एलजीबीटीक्यू कार्यशाला में सुचेतन ने लिया था हिस्सा**

सुचेतना (हालांकि वह चाहती हैं कि अब हर कोई उन्हें 'सुचेतन' कहे) ने खुद कार्यशाला के बारे में लिखित बयान दिया था। जिसमें उन्होंने लिखा था कि 10 जून, 2023 को पीआरसी की 80वीं वर्षगांठ मनाने के लिए एलजीबीटीक्यू प्लस कम्युनिटी कार्यशाला के एक्शन टू हेल्थ में शामिल होकर मुझे बहुत गर्व और खुशी हो रही है। कार्यशाला में प्रत्येक चर्चा विषय विचारशील और प्रासंगिक है। उन्होंने आगे लिखा कि मैंने एलजीबीटीक्यू प्लस लोगों के अधिकारों और समस्याओं के बारे में बहुत कुछ सीखा, जिसने मेरे जैसे ट्रांसमैन को समृद्ध किया, मुझे प्रोत्साहन और आत्मविश्वास दिया। उन्होंने लिखा कि तथाकथित 'मुख्यधारा' के समाज की आंखों में धूल झोंकने, उपहास और नफरत के खिलाफ जिस तरह वे लड़ रहे हैं और आगे बढ़ रहे हैं, वह मेरे लिए बहुत शिक्षाप्रद है।

इस प्रयास के लिए पीआरसी के उद्यमियों का हार्दिक धन्यवाद। एलजीबीटीक्यू प्लस सर्कल के बाहर सामाजिक रूप से जागरूक लोगों को धन्यवाद, जो इस आंदोलन का हिस्सा हैं। सुचेतना ने अपने बयान के नीचे लिखा, 'सुचेतन भट्टाचार्य उर्फ सुचेतना भट्टाचार्य'।

### 5टी परियोजनाओं में बाहानगा हाइस्कूल का नवीनीकरण किया जायेगा

# मुख्यमंत्री ने 2.49 करोड़ रुपये मंजूर किये

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** बालेश्वर जिले के बाहानगा हाइस्कूल का 5टी परियोजनाओं में नवीनीकरण किया जायेगा। इसके लिए मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने दो करोड़ 49 लाख रुपये मंजूर किये हैं। यह धनराशि मुख्यमंत्री राहत कोष से मंजूर की गयी है।




गौरतलब है कि बीते दिन बाहानगा रेलवे स्टेशन पर हुए भीषण ट्रेन हादसे के बाद स्थानीय क्षेत्र के लोगों और बाहानगा हाइस्कूल के शिक्षकों और छात्रों ने स्वतः स्फूर्त होकर बचाव सेवा कार्य में हिस्सा लिए थे। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने बाहानगा हाइस्कूल को उनकी महान भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए 5टी कार्यक्रमों में शामिल करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री के निर्देश पर 5टी सचिव वीके पांडियन ने बाहानगा हाइस्कूल के छात्रों, शिक्षकों, जन प्रतिनिधियों, विद्यालय प्रबंधन समिति एवं जिलाधिकारी से भी विस्तृत चर्चा कर फीड बैक लिये थे।

## दक्षिण-पश्चिम मॉनसून ओड़िशा को छू चुका

आजाद सिपाही संवाददाता

**भूवनेश्वर।** दक्षिण-पश्चिम मॉनसून ने ओडिशा में दस्तक दी। दक्षिण-पश्चिम मानसून राज्य में आगे बढ़ चुका है। इस संबंध में क्षेत्रीय मौसम विभाग की ओर से जानकारी दी गयी है। दक्षिण-पश्चिम मॉनसून मालकानगिरी जिले के अधिकांश क्षेत्रों, कोरापुट और गजपति जिलों के कुछ क्षेत्रों तक पहुंच गया है। अगले दो दिनों के दौरान पूरे ओडिशा में आगे बढ़ने के लिए मौसम अनुकूल रहेगा। मानसून की शुरूआत से पहले राज्य के विभिन्न हिस्सों में भारी बारिश हुई। प्रदेश के कुछ जिलों में मानसून की बारिश देखने को मिली है। खुर्दा, कटक,अंगुल और पुरी में बारिश हो रही है। बताया गया है कि राजधानी भुवनेश्वर के विभिन्न हिस्सों में बारिश जारी है। कई घंटों तक लगातार बारिश से कई जगहों पर जनजीवन प्रभावित हुआ है। कई इलाके बारिश के पानी में डूबे हुए हैं। सड़क पर घुटने भर पानी बह रहा है ।

## सीएम ने आहार सोसाइटी के लिए 20 करोड़ की मंजूरी दी

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री श्री नवीन पटनायक ने राज्य के विभिन्न हिस्सों में आहार केंद्रों के प्रबंधन के लिए गठित राज्य स्तरीय आहार कमेटी को मुख्यमंत्री राहत कोष से 20 करोड़ रुपये मंजूर किये हैं। गौरतलब है कि 2015-16 से 2021-22 तक मुख्यमंत्री राहत कोष से आहार कार्यक्रम के लिए 228.76 करोड़ रुपये मंजूर किये गये हैं। यह बहुत ही लोकप्रिय कार्यक्रम है। गरीब लोग जो जरूरी



काम के लिए अस्पतालों, बस स्टेशनों और अन्य भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर जाते हैं, उन्हें सिर्फ 5 रुपये में पौष्टिक और स्वस्थ भोजन मिल पार रहा है।

## रथ यात्रा के मौके पर तीन लाख से अधिक भक्तों को मिला भोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** जिंदल स्टील एंड पावर की सामाजिक कल्याण शाखा जेएसपी फाउंडेशन ने पुरी में विश्व प्रसिद्ध जगन्नाथ रथ यात्रा के दौरान अपने मिशन जीरो हंगर कार्यक्रम के तहत अब तक 3 लाख से अधिक भक्तों को ताजा पका हुआ भोजन प्रदान किया है। इसके अध्यक्षा श्रीमती शालू जिंदल के मार्गदर्शन में फाउंडेशन ने भक्तों को ठंडा पेयजल और ग्लूकोज के पैकेट भी उपलब्ध कराया गया था। जिला प्रशासन के सहयोग से जेएसपी फाउंडेशन ने



19 जून नेत्रोत्सव के शुभ दिन पर अपनी सेवाएं शुरू कीं। पुरी में श्री गुंडिचा मंदिर के पास बस स्टैंड पर किए गए एक विशेष स्टॉल पर 100 स्वयंसेवकों की एक टीम भक्तों को भोजन परोस रही है। भक्तों को ताजा तैयार पारंपरिक ओडिशा भोजन परोसा जाता है, यह 29 जून सुनाबेश तक जारी रहेगा। जेएसपी फाउंडेशन के श्रीमती शालू जिंदल ने भगवान जगन्नाथ के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा, "हमारे लिए मानव सेवा ही ईश्वर सेवा है। हमें भक्तों की सेवा करने का अवसर देने के लिए हम भगवान जगन्नाथ के आभारी हैं। हमारे मिशन जीरो हंगर कार्यक्रम के हिस्से के रूप में, हम यथासंभव आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को भोजन उपलब्ध कराने का प्रयास कर रहे हैं। हमारा उद्देश्य है कि रथ यात्रा के इस उत्सव में भाग लेने के लिए कोई भी भूखा या प्यासा न जाये। रथ यात्रा के दिन, बड डांड में फाउंडेशन के तरफ से भक्तों के बीच 5000 ग्लूकोज पैकेट वितरित किए गए। विभिन्न फ्रंट लाइन के सरकारी अधिकारियों, कर्मचारियों और स्वयंसेवकों की सहायता के लिए जिला प्रशासन को 700 रेनकोट प्रदान किए गए। इसके अलावा, भक्तों के बीच पेयजल वितरित करने के लिए 1000 लीटर की क्षमता वाली दो ठंडे पेयजल वैन भी तैनात की गयीं। फाउंडेशन ने कहा कि ये सेवाएं सुना वेश तक जारी रहेंगी।

## अनुशासन बनाये रखने में भी सहायक है योग : हृदयेश्वर झा

- जिंदल स्टील एंड पावर ने मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर अंगुल।** जिंदल स्टील एंड पावर (जेएसपी) ने जिंदल नगर अंगुल में 9वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया। अंगुल स्थान के प्रमुख हृदयेश्वर झा ने मुख्य अतिथि के रूप में इस अवसर की शोभा बढ़ाई और अन्य विभागाध्यक्षों, कर्मचारियों और




उनके परिवार के सदस्यों के साथ सुबह के योग सत्र में भाग लिया। आयोजन के दौरान, जेएसपी के अंगुल स्थान के योग गुरु, स्वामी सत्यबिंदु सरस्वती ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला। स्वामीजी ने उन दैनिक योग अभ्यासियों के समर्पण की सराहना की, जो अपने व्यस्त पेशेवर कार्यक्रमों के बावजूद योग सत्रों में भाग लेने को प्राथमिकता देते हैं।

हृदयेश्वर झा ने कहा कि योग न केवल अच्छे स्वास्थ्य को बनाये रखने के लिए आवश्यक है, बल्कि हमारे जीवन में अनुशासन बनाये रखने में भी सहायक है। अपने ट्वीट में जेएसपी के अध्यक्ष नवीन जिंदल ने कहा कि योग स्वयं की, स्वयं के माध्यम से, स्वयं तक की यात्रा है। इस अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर, मैं योग के गहरे प्रभाव पर चिंतन करता हूं। इसकी शांति और लचीलेपन के उपहार ने न केवल निशानेबाजी और पोलो में मेरे शारीरिक प्रयासों में सुधार किया है बल्कि मेरे अस्तित्व के हर क्षेत्र को भी छुआ है। जेएसपी फाउंडेशन ने डीएवी सावित्री जिंदल स्कूल महितला में योग शिविर भी आयोजित किये।

## लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने पीएम मोदी की उपलब्धियां गिनायीं

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह के झंडा मैदान में आयोजित विशाल जनसभा को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने संबोधित किया। इस कार्यक्रम में धनवार विधानसभा क्षेत्र के गावा तीसरी, मालडा, पिहरा, धनवार आदि विभिन्न क्षेत्र के दर्जनों गांव से हजारों की संख्या में लोग कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने कहा कि आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में ब्रिटेन को पीछे छोड़ते हुए भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गयी है, जबकि 2014 में भारत की अर्थव्यवस्था 10वें पायदान पर थी। उन्होंने कहा कि पिछले 70 वर्ष के शासन के दौरान मात्र 74 एयरपोर्ट बने, तो




वहीं मोदी जी की सरकार के महज नौ वर्षों के दौरान 74 एयरपोर्ट बने। वहीं मोदी सरकार के नौ वर्षों के कार्यकाल के बारे में विस्तृत जानकारी दी। पीएम मोदी की उपलब्धियां गिनाते हुए उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत के तहत 50 करोड़ लोगों को पांच लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा दी गयी है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चार करोड़ लोगों को मकान दिये गये और घर की मालकिन महिलाएं बनीं।

### पश्चिम बंगाल पंचायत चुनाव : राज्य चुनाव आयोग ने केंद्र से मांगा और 800 कंपनी केंद्रीय बल

## पहले 22 कंपनी केंद्रीय बल की मांग की गयी थी

**हाइकोर्ट ने कहा था-इतने कम कंपनी केंद्रीय बल से काम नहीं चलेगा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** बार बार हाई कोर्ट से झटका खाने के बाद बंगाल में आगामी पंचायत चुनाव के लिए राज्य चुनाव आयोग ने गुरुवार को अंततः पत्र लिख कर गृह मंत्रालय से और 800 कंपनी केंद्रीय बल की मांग की। इससे पहले आयोग ने 22 कंपनी केंद्रीय बल की मांग की थी, जिसका विपक्षी दलों ने जोरदार विरोध किया था और कहा था कि इतने कम केंद्रीय बल में निष्पक्ष चुनाव मुमकिन नहीं है। इसके खिलाफ उन्होंने हाई कोर्ट का भी दरवाजा खटखटाया था। हाई कोर्ट ने कल राज्य चुनाव आयोग को फटकारते हुए कहा था कि वह गृह मंत्रालय से कम से कम 800 कंपनी केंद्रीय बल की मांग करे। इसके लिए कोर्ट ने 48 घंटे का समय दिया था। दूसरी ओर राज्य के नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने केंद्रीय बलों पर कलकत्ता उच्च न्यायालय के फैसले के संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट में कैविएट दायर की। हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की पीठ ने बुधवार को राज्य चुनाव आयोग को पंचायत चुनाव के लिए कम से कम 82,000 केंद्रीय बल के जवानों को तैनात करने का निर्देश दिया था। न्यायाधीश ने कहा कि यह संख्या 2013 के पंचायत चुनाव में तैनात केंद्रीय बलों की संख्या से कम नहीं होनी चाहिए। 2013 के पंचायत चुनाव के दौरान राज्य में 82 हजार केंद्रीय बल तैनात किए गए थे। भाजपा नेतृत्व का मानना है कि राज्य सरकार और राज्य चुनाव आयोग इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर कर सकते हैं। उस मामले में सुवेंदु ने कैविएट दाखिल की ताकि देश का सर्वोच्च न्यायालय राज्य या आयोग का बयान सुनने के बाद एकतरफा कोई आदेश न दे।




























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्यवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**